मंगलवार
27 फरवरी 2024

केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण

ट्रांसफर-पोस्टिंग में तेजस्वी यादव ने कमाए करोड़ें: मांझी 2

प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार को दी बड़ी सौगात

राज्य के 33 स्टेशनों का होगा कायाकल्प

- पीएम मोदी ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेलवे परियोजनाओं का किया शिलान्यास
- कार्यक्रम में बिहार से शामिल हुए सीएम नीतीश कुमार

एजेंसी/नई दिल्ली

बिहार के 33 रेलवे स्टेशनों का जल्द कायाकल्प होगा। सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पूर्व मध्य रेलवे क्षेत्र के तहत बिहार के 33 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास और 72 अन्य परियोजनाओं के निर्माण की आधारशिला रखी। पीएम मोदी ने 'अमृत भारत स्टेशन' योजना के तहत बिहार में रेलवे परियोजनाओं का शिलान्यास किया। पीएम मोदी के इस कार्यक्रम में राजधानी पटना से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा शामिल हुए। पूर्व मध्य रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'इस परियोजना का लक्ष्य पूरे देश में संपर्क, व्यापार और व्यवसाय को बढ़ाना है। योजना के तहत स्टेशनों को खरीदारी स्थल, जलपान स्थल, बच्चों के खेलने के लिए विशेष क्षेत्र आदि जैसी सुविधाओं के साथ पुनर्विकसित किया जाएगा।' उन्होंने कहा कि स्टेशनों पर एंट्री और एग्जिट के लिए अलग-अलग गेट होगा। साथ ही बहुमंजिला पार्किंग, लिफ्ट, एस्केलेटर, वेटिंग रूम भी बनाया जाएगा। इस योजना के तहत अकेले समस्तीपुर मंडल के नौ रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास किया जाएगा। ईसीआर अधिकारी ने बताया कि चौसा, लखीसराय, नवादा और दनियावां-बिहारशरीफ, पटना-डीडीयू, पटना-गया और फतुहा-इस्लामपुर मार्गों पर सड़क पुल, अंडरपास और सीमित ऊंचाई वाले ओवर ब्रिज बनाए जाएंगे। सबसे अधिक असुरक्षित माने जाने वाले पटना-गया मार्ग पर कम से कम छह सीमित ऊंचाई वाले ओवरब्रिज बनाए जाएंगे।

बिहार में इन 33 रेलवे स्टेशनों का होगा पुनर्विकास

बिहार में जिन 33 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास किया जाएगा, उनमें बरौनी, सीवान, मुंगेर, थावे, सबौर, अररिया, शिवनारायणपुर, दौरम मधेपुरा, डेहरी ऑन सोन, गुरारू, करहागोला रोड, चौसा, लहेरियासराय, बांका, सिमरी बख्तियारपुर, सुपौल, नवादा, रक्सौल, मोतीपुर, लक्खीसराय, मशरख, रफीगंज, मैरवा, पीरो, बिक्रमगंज, लाभा, जनकपुर रोड, चकिया, नबीनगर रोड, घोड़ासहन, सालमारी, एकमा और शाहपुर पटोरी शामिल हैं।

देशभर के 553 रेलवे स्टेशन किए जाएंगे विकसित

जम्मू-कश्मीर के कटरा शहर में माता वैष्णो देवी रेलवे स्टेशन को यात्रियों के लिए नई सुविधाएं शुरू करने के लिए 40 करोड़ रुपये की लागत से पुनर्विकसित किया जाएगा। यह कदम अमृत भारत स्टेशन योजना का हिस्सा है जिसके तहत प्रधानमंत्री मोदी ने 19,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से देशभर के 553 रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास की सोमवार को आधारशिला रखी। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, दशकों तक रेलवे को हमारे यहां की स्वार्थ भरी राजनीति का शिकार होना पड़ा लेकिन अब भारतीय रेलवे देशवासियों की यात्रा में आसानी कर रही है। जिस रेलवे के हमेशा घाटे में रहने का रोना रोया जाता था, आज वह रेलवे परिवर्तन के सबसे बड़े दौर से गुजर रही है। कहा कि देश में तेजी से काम हो रहा है।

मेरा संकल्प विकसित भारत की गारंटी है

मोदी ने कहा कि आपका सपना, आपकी मेहनत और मोदी का संकल्प विकसित भारत की गारंटी है। वंदे भारत जैसी सेमी हाईस्पीड ट्रेन के बारे में किसी सरकार ने नहीं सोचा। एक दशक पहले तक ट्रेन में स्वच्छता स्टेशन पर सफाई बड़ी बात मानी जाती थी। आज ये सब रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बन गए हैं।

रेलवे स्टेशन पर एयरपोर्ट जैसी सुविधा

मोदी ने कहा कि एयरपोर्ट जैसी आधुनिक सेवाएं सिर्फ पैसे वालों खाते में है। आज रेलवे स्टेशन पर एयरपोर्ट जैसी सुविधा गरीब लाभ ले सकता है। उन्होंने कहा कि दशकों तक रेलवे को स्वार्थ भरी राजनीति का शिकार होना पड़ा। आज रेलवे इज ऑफ ट्रैवलिंग का हिस्सा बन गई है। आज रेलवे बड़े परिवर्तन के दौर से गुजर रही है।

नहीं रहे पंकज उधास... खामोश हो गई वो मखमली आवाज

एजेंसी/मुंबई

मशहूर गजल गायक और पद्मश्री से सम्मानित पंकज उधास ने 73 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कह दिया। उन्हें पैंक्रियाज का कैंसर था। बीमारी के चलते पिछले 10 दिनों से वह अस्पताल में भर्ती थे। उन्हें चार महीने पहले ही इस बीमारी के बारे में पता चला था। उन्होंने एक से बढ़कर एक बेहतरीन गजलें गाईं। उनकी 'चिट्ठी आई है, आई है..', 'चांदी जैसा रंग है तेरा..', 'ना कजरे की धार, ना मोतियों की हार...' जैसी सुपरहिट गीतों ने दर्शकों के दिलों पर राज किया। पंकज उधास के निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शोक जाहिर किया है। उन्होंने लिखा- हम पंकज उधास जी के निधन पर शोक जाहिर करते हैं, जिनकी गायिकी कई तरह की भावनाओं को जाहिर करती थीं और जिनकी गजलें सीधे आत्मा से बात करती थीं, वह भारतीय संगीत के एक प्रकाश स्तंभ थे, उनके परिवार और फैंस के लिए संवेदनाएं. ओम शांति।

भावपूर्ण श्रद्धांजलि

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पंकज उधास के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि पंकज उधास ने गायकी के जरिए पूरी दुनिया में अपनी पहचान बनायी। उनकी आवाज लोगों के दिलों पर राज करती रहेगी। उनके निधन से भारतीय संगीत एवं फिल्म जगत को अपूरणीय क्षति हुई है।

1951 को जमींदार परिवार में हुआ था पंकज उधास का जन्म

गुजरात में राजकोट के जेतपुर में 17 मई 1951 को पंकज उधास का जन्म एक जमींदार परिवार में हुआ था। उनके पिता केशुभाई उधास एक सरकारी कर्मचारी थे। बाद में उनका परिवार मुंबई चला गया। उन्होंने राजकोट की संगीत नाट्य अकादमी में तबला बजाने की ट्रेनिंग ली थी। ग्वालियर घराने के गायक नवरंग नागपुरकर से भी गायकी सीखी थी।

संगीत की दुनिया में पहली कमाई: पंकज उधास को पहली बड़े स्टेज पर गाने का मौका भारत-चीन युद्ध के दौरान मिला था। उस दौरान उन्होंने स्टेज पर 'ऐ मेरे वतन के लोगों..' गाया था। उनकी आवाज ने समां बांध दिया था। इस गाने के लिए एक दर्शक ने उनको 51 रुपए का इनाम दिया था। संगीत की दुनिया में पंकज उधास की ये पहली कमाई थी।

चिट्ठी आई है' ने बेशुमार शोहरत हासिल की थी: फिल्म 'नाम' में गाया उनका गाया गाना 'चिट्ठी आई है' ने बेशुमार शोहरत हासिल की थी। 2019 में पंकज उधास ने बताया था कि इस गाने के वक्त क्या माहौल था। उन्होंने बताया जब ये गाना रिकॉर्ड किया जा रहा था तो उस दिन इत्तेफाक से लक्ष्मीकांत जी की पत्नी और मेरे दोनों बड़े भाई। फिल्म के लेखक सलीम खान साहब, ये सभी वहां पर मौजूद थे। जब गाना ओके हुआ तो मुझे बुलाया गया। जब गाना प्ले किया गया तो मुझे अहसास हुआ कि सबकी आंखें भरी हुई थीं। इस गाने ने लोगों को इस कदर इमोशनल किया कि इसे जो सुनता था उसकी आंखों में आंसू आ जाते थे। ऐसा ही कुछ बॉलीवुड लेजेंड, शोमैन राज कपूर के साथ भी हुआ था। ये गाना सुनने के बाद राज कपूर की आंखों में आंसू आ गए थे और उन्होंने तुरंत कह दिया था कि ये गाना बहुत बड़ा हिट होने वाला है।

झारखंड में कांग्रेस को बड़ा झटका बीजेपी में शामिल हुईं गीता कोड़ा

एजेंसी/रांची

लोकसभा चुनाव से पहले बीजेपी को बड़ा झटका लगा है। कांग्रेस सांसद गीता कोड़ा बीजेपी में शामिल हो गई हैं। गीता कोड़ा राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की पत्नी हैं। गीता कोड़ा पश्चिम सिंहभूम जिले के चाईबासा से सांसद हैं। लोकसभा चुनाव से पहले इसे बीजेपी का मास्टरस्ट्रोक माना जा रहा है। गीता कोड़ा ने बीजेपी के कार्यालय में बाबूलाल मरांडी के सामने पार्टी की सदस्यता ली। राज्य में कांग्रेस पार्टी द्वारा किए गए गठबंधन से खुश नहीं थीं। बीजेपी में शामिल होने से पहले उन्होंने अपना इस्तीफा पार्टी आलाकमान को भेज दिया था। माना जा रहा है कि लोकसभा चुनाव से पहले उनके बीजेपी में शामिल होने से पार्टी को नुकसान होगा। गीता गोड़ा 2009 से 2019 तक दो बार विधायक रह चुकी हैं। वो पहली बार सिंहभूम लोकसभा सीट से सांसद चुनी गईं। मधु कोड़ा सितंबर 2006 से अगस्त 2008 तक झारखंड के मुख्यमंत्री रहे थे।

कांग्रेस के कार्यक्रमों में शामिल हो रही थीं गीता कोड़ा: गीता कोड़ा रविवार तक कांग्रेस के कार्यक्रम में शामिल होती रही हैं। इस बीच उनके कांग्रेस छोड़ने और बीजेपी में शामिल होने की अटकलें लगाई जा रही थीं। पिछले दिनों कांग्रेस को झारखंड में विधायकों के असंतोष का भी सामना करना पड़ा था। पार्टी के 12 विधायक अपने खेमे के विधायकों को मंत्री नहीं बनाए जाने से नाराज थे। दरअसल 16 फरवरी को चंपई सोरेन ने कैबिनेट के विस्तार में कांग्रेस कोटे से उन्हीं 4 विधायकों को मंत्री बनाया गया था, जो इसके पहले की हेमंत सरकार में मंत्री थे। इसी बात से नाराज विधायक दिल्ली पहुंचे और हाईकमान से मुलाकात की।

कांग्रेस का वादा... सत्ता में आए तो अग्निपथ योजना को निरस्त कर पुरानी भर्ती प्रक्रिया को बहाल करेंगे

एजेंसी/नई दिल्ली

कांग्रेस ने सेना में भर्ती की नयी योजना अग्निपथ को युवाओं के साथ अन्याय करार देते हुए सोमवार को कहा कि अगर वह सत्ता में आती है तो इस योजना को निरस्त कर पुरानी भर्ती प्रक्रिया को बहाल करेगी। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखकर आग्रह किया कि उन करीब दो लाख नौजवानों के साथ न्याय किया जाए जिनका चयन सेना की नियमित सेवा में होने के बावजूद उनकी भर्ती नहीं की गई। उन्होंने दावा किया कि सरकार द्वारा इनकी भर्ती रोककर अग्निपथ योजना लाई गई जिसके कारण इन युवाओं को पीड़ा झेलनी पड़ रही है।

कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट ने संवाददाताओं से कहा, मोदी सरकार ने 14 जून, 2022 को अग्निपथ योजना की घोषणा की थी। सरकार का यह निर्णय एकतरफा था। इसमें कहा ये गया कि सेना में भर्ती अग्निपथ योजना के माध्यम से की जाएगी तथा सेना की औसत आयु को कम और सेना का आधुनिकीकरण करना है। जबकि मोदी सरकार ने इस योजना को पैसा बचाने के लिए शुरू किया। उन्होंने कहा, एक तरफ सरकार का कहना है कि हम रक्षा निर्यात से बहुत पैसा कमा रहे हैं, आत्मनिर्भर हुए हैं। ऐसे में अगर हम रक्षा क्षेत्र में इतने सक्षम हो रहे हैं, तो सरकार को हमारे सैनिकों के जीवन, उनके पेंशन और परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए काम करना चाहिए। पायलट का कहना था कि अग्निपथ योजना का कांग्रेस पार्टी ने शुरूआत से ही विरोध किया है, क्योंकि ये सेना के साथ खिलवाड़ है।

भारत में मुसलमान विरोधी हेट स्पीच में 62 फीसदी का इजाफा

एजेंसी/नई दिल्ली

भारत में साल 2023 के शुरूआती 6 महीनों की तुलना में दूसरी छमाही में मुसलमान विरोधी हेट स्पीच (नफरत वाले भाषण) में 62 फीसदी इजाफा हुआ है। यह खुलासा अमेरिका के वॉशिंगटन में इंडिया हेट लैब (आईएचएल) रिसर्च ग्रुप की रिपोर्ट के जरिए हुआ है। सोमवार को शोध समूह की ओर से बताया गया कि इजरायल और गाजा के बीच छिड़ी जंग ने आखिर के 3 महीनों में भारत में मुस्लिमों के खिलाफ होने वाले नफरती भाषण को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई। इंडिया हेट लैब ने पाया कि 2023 में देश में 668 हेट स्पीच दी गईं, जिनमें मुसलमानों को निशाना बनाया गया। इनमें 255 घटनाएं शुरूआती 6 महीनों में दर्ज हुईं, जबकि 413 घटनाएं दूसरी छमाही में। 75 फीसदी घटनाएं उन राज्यों में देखने को मिलीं, जहां भाजपा की सरकार है।

तेजस्वी जिस भी जिले में जा रहे हैं, वहां उन्हें लोगों का भरपूर साथ मिल रहा है: मनोज झा

केटी न्यूज/पटना

बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव जनविश्वास यात्रा पर हैं। तेजस्वी यादव इस दौरान सूबे के सभी जिलों में जा रहे हैं। अपनी यात्रा के दौरान तेजस्वी 17 महीने के महागठबंधन की सरकार में हुए कामों को गिना रहे हैं। साथ ही जनता से एक मौका भी मांग रहे हैं। राजद कोटे के राजसभा सांसद मनोज झा ने तेजस्वी यादव की यात्रा की सराहना करते हुए उन्हें बिहार का व्याकरण बदलने वाला बताया है। मनोज झा ने कहा कि तेजस्वी यादव के साथ वह जनविश्वास यात्रा पर 20 फरवरी से ही हैं। तेजस्वी जिस भी जिले में जा रहे हैं। वहां उन्हें लोगों का भरपूर साथ मिल रहा है। उन्होंने बताया कि तेजस्वी ने अब तक 22 जिलों को कवर कर चुके हैं। उन्होंने अपने पहले चरण की यात्रा में जनसभा को संबोधित किया। वहीं 3 मार्च को पटना में होने वाली रैली को देखते हुए दूसरे चरण में रोड शो करने का फैसला लिया गया है। मनोज झा ने कहा कि इस यात्रा में ना सिर्फ राजद के पारंपरिक वोटर्स का स्पोर्ट मिल रहा है बल्कि बड़े संख्या में महिला,युवा और बुजुर्गों का भी साथ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता को अब तेजस्वी यादव पर भरोसा है। वह जानते हैं कि राज्य में नौकरी, रोजगार, बेहतर शिक्षा मतलब तेजस्वी हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक मीडिया समूह के संवाद कार्यक्रम को किया संबोधित

मीडिया के सभी प्लेटफॉर्म का आधार सत्य होना चाहिए

केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ

समाज की भावनाओं को शासन तक पहुंचाने का मीडिया एक सशक्त माध्यम है। हमारी सरकार भी हर न्यूज को सुझाव के रूप में देखती है। न्यूज अगर सत्य है तो ऐसा हो ही नहीं सकता कि कोई संवेदनशील सरकार उसका संज्ञान ना ले। हमारी सरकार हर खबर का संज्ञान लेती है, बशर्ते वो कोई प्रोपगेंडा ना हो। साथ ही साथ मीडिया के द्वारा समाज के आमजन और प्रबुद्धजनों के विचारों को भी हम मार्गदर्शन के रूप में लेते हैं, ये हमारे लिए सुझाव का कार्य करता है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को एक मीडिया संस्थान द्वारा आयोजित संवाद कार्यक्रम के दौरान कही।

लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में अपने उद्बोधन में सीएम योगी ने कहा कि लोकतंत्र में सभी स्तंभों का अपना अपना महत्व है। मीडिया की भी अपनी सशक्त भूमिका है। इसके अलग अलग स्वरूप हो सकते हैं। प्रिंट, टीवी और

अब सोशल एवं डिजिटल मीडिया ने व्यवस्था को प्रभावित किया है। इन स्थितियों में प्रिंट की भूमिका को आज भी किसी भी स्थिति में कमतर करके नहीं आंका जा सकता। इन सभी माध्यमों के अपने अपने प्रशंसक हैं। बहुत से लोग आज भी पेपर पढ़े बिना मानते ही नहीं। तो बहुत से लोग स्मार्टफोन के जरिए डिजिटल मीडिया से जुड़ चुके हैं और वर्षों से टीवी नहीं खोला। मीडिया का प्लेटफॉर्म कोई भी हो, आधार केवल सत्य ही होना चाहिए।

यहां सबकुछ वही, बस हमने कार्य संस्कृति बदली है

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज ये वही प्रदेश है जहां युवा के हाथ में तमंचा नहीं टैबलेट है। सड़क पर रंगदारी नहीं मांगी जाती बल्कि स्ट्रीट वेंडर के लिए पीएम स्वनिधि की योजना है। अब यहां कर्फ्यू नहीं लगता, बल्कि धूम धड़ाके के साथ कांवड़ यात्रा निकाली जाती है। दंगे नहीं होते बल्कि खेलकूद की भावना से दंगल का आयोजन होता है। हमने जीडीपी और प्रतिव्यक्ति आय को दोगुना किया है। पहले उत्तर प्रदेश देश के विकास में ब्रेकर था, आज हम ब्रेक थ्रू के रूप में जाने जा रहे हैं। यहां सबकुछ वही है, बस हमने कार्य संस्कृति बदली है। यही वजह है कि यूपी आज हर क्षेत्र में मॉडल के रूप में देखा जा रहा है। पहले यहां उद्योग धंधे नहीं लगते थे और जो थे वो भी पलायन को मजबूर थे। मगर, हाल ही में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 के जरिए हमने 10 लाख 24 हजार करोड़ के निवेश को धरातल पर उतार दिया है।

पब्लिक की संतुष्टि ही राइजिंग यूपी, शाइनिंग यूपी का आधार: सीएम योगी ने कहा कि जिस प्रदेश की पहचान कभी गड्ढों से होती थी, आज वह एक्सप्रेसवे प्रदेश के रूप में जाना जाता है। देश के एक्सप्रेसवे का 40 फीसदी यूपी के पास है। इस साल के अंत तक गंगा एक्सप्रेसवे बनने के बाद देश के एक्सप्रेसवे का 55 प्रतिशत हिस्सा यूपी के पास हो जाएगा। पहले यूपी में केवल दो एयरपोर्ट क्रियाशील थे, आज 9 हैं और जल्द ही 10 नये एयरपोर्ट का उद्घाटन प्रधानमंत्री के करकमलों से होगा। यूपी के पास जितनी संभावनाएं हैं उतना किसी के पास नहीं है। केवल एमएसएमई से ही दो लाख करोड़ का एक्सपोर्ट हम कर रहे हैं। यहां हर तबके के लिए बिना भेदभाव के योजनाओं का संचालन हो रहा है। युवा, किसान, महिला, उद्यमियों, वृद्ध, दिव्यांगजन, निराश्रित महिला के लिए योजनाओं को मिशन मोड पर आगे बढ़ाया गया है। हमने तुष्टिकरण किसी का भी नहीं किया, केवल सर्व समाज की संतुष्टि का कार्य किया है। इसी का परिणाम हमारे सामने है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने नेता प्रतिपक्ष पर लगाए गंभीर आरोप, जताई नाराजगी

50-50 लाख लेकर ट्रांसफर-पोस्टिंग में तेजस्वी यादव ने कमाए रुपए: मांझी

♦ सरकार के पास लाखों एकड़ जमीन है, क्यों राजस्व विभाग होने के बावजूद भी तेजस्वी ने भूमिहीनों को नहीं दी जमीन

केटी न्यूज/पटना

बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने तेजस्वी यादव पर गंभीर आरोप लगाया है। मांझी ने कहा कि पिछली महागठबंधन की सरकार में तेजस्वी यादव ने ट्रांसफर-पोस्टिंग के नाम पर 50- 50 लाख रुपए लेकर हजारों करोड़ रुपए कमाए हैं। जीतन राम मांझी ने रविवार की शाम बोधगया में यह बातें कही। पूर्व सीएम ने कहा कि तेजस्वी बड़े पैमाने पर ट्रांसफर-पोस्टिंग का खेल करने जा रहे थे, लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ऐसा नहीं होने दिया। हालांकि, तेजस्वी ने हजारों करोड़ रुपए जरूर कमा लिए है। सीएम नीतीश की ओर से ट्रांसफर-पोस्टिंग का खेल नहीं होने देने से साबित होता है कि सरकार में मुख्यमंत्री का ही सबकुछ चलता है, ना कि किसी उपमुख्यमंत्री का। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव शिक्षक नियुक्ति मामले में जो ऊल-जलूल बातें करके वाह-वाही लूटना चाहते हैं, वह गलत है। उनकी बातों में मूर्ख लोग तो आ सकते हैं, पर जानकार लोग सिर्फ हंसते हैं। क्योंकि, उपमुख्यमंत्री का पद कोई संवैधानिक पद नहीं होता है।

तेजस्वी के विधानसभा से गायब रहने पर भड़के मांझी : पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते 45 साल से मैं विधानसभा में हूं, लेकिन यह पहली बार देख रहा हूं कि बजट सेशन को छोड़ कर बिहार के प्रतिपक्ष का नेता भाग गया हो। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव के पास राजस्व मंत्रालय भी था। क्यों नहीं उन्होंने उन भूमिहीनों को जमीन दिया, जिनके पास एक धुर भी जमीन नहीं है। सरकार के पास लाखों एक-ड़ जमीन है। मंत्रालय भी बदलेगा और मंत्री भी

बदले जाएंगे। जीतन राम मांझी ने कहा कि बजट सेशन के बाद मंत्रिमंडल का विस्तार हो जाएगा। आप देखेंगे कि मंत्रालय भी बदलेगा और मंत्री भी बदले जाएंगे।

मजदूर का बेटा मजदूर रह जाता है : गया के बोधगया में पूर्व सीएम जीतन राम मांझी ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि पूरे भारत में 100 से 150 ही जज हैं, जिनके बेटा, पोता जज हैं। जज का परिवार ही जज हो रहा है और मजदूर का बेटा मजदूर रह जाता है। लोग जय भीम से चिढ़ते हैं। महादलितों से डराकर वोट लिया जाता है कोई मांग भी नहीं उठा पाता है। आजादी के 78 साल हो गए है। 5 साल पर चुनाव का मौका मिलता है तो हमलोग आपस में बंट जाते हैं। उन्होंनें कहा कि भीम राव अंबेडकर की बातों को दुहराते है, लेकिन उसे अपने जीवन में नही उतारते हैं जब सरकार पुण्यतिथि या जन्मतिथि मनाती है तो इससे खुश नहीं है, क्योंकि लोग जय भीम से चिढ़ते हैं। आने वाले बच्चों पर उल्टा असर न पड़े उसके दिमाग पर सकारात्मक प्रभाव पड़े यह डर होता है। उन्होंने कहा कि छात्रावास में एससी और दलित मन में रोते है। वहां दुसाध, चमार को दूसरे जात के लोग नहीं समझते है। यादवों की संख्या से कम महादलितों की संख्या नहीं है, लेकिन महादलितों में एकता नहीं है। यादवों में ऐसे एकता है की शरद यादव भी कोई कार्यक्रम में होगा तो लालू यादव जिंदाबाद का नारा लगता है।

जीतन राम मांझी के बयान पर व्यक्त की प्रतिक्रिया

जीतन राम मांझी के बयान पर राष्ट्रीय जनता दल राजद प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि इनका बयान पूरी तरीके से हास्यास्पद है गलत है उन्होंने कहा कि यह जितना भी बयान दें तेजस्वी यादव के लिए यह आशीर्वाद ही होगा। जबकि कांग्रेस के प्रवक्ता आशित नाथ तिवारी ने कहा कि पहले तो जीतन राम मांझी को यह बताना चाहिए कि नीतीश कुमार ने उनको मुख्यमंत्री पद से क्यों हटाया? क्या उन्होंने भी गड़बड़ी की थी पहले इसका वह खुलासा करें। जबकि जदयू के प्रवक्ता अभिषेक झा ने मांझी के बयान का समर्थन करते हुए कहा कि जब-जब राष्ट्रीय जनता दल सत्ता में रही है तब तक मलाई खाए हैं और नीतीश कुमार को इस बात की जानकारी लगातार होती रही है और यही कारण है कि यह बात सामने आ रही है

जन विश्वास यात्रा अब 28 की जगह 29 को पूरी होगी

पटना। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव की जन विश्वास यात्रा के प्रति लोगों के जबरदस्त उत्साह और भागीदारी को देखते हुए पार्टी ने उनके पूर्व निर्धारित कार्यक्रम को संशोधित किया गया है। यह जानकारी पार्टी प्रवक्ता चितरंजन गगन ने दी है। गगन ने बताया कि इस यात्रा के शेड्यूल में एक दिन की और वृद्धि करते हुए अब यह यात्रा 28 फरवरी के बदले 29 फरवरी को पूरी होगी। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत तेजस्वी को 26 फरवरी को बांका में रात्रि विश्राम करना था। पर अब संशोधित कार्यक्रम के अनुसार वे 27 फरवरी को कटिहार से ही आगे की यात्रा शुरू करेंगे। 27 फरवरी को कटिहार, कोढ़ा, कुसेर्ला, नवगछिया, भागलपुर,रजौन, बांका, इंग्लिश मोड़, अमरपुर, असरगंज मोड़, संग्रामपुर मोड़, जमुई, लखीसराय,सूर्यगढा होते हुए रात्रि विश्राम मुंगेर में करेंगे। 28 फरवरी को मुंगेर से यात्रा प्रारंभ कर भगत सिंह चौक, श्रीकृष्ण सेतु , खगडिया बस स्टैंड, महेशखूंट, करुआ मोड़, पतरघट होते हुए मधेपुरा में रात्रि विश्राम करेंगे, जबकि 29 फरवरी को मधेपुरा से यात्रा की शुरूआत कर वैजनाथपुर, सहरसा, सिमरी बख्तियारपुर, सोनबरसा, मानसी, साहेबपुर कमाल, बलिया, बेगूसराय, बरौनी जीरो माइल, मोकामा, बाढ़, बख्तियारपुर, फतुहा होते हुए पटना वापस लौट जाएंगे। राजद प्रवक्ता ने बताया कि 20 फरवरी से यात्रा निकले नेता प्रतिपक्ष ने अबतक राज्य के 26 जिलों में 2100 किलोमीटर से ज्यादा की यात्रा पूरी कर चुके हैं।

सूबे में नियोजित शिक्षकों की सक्षमता परीक्षा शुरू बोले... नौकरी से निकालने की तैयारी में सरकार

♦ परीक्षा में कठिन प्रश्न पर छलका शिक्षकों का दर्द

केटी न्यूज/पटना

बिहार के नियोजित शिक्षकों के लिए सक्षमता परीक्षा शुरू हो चुकी है, लेकिन यह अब शिक्षकों के लिए परेशानी का सबब बनता जा रहा है। परीक्षा से पूर्व नियोजित शिक्षकों ने सक्षमता परीक्षा में शामिल होने से इन्कार किया था और विरोध किया था। लेकिन, बिहार सरकार ने सोमवार से अलग-अलग जिलों में साक्षमता परीक्षा की शुरूआत की। पहले दिन ही साक्षमता परीक्षा के सवाल देखकर शिक्षकों में काफी नाराजगी व्यक्त की। परीक्षा में आए सवाल को लेकर शिक्षक संघ ने अपना आक्रोश जताया और कहा कि मामूली परीक्षा बोलकर शिक्षकों को अपमानित किया जा रहा है।

आक्रोशित शिक्षकों ने कहा कि मामूली परीक्षा के नाम पर बीपीएससी और यूपीएससी लेवल का सवाल पूछा गया है। शिक्षक संघ ने आक्रोशित शिक्षकों के समर्थन में कहा कि यह बिहार के नियोजित शिक्षकों को नौकरी से निकलने की साजिश है। शिक्षक नेता ने नीतीश कुमार से मांग की और कहा कि शिक्षकों का शोषण बंद हो और उनका वाजिब हक बगैर किसी शर्त के दिया जाए।

इससे पहले राज्य के अलग-अलग जिलों के केंद्र पर हुई सक्षमता परीक्षा में भी शिक्षकों का आक्रोश देखने को मिला। दरअसल शिक्षकों को भी परीक्षा के पहले मैट्रिक और इंटर की परीक्षा देने वाले छात्रों की तरह चेक करके ही केंद्रो में प्रवेश दिलाया गया, साथ ही उनसे जूते-मौजे के साथ-साथ अन्य चीज भी खुलवा दी गई। महिला शिक्षकों ने कहा कि उन्हें परीक्षा से डर नहीं लगता है लेकिन स्थानांतरण को लेकर डर है। वहीं महिला शिक्षकों ने कहा कि इस बार परीक्षा से हम अपमानित महसूस कर रहे हैं, क्योंकि हमने पहले भी कई बार परीक्षाएं दी हैं और हमें बार-बार परीक्षा देने को कहा जाता है। मुजफ्फरपुर में सक्षमता परीक्षा देने आए नियोजित शिक्षकों ने कहा कि समझ में नहीं आ रहा है कि इन लोगों ने ऐसा क्यों किया। शिक्षकों ने कहा कि हम सभी लगातार शिक्षकों के हित में इस परीक्षा का विरोध कर रहे हैं।

सूबे में राजद की सभी यात्रा विफल होगी : श्रवण कुमार

केटी न्यूज/पटना

बिहार सरकार के मंत्री श्रवण कुमार रविवार को नालंदा जिले के नूरसराय पहुंचे। सरदार पटेल स्टेडियम में पूर्व से निर्धारित क्रिकेट टूनामेंट का उद्घाटन करने पहुंचे थे। इस दौरान मंत्री श्रवण कुमार ने भी बैट बॉल खेलकर इसका उद्घाटन किया। मैच को देखने के लिए काफी संख्या में लोग पहुंचे थे। वहीं, मंत्री ने एक बार फिर आरजेडी पार्टी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि किसी भी पॉलिटिकल पार्टी को यह अधिकार प्राप्त है कि वह जो यात्रा करनी चाहती है वो कर सकती है, लेकिन आरजेडी की सारी यात्रा फेल होते जा रही है। श्रवण कुमार ने कहा कि राजद की यात्रा का फेल होने का यह भी कारण है कि जब विधानसभा में सरकार बहुमत साबित करना चाहती थी उस समय कहा था कि खेला होगा, लेकिन उनसे खेला तो नहीं हुआ। मतलब एक यात्रा तो पहले ही बिगड़ गया अब जितनी भी यात्रा उनकी होगी सब विफल होगा। हम लोग काम में

विश्वास करते हैं और सुख-सुविधा बढ़ाने में विश्वास करते हैं। समस्या को हल करने में विश्वास करते हैं। आरजेडी विश्वास यात्रा कर ले या फिर आविश्वास यात्रा कर ले कोई फर्क पड़ने वाला नहीं है।

तेजस्वी यादव ने बीते दिन नालंदा में कहा था कि जेडीयू पार्टी को बीजेपी ने हाईजैक कर लिया है। इस पर जवाब देते हुए मंत्री ने कहा कि जेडीयू को कौन हाईजैक करेगा? जेडीयू कोई आज की पार्टी है नीतीश कुमार जिसके नेता हैं उसको कोई हाईजैक नहीं किया है और नहीं करेगा। उनका सिर्फ कमिटमेंट है कि बिहार की जनता को कैसे भलाई होगी और कैसे बिहार की जनता आगे बढ़ेगी।

लोस चुनाव को लेकर सीवान जेल से चार कुख्यात बदमाश हुए शिफ्ट

केटी न्यूज/पटना

2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में कुछ ही दिन बचे हैं। बहुत जल्द उम्मीद है कि इसकी घोषणा हो जाएगी। इसको देखते हुए बिहार में पुलिस की ओर से भी एक्शन शुरू हो गया है। सीवान पुलिस एक्टिव हो गई है। सोमवार को सीवान जेल से चार कुख्यात बदमाशों को भभुआ जेल में शिफ्ट किया गया है. इसमें से एक सीवान के पत्रकार राजदेव रंजन हत्याकांड में आरोपित है। चार कुख्यात बदमाशों में अजहरूद्दीन बेग उर्फ लड्डन मियां के अलावा नीतीश कुमार, दिलशाद साई और रूपेश तिवारी शामिल हैं। इन्हें भभुआ जेल में शिफ्ट किया गया है। बता दें कि 13 मई 2016 को पत्रकार राजदेव रंजन की हत्या में नामजद आरोपितों में अजहरुद्दीन बेग उर्फ लड्डन मियां शामिल है। वहीं नीतीश कुमार, दिलशाद साई और रूपेश तिवारी कई मामलों में जेल में बंद हैं।

वहीं इस मामले में जब सीवान के जेल अधीक्षक संजीव कुमार ने बताया कि चार बदमाशों को भभुआ जेल में शिफ्ट किया गया है। यह भी कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासनिक दृष्टिकोण से इन अपराधियों को भभुआ जेल भेजा गया है। बता दें कि दिलशाद साई पर रुपयों के लेनदेन के विवाद में नगर थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर में बीते वर्ष प्रॉपर्टी डीलर राकेश सिन्हा उर्फ सिक्कू लाला को गोली मारने का आरोप है। वहीं महादेवा ओपी थाना क्षेत्र के महादेवा मिशन कंपाउंड निवासी सह शुभम कंस्ट्रक्शन के डायरेक्टर अजय कुमार यादव से 20 लाख की रंगदारी की मांग की थी। इस मामले में दिलशाद साई अपने भाई बबलू साई के साथ फरार चल रहा था। इसके बाद पुलिस ने उसे 2022 में अगस्त में पचरुखी थाना क्षेत्र स्थित मांद्रपाली गांव से गिरफ्तार कर लिया। हालांकि उसका भाई बबलू साई बेल पर जेल से बाहर आ चुका है। वहीं दिसंबर 2023 में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जमसिकरी निवासी नीतीश कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था।

पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनियों ने लॉन्च की स्मार्ट मीटर से कमाई की नई स्कीम

बैंकों की तरह ब्याज देंगे बिहार में बिजली मीटर

केटी न्यूज/पटना

सूबे में अब आपके घर में लगा बिजली का इलेक्ट्रिक स्मार्ट मीटर आपको बैंक की तरह ब्याज देगा। ये ब्याज स्मार्ट मीटर में जमा पैसों पर मिलेगा। पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनियों ने इसको लेकर गाइडलाइन्स भी जारी कर दिया है। ये ब्याज स्मार्ट मीटर में एडवांस पैसा जमा करने पर मिलेगा। बड़ी बात ये है कि बिहार में बिजली डिस्ट्रीब्यूशन कंपनियां अब स्मार्ट मीटर में एडवांस पैसा जमा करने पर जो ब्याज देंगी, उसकी दरें किसी भी बैंक से ज्यादा होंगी। हालांकि इसमें सिर्फ एक मामूली सी शर्त है। आपको बिजली कंपनियों से ब्याज लेने के लिए अपने स्मार्ट मीटर को कम से कम 2 हजार रुपयों से रीचार्ज करना होगा। ये रीचार्ज एडवांस रीचार्ज होना चाहिए। कंपनी के मुताबिक जो भी कंज्यूमर 2 हजार रुपयों से ज्यादा का रीचार्ज करेगा, उसे ये फायदा मिलेगा। ब्याज की दरें भी बैंक की तरफ से दिए जाने वाले इंटरेस्ट से ज्यादा होंगी।

मीटर रिचार्ज तय करेगा ब्याज दर : नियम के

मुताबिक उपभोक्ताओं को मिलने वाला ब्याज दर उनके मीटर रिचार्ज तय करेगा। उपभोक्ता 2 हजार रुपयों से ज्यादा का रीचार्ज करेगा और कम से कम 3 महीने की बिजली खपत के बराबर अपने स्मार्ट मीटर को रीचार्ज करेगा तो उसे 6.75 फीसदी की दर से ब्याज मिलेगा। अगर कोई कंज्यूमर 3 से 6 महीने तक के लिए एक बार रीचार्ज करेगा तो उसे 7 फीसदी की दर से ब्याज दिया जाएगा। यही नहीं अगर कोई उपभोक्ता 6 महीने से ऊपर के हिसाब से बिजली मीटर को रीचार्ज करेगा तो उसे 7.25 फीसदी का ब्याज मिलेगा।

कंज्यूमर के साथ बिजली कंपनियों को भी फायदा होगा

राज्य ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने बिजली कंपनियों की इस योजना की तारीफ की। उन्होंने कहा कि इससे कंज्यूमर के साथ बिजली कंपनियों को भी फायदा होगा। बिजली मीटर से ब्याज की इस स्कीम से राजस्व संग्रहण में भी सहायता मिलेगी। वहीं एमडी संजीव हंस के मुताबिक बिहार में उपभोक्ताओं ने बिजली कंपनियों को स्मार्ट मीटर लगाने में बड़ी मदद की। इसलिए ये योजना उनके लिए एक तोहफे के जैसी है। संजीव हंस के मुताबिक बिहार देश में 28 लाख स्मार्ट प्रीपेड बिजली मीटर लगाकर आगे निकल चुका है। आपको बता दें कि इस योजना के अलावा स्मार्ट मीटर पर बैलेंस खत्म होने से पहले रीचार्ज कराने पर 2% और ऑनलाइन रीचार्ज करने पर 1% की स्पेशल छूट मिल रही है। ये छूट आगे भी मिलती रहेगी।

सड़क हादसे में 8 कलाकारों की मौत से सदमे में भोजपुरी सिनेमा जगत

- कैमूर जिला के देवकली के पास हुए भीषण हादसे में गायक कामेश्वर पांडेय उर्फ छोटू पांडेय, गीतकार सत्य प्रकाश मिश्र समेत अन्य की दर्दनाक मौत
- मृतकों में बक्सर जिले के छह कलाकार, चरित्रवन घाट पर किया गया अंतिम संस्कार

केटी न्यूज/बक्सर

रविवार की शाम कैमूर जिले के देवकली के पास हुए भीषण हादसें ने भोजपुरी सिनेमा जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। सोशल मीडिया से लेकर मृतकों के दरवाजे तक मातम पूर्सी करने वालों की भीड़ लगी है। वही इस भीषण हादसें में कुल नौ मृतकों में आठ भोजपुरी सिनेमा के चर्चित चेहरे है। इनमें छह बक्सर के विभिन्न गांवों के रहने वाले थे। मृतकों में भोजपुरी सिनेमा के अभिनेता व गायक कामेश्वर पांडेय उर्फ छोटू पांडेय तथा गीतकार सत्य प्रकाश मिश्र उर्फ बैरागी प्रमुख है। सोमवार को तड़के यह मनहूस खबर जैसे ही मिली छोटू के चाहने वालों में शोक की लहर दौड़ गई। सोशल मीडिया के विभिन्न साइटो पर रात से ही शोक संवेदनाओं का तांता लग गया था। सोमवार को उनका अंतिम संस्कार बक्सर के श्मशानघाट पर किया गया। उनके अंतिम यात्रा में उनके हजारों चाहने वाले शामिल रहे। इस घटना में जान गंवाने वाले छोटू पांडेय के भतीजा समेत उन्हीं के गांव के निवासी शशि पांडेय का भी दाह-संस्कार एक साथ किया गया। इस दौरान वहां मौजूद लोगों की आंखे नम हो गई थी।

अचानक रोड क्रॉस करता बाइक सवार आ गया सामने: बता दें कि छोटू पांडेय की पूरी टीम रविवार की देर शाम एक स्कार्पियों पर सवार होकर कैमूर के दुर्गावती में आयोजित एक तिलक समारोह में प्रोग्राम देने रविवार की देर शाम जा रहे थे। उनकी गाड़ी एनएच-02 के रास्ते मोहनिया थाना के देवकली गांव के समीप ज्योंही पहुंची रोड क्रास कर रहे एक बाइक सवार से टकरा गई और डिवाइडर को पार करते हुए कंटेनर की चपेट में आ गई। जिससे स्कार्पियो के परखच्चे उड़ गए। दुर्घटना इतना भयावह था कि मृतकों की शिनाख्त भी नहीं हो पा रही थी। मृतकों में

जिले के इटाढ़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत घेउरियां निवासी छोटू पांडेय, अन्नू पांडेय, शशि पांडेय व भोलू पांडेय के अलावा इटाढ़ी थाना क्षेत्र के ही पिथनी निवासी चंद्रदेव मिश्र का पुत्र एवं गीतकार सत्य प्रकाश मिश्र उर्फ बैरागी, मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के कम्हरियां निवासी सुभाष राय का पुत्र प्रकाश राय तथा कानपुर की नृत्यांगना सिमरन श्रीवास्तव व तिलक नगर मुंबई निवासी शिव कुमार तिवारी की पुत्री व अभिनेत्री आंचल शामिल है।

शव देखते ही फफक पड़ीं अभिनेत्री नीलू शंकर

छोटू पांडेय भोजपुरी सिनेमा जगत का चर्चित चेहरा थे। उनकी असामयिक मौत ने भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री को झकझोर दिया है। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उनके अंतिम संस्कार में मुंबई से भोजपुरी सिने अभिनेत्री नीलू शंकर मुंबई से पहुंची थी। वह पहुंचते ही शव देख फफक पड़ी। जिसे देख अन्य लोगों की आंखें भी नम हो गईं। इस क्रम में उनके साथ अपनी फिल्म की सूटिंग के दौरान गुजरे पल को याद कर रही थी। वहीं उनके साथ सबकर दुलरूआ हवन भोजपुरी सिनेमा के निर्माता तथा डुमरांव के चर्चित शिक्षा विद् डॉ. रमेश सिंह, इस सिनेमा में पंडित की भूमिका निभाने वाले पत्रकार रविशंकर श्रीवास्तव आदि भी उनकी मौत से मर्माहत दिखे। डॉ. रमेश सिंह ने उन्हें भोजपुरी सिनेमा का बड़ा कलाकार बताया और कहा कि उनके निधन से भोजपुरी सिनेमा जगत को क्षति पहुंची है, उसकी निकट भविष्य में भारपाई नहीं की जा सकती है।

एक नजर

केन्द्रीय मंत्री व एलएलसी से मिला शिक्षकों का शिष्टमंडल, गिनवाई समस्याएं

बक्सर। सोमवार को बक्सर सर्किट हाउस में सांसद अश्विनी कुमार चौबे एवं गया शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के एमएलसी जीवन कुमार के साथ शिक्षक एकता मंडल बक्सर का प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस दौरान शिक्षक प्रतिनिधियों ने अपनी चीर परिचित मांगो पर चर्चा की। शिक्षक प्रतिनिधियों ने सांसद एवं एमएलसी जीवन कुमार से सभी मांगो को विस्तार पूर्वक सभी बिंदुओं पर चर्चा किया गया एवं एवं नियोजित शिक्षकों के सभी समस्याओं का समाधान का आश्वाशन दिया गया। सांसद व एमएलसी के साथ परीक्षा और स्थानांतरण रूपी समस्या पर गहनता पूर्वक चर्चा की गई। जिसमें एमएलसी जीवन कुमार द्वारा कहा गया कि आप सभी विश्वास रखें कि किसी भी शर्त पर स्थानांतरण नहीं होगा। इसके अलावे एमएलसी ने विशिष्ट शिक्षक नियमावली 2023 में संशोधन करवाने का भरोस भी दिलवाया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार शिक्षकों की समस्याओं को लेकर गंभीर है एवं विगत जुलाई माह में शिक्षकों के समर्थन में विशाल आंदोलन किया गया था। जिसमें हमारे पार्टी के वरीय साथी ने शहादत देने का कार्य किया। उनकी शहादत को हमारी पार्टी बर्बाद नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की जायज मांगों को सरकार को मानना ही होगा। वार्ता के क्रम में सांसद द्वारा शिक्षक प्रतिनिधिमंडल से पूछा गया कि क्या आप लोगों को आयुष्मान भारत की सुविधा मिलती है, इस पर माननीय एमएलसी ने कहा कि किसी भी प्रकार की कोई स्वास्थ्य संबंधी सुविधा नहीं मिलती है। इस पर सांसद बहुत गंभीर हो गए और उन्होंने जीवन कुमार से कहा कि शिक्षक एवं उनके परिवार में स्वास्थ्य संबंधी किसी गंभीर बीमारी हो जाने पर निम्न कोटि के वेतन से इलाज करा पाना मुश्किल है। उन्होंने आयुष्मान भारत के तर्ज पर उनके परिवारों को जोड़ने का मांग सदन में उठाने के लिए एमएलसी जीवन कुमार को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जीवन में स्वास्थ्य समस्या बहुत गंभीर मामला है। इस पर भारत सरकार गंभीरता पूर्वक ध्यान दे रही है, इससे शिक्षक एवं उनके परिवार को जोड़ना अति आवश्यक है। प्रतिनिधिमंडल में शिवजी दुबे, उपेंद्र पाठक ,नवनीत कुमार, अनीता यादव, राहुल कुमार सिंह आदि अन्य शिक्षक प्रतिनिधि शामिल थे।

पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंपा गया बीएसएपी के मृत एएसआई का शव

डुमरांव। बीएसएपी के एएसआई के आत्महत्या मामले में पुलिस ने यूडी केस दर्ज कर लिया है। वही पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। स्थानीय पुलिस की पूछताछ में परिजनों ने किसी तरह के घरेलु विवाद या तनाव की स्थिति से इंकार किया है। ऐसे में जवान द्वारा आत्महत्या किये जाने की घटना पुलिस के लिए भी पहेली बन गई है। बता दें कि मूल रूप से सहरसा जिले के सोनवर्षा कचहरी थाना क्षेत्र के हरिपुर गांव निवासी व बीएसएपी में बतौर एएसआई तैनात स्व. तिलेश्वर प्रसाद के 58 वर्षीय पुत्र गोपाल प्रसाद ने रविवार को बीएसएपी फोर परिसर में ही फंदे से लटक आत्महत्या कर ली थी। इसकी जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव को कब्जे में ले अंत्यपरीक्षण के लिए बक्सर भेजा। वही प्रथम दृष्टया पुलिस को लगा था कि वह घरेलु तनाव या विवाद के कारण आत्महत्या किया होगा। लेकिन परिजनों ने डुमरांव थानाध्यक्ष अनिशा राणा के साथ बातचीत के दौरान ऐसी किसी बात से साफ इंकार किया है। वही एएसआई अपने जीवन का 58 वसंत पार कर चुका था, ऐसे में उसके इस कदम से कई सवाल खड़े हो रहे है। बीएसएपी फोर के लिए यह कोई पहली घटना नहीं थी। 26 जून 2022 को भी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे जवान और गया मुफस्सिल थाना क्षेत्र के खरवानियां गांव निवासी चंद्रशेखर प्रजापति के 24 वर्षीय पुत्र भोला प्रजापति का शव बैरक के बाथरूम में मिला था और आज तक उस घटना का उद्भेदन नहीं हुआ कि यह दूसरी घटना हुई। गौरतलब है कि भोला की मौत के बाद परिजनों ने इसे आत्महत्या मानने से इंकार कर दिया था। जबकि अभी तक इस मामले का खुलासा भी बीएसएपी प्रशासन द्वारा नहीं किया गया है।

खबरें फटाफट

युवती ने फांसी लगा की खुदकुशी, घर में मां-बेटी थी मौजूद

नावानगर। सोनवर्षा ओपी के ब्रह्मटोला गांव में एक युवती की फांसी लगा खुदकुशी करने का मामला प्रकाश में आया है। मृतका गांव के 22 वर्षीय पूजा कुमारी बताई जाती है। इधर इस घटना को लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चा है। बताया जाता है कि घर मे सिर्फ मां और बेटी ही मौजूद थी। जो रविवार की देर रात खाना खाने के बाद युवती अपने कमरे में चली गई। थोड़ी देर बाद उसकी मां ने कुछ काम के लिये उसका दरवाजा खटखटाया। पर युवती द्वारा दरवाजा नहीं खोला गया। इसके बाद युवती की मां को अनहोनी की अशंका हुई। उसने खिड़की से झांककर देखा तो युवती फंदे पर झूल रही थी। जिसके बाद युवती की मां ने इसकी सूचना पुलिस को दिया। आत्महत्या की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये बक्सर भेज दिया है। बताया जाता है, कि मृत युवती की शादी तय हो गई थी। इसकी पुष्टि करते हुए सोनवर्षा ओपीध्यक्ष निशा रानी ने बताया शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये बक्सर भेज दिया गया है। परिजनों द्वारा कोई आवेदन नहीं दिया गया है।

पंजाब से पूर्णिया पहुंचाई जा रही थी शराब की खेप, चालक गिरफ्तार

पशु आहार की आड़ में शराब तस्करी का भंडाफोड़, 50 लाख रु. की शराब बरामद

केटी न्यूज/बक्सर

बक्सर के वीर कुंवर सिंह सेतु पर उत्पाद विभाग की टीम ने एक बार फिर से शराब की एक बड़ी खेप पकड़ी है। उत्पाद विभाग की टीम ने पशु आहार के आड़ में पंजाब से बिहार के पूर्णियां पहुंचाई जा रही करीब 50 लाख रूपए मूल्य के शराब को बरामद करने के साथ ही ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया है। ट्रक से 700 कॉर्टन में लगभग 6246 लीटर शराब मिला है। जिसकी कीमत 50 लाख रुपये आंकी गई है। गिरफ्तार चालक की पहचान जम्मू काश्मीर के अनिल कुमार के रूप में की गई है। उससे आवश्यक पूछताछ के बाद पुलिस तस्करों के नेटवर्क को खंगालने में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह उत्पाद विभाग की टीम वीर कुंवर सिंह चेक पोस्ट पर शराब तस्करी के खिलाफ वाहन जांच अभियान चला रही थी। इसी दौरान यूपी की तरफ से एक ट्रक आती दिखाई दी। टीम ने जब उक्त ट्रक को रोकवा चालक से पूछताछ शुरू की तो उसने बताया कि ट्रक में पशु आहार लदा है। लेकिन, उसकी बातों से उत्पाद विभाग की टीम को शक हुआ। जिसके बाद टीम ने स्कैनर के सहारे ट्रक को स्कैन किया तो उसमें शराब की बोतले नजर आई। इसके बाद चालक को गिरफ्तार कर ट्रक का डाला खुलवाया गया, तो ट्रक के अंदर से शराब की पेटियां निकलने लगी। उत्पाद विभाग की मानें तो उक्त खेप को पंजाब से पूर्णियां पहुंचाया जाना था। लेकिन इसे बक्सर में ही पकड़ लिया। बता दें कि पिछले कुछ समय से उत्पाद विभाग की टीम ने अब तक करोड़ो रूपए के शराब को पकड़ तस्करों का कमर तोड़ दिया है।

क्या कहते हैं उत्पाद अधीक्षक: वाहन चेकिंग के दौरान वीर कुंवर सिंह सेतु एक ट्रक को रोक स्कैन किया गया तो उसमें पशु आहार की बोरियों के बीच छिपाकर रखी गई, शराब की पेटिया मिली। उक्त ट्रक से 700 पेटी शराब, जिसका कीमत लगभग 50 लाख रूपए है। ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। शराब तस्करी रोकने के लिए उत्पाद विभाग की टीम 24 घंटे मुश्तैद रहती है। यह उसी का परिणाम है। - **दिलीप कुमार, उत्पाद अधीक्षक, बक्सर**

कलेक्ट्रेट रोड दुगार्पूजा पंडाल में फायरिंग करने वाला लोडेड पिस्टल के साथ गिरफ्तार

बक्सर। बक्सर पुलिस ने पिछले दुगार्पूजा के दौरान कलेक्ट्रेट रोड स्थित पूजा पंडाल के पास फायरिंग करने वाले अपराधी को कंट्री मेड लोडेड पिस्टल के साथ गिरफ्तार कर लिया है। सोमवार को एसपी मनीष कुमार ने प्रेस वार्ता आयोजित कर इसकी जानकारी दी। गिरफ्तार अंकित यादव पिता अखिलेश सिंह मित्रलोक कॉलोनी का रहने वाला है। उसके पास से लोडेड पिस्टल के साथ दो कारतूस तथा एक मोबाईल फोन भी मिला है। एसपी ने बताया कि उसकी गिरफ्तारी रविवार की शाम गुप्त सूचना पर ज्योति चौक के पास से की गई है। उन्होंने बताया कि रविवार को गुप्त सूचना मिली थी कि ज्योति चौक के पास एक कुख्यात हथियार के साथ किसी घटना को अंजाम देने के फिराक में लगा है। इस सूचना पर एक टीम गठित कर उसे गिरफ्तार करने को भेजा गया। टीम ने उसे पलक झपकते ही गिरफ्तार कर लिया। उसकी गिरफ्तारी सदर एसडीपीओ धीरज कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने की है। उस पर आर्म्स ऐक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। एसपी ने बताया कि उक्त अपराधकर्मी ने दुर्गा पूजा पंडाल के बाहर फायरिंग करने के अलावे कई अन्य घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। उस पर नगर थाना में दो और मुफ्सिल थाने में दो तथा औद्योगिक थाना में एक समेत कुल पांच मामले दर्ज है। छापेमारी टीम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी धीरज कुमार, पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष नगर संजय कुमार सिन्हा के अलावा नगर थाना के सशस्त्र बल व डीआईयू की टीम शामिल रही।

ठोरी पांडेयपुर व खेवली मंदिर में चोरी करने वाला समेत समेत दो गिरफ्तार

केटी न्यूज/चौगाईं

पिछले दिनों मुरार थाना क्षेत्र के ठोरी पांडेयपुर व खेवली गांव के काली मंदिरों से चोरी गए एमप्लीफायर चुराने वाले चोर व उसे औने पौने दामों में खपाने वाले इलेक्ट्रॉनिक पाट्र्स बिक्रेता को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से दोनों मंदिरों से चोरी गए एमप्लीफायर के साथ ही कई अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण मिले है।

गिरफ्तार चोर नावानगर थाना क्षेत्र के मुकुंदडेरा गांव के स्व. चंद्रशेखर राजभर का पुत्र कृष्णा राजभर उर्फ सेठ तथा इलेक्ट्रॉनिक पाट्र्स विक्रेता सिकरौल के डॉक्टर कुम्हार का पुत्र भरत प्रसाद है। भरत कोरान सराय में भरत इलेक्ट्रॉनिक नाम से दुकान का संचालन करता है। वह चोरी के माल को औन पौने दामों में खरीदता था। मुरार थानाध्यक्ष कमलनयन पांडेय ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि एक सप्ताह पूर्व मंदिरों से एमप्लीफायरों की चोरी हुई थी। उन्होंने कहा कि चोर व दुकानदार दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। वही चोर की गिरफ्तारी की खबर से श्रद्धालुओं में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ गया है। गौरतलब है कि हाल के दिनों में अनुमंडल इलाके के मंदिरों में चोरी की घटनाएं बढ़ गई है। सूत्रों का कहना है कि नशे की लत को पूरा करने के लिए नशेड़ियों द्वारा मंदिरों को निशाना बनाया जा रहा है।

थाना में कबाड़ बन रहे जब्त किए गए सैकड़ों वाहन

केटी न्यूज/डुमरांव

राज्य में लागू शराबबंदी अधिनियम के बाद थानों में जब्त वाहनों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। डुमरांव थाना परिसर में भी कई मामलों में जब्त किये गये वाहन अब कबाड़ बन गये है। सैकड़ो ऐसे वाहन है जो वाहन मालिक के इंतजार में अब कबाड़ के लायक भी नही रह गये हैं। एक निश्चित समयसीमा के बाद ऐसे वाहनों को नीलाम करने का प्रावधान है लेकिन नीलाम नही होने की वजह से थाना परिसर ऐसे वाहनों से कबाड़खाने में तब्दील हो गया है। इन वाहनों की नीलामी नही होने से वाहनों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है।

दर्जनों ऐसे वाहन हैं जो करीब एक दशक से अधिक समय तक पड़े हैं। जब्त वाहनों में दोपहिया वाहनों की संख्या 250 से अधिक है। ट्रक और चार चक्के वाहन भी थाना परिसर में जगह घेरे हुए है, जिसमें अधिकांश वाहन जंग लगकर सड़ चुके

है। अधिकांश बाइक ऐसे है, जिसका अवैध सामानों की तस्करी में प्रयोग किया गया है। जानकारों की मानें तो जब्त वाहनों को छुड़ाने के लिए होने वाली लंबी प्रक्रिया से बचने के लिए लोग वाहनों को नही छुड़ाते है। ऐसे वाहनों की नीलामी करने में पुलिस महकमा भी उदासीन बना है। इस मामले में पुलिस के वरीय अधिकारी भी सटीक उत्तर देने में आनाकानी करते है। उनका कहना है कि नीलामी की प्रक्रिया करने के बाद ही वाहनों को थाना से हटाया जायेगा। नियमानुसार लावारिस अवस्था में बरामद या जब्त वाहनों की निस्तारण की प्रक्रिया काफी लंबी होती है। पहले तो पुलिस थाना स्तर पर इंतजार करती है कि वाहन मालिक आकर साक्ष्य प्रस्तुत करें और कागजी कार्रवाई के बाद अपना वाहन हासिल कर सकें। काफी इंतजार के बाद भी जब वाहन मालिक नहीं आता है तो न्यायिक प्रक्रिया शुरू की जाती है। इसमें काफी लंबा समय लगता है। पुलिस जब्त वाहन को अपने रिकॉर्ड में लेती है। उसके बाद कोर्ट में इसकी जानकारी दी जाती है। इस प्रक्रिया से गुजरने में वर्षों लग जाता है। वाहनों के रख-रखाव और समुचित व्यवस्था नही रहने से वह जंग के भेंट चढ़ जाता है।

इस संबंध में थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु डीएसपी अनीशा राणा ने बताया कि वाहनों की नीलामी प्रक्रिया जटिल नहीं है। इसको लेकर विभाग में लिखा जाता है। कुछ लावारिस वाहनों की संख्या भी शामिल है।



पीएम मोदी ने अमृत भारत योजना के तहत वर्चुअल उद्घाटन व शिलान्यास कर दी सौगात

बक्सर, चौसा और रघुनाथपुर रेलवे स्टेशन पर बढ़ेंगी यात्री सुविधाएं

केटी न्यूज/डुमरांव

अमृत भारत योजना के तहत जिले के चौसा, बक्सर और रघुनाथपुर रेलवे स्टेशनों को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बड़ी सौगात दी है। सोमवार को पीएम ने वर्चुअल उद्घाटन व शिलान्यास कर यात्रियों को सुविधा के साथ विकास की गति बढ़ाने का वादा किया। यात्री सुविधाओं के बढ़ोतरी होने से आम जनों में खुशी का माहौल है। इस दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री सह बक्सर सांसद अश्विनी कुमार चौबे चौसा और बक्सर स्थित इटाढ़ी में आयोजित कार्यक्रम में अपनी सहभागिता निभायी। उन्होंने कहा कि रेल सुविधाओं का विस्तारीकरण नये भारत के प्रगति का प्रतीक है। उन्होंने पीएम मोदी और रेल मंत्री का आभार जताया। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री ने कहा

कि इटाढ़ी रेलवे गुमटी पर फुटओवर के उद्घाटन से सैकड़ो गांवों के लोगों को जिला मुख्यालय आने में सहूलियत होगी। रघुनाथपुर में भी आरओबी का निर्माण होगा। इसके साथ ही रघुनाथपुर रेलवे स्टेशन पर रेल फाटक संख्या 59 ओवरब्रिज निर्माण का वर्चुअल शिलान्यास किया गया। चौसा रेलवे स्टेशन पर रेल यात्रियों के लिए आधुनिक सुविधाओं के साथ विकास में बढ़ोतरी होगी। इस योजना का लागत 76 करोड़ 20 लाख रुपये है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश के 554 रेलवे स्टेशनों के पुनः विकास और 1500 रोड ओवरब्रिज अंडर पास का शिलान्यास किया गया, जिसमें रघुनाथपुर भी शामिल है। इस कार्यक्रम के दौरान एमएलसी जीवन कुमार, लोकसभा संयोजक राजवंश सिहं, निर्भय राय, इंद्रदेव पाठक, नवीन राय, जयप्रकाश राय, धनंजय राय, सौरभ तिवारी, साबित रोहतासवी, संध्या पांडेय, रेखा देवी, आशानंद सिंह, सुनील सिंह, हिरामन पासवान, उमाशंकर राय, भाजपा जिलाध्यक्ष भोला सिंह, पूर्व विधायक दिलमणि देवी, संजय पांडेय, धीरेंद्र तिवारी, रेल यात्री कल्याण समिति डुमरांव के अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह, विंध्याचल शाही, अजय उपाध्याय आदि उपस्थित थे।

बक्सर को बनाया जा रहा है विश्व स्तरीय रेलवे स्टेशन

केन्द्रीय मंत्री सह बक्सर सांसद अश्विनी कुमार चौबे ने कहा कि बक्सर रेलवे स्टेशन को विश्व स्तरीय रेलवे स्टेशन बनाया जा रहा है। इस स्टेशन के नव निर्माण का काम लंबे समय से जारी है। आने वाले समय में इस स्टेशन को विश्व स्तरीय व मॉडल स्टेशन के रूप में विकसित कर लिया जाएगा। जबकि अमृत भारत योजना के तहत डुमरांव रेलवे स्टेशन का कायाकल्प भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले एक दशक में रेलवे का जितना विकास हुआ है उतना पहले कभी नहीं हुआ था।

शादी समारोह में जा रहे बाप-बेटे की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

केटी न्यूज/मखदुमपुर

गया पटना रेल खंड पर टेहटा स्टेशन के समीप ट्रेन के चपेट में आने से बाप बेटे की मौत हो गई। बताया जाता है कि श्रवण कुमार एवं उसका दो वर्षीय बेटा जैकी कुमार गया जिले के बाला बीघा गांव के रहनेवाले थे। जानकारी के अनुसार पिता पुत्र एक शादी समारोह में भाग लेने के लिए जा रहा था, तभी टेहटा स्टेशन के समीप वह रेलवे ट्रैक को पार करने के दौरान विपरीत दिशा से आ रही ट्रेन की चपेट में आ गए। इससे

श्रवण कुमार उम्र 28 वर्ष एवं जैकी कुमार उम्र दो वर्ष घटनास्थल पर ही पिता पुत्र की मौत हो गई। इस घटना की सूचना रेल थाने की पुलिस को दी गई मौके पर पुलिस पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया। रेल थाना अध्यक्ष डीएन यादव ने बताया कि ट्रेन के चपेट में आने से पिता पुत्र की मौत हुई है या दोनों व्यक्ति रेलवे ट्रैक ट्रैक पार कर रहा था तभी ट्रेन के चपेट में आ गया है। मृतक व्यक्ति कान में ब्लूटूथ भी लगाए हुए था। इस कारण ट्रेन की आवाज नहीं सुनाई पड़ा जिसके कारण घटना घट गई है। पुलिस अपने स्तर से मामले की जांच की जा रही है जांच के बाद ही घटना के बारे में स्पष्ट रूप से पता चल सकेगा। राहुल कुमार ने बताया कि शादी समारोह हो जाने के लिए घर से निकले थे हम लोगों को सूचना मिली कि ट्रेन के चपेट में आने से उनकी मौत हो गई है।

ठगी के बाद दिखाई सतर्कता तो लौटे डेढ़ लाख रुपए

औरंगाबाद। साइबर ठगी के बाद पीड़ित की सतर्कता से पुलिस ने उसके डेढ़ लाख रुपए दिलवाएं। साइबर ठगों ने ऑनलाइन फ्रॉड कर, खाते से 4 लाख 70 हजार रूपए उड़ा लिए थे। दरअसल मामले में पीड़ित ने शीघ्र ही पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई, तो साइबर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए खाते से निकाली गई राशि में से डेढ़ लाख रुपए लौटा दिए। रुपये वापस मिलने पर पीड़ित ने साइबर पुलिस के प्रति आभार जताया। मामला माली थाना क्षेत्र के सरिया गांव की है। उस गांव निवासी रॉबिन कुमार सिंह ने बताया कि बीते दिनों उनके खाते से ऑनलाइन फ्रॉड हुआ था जिसमें उन्होंने तत्काल सूचना साइबर पुलिस को दी जिसके आलोक में त्वरित कार्रवाई करते हुऐ पुलिस ने डेढ़ लाख रुपए की राशि वापस लौटाए। वहीं मामले में एसआई अशोक कुमार ने पीड़ित के 4 लाख 70 हजार रूपए में से डेढ़ लाख रुपए वापास लौटा दीए गए जबकि शेष राशि के लिए अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

एक नजर

नेर पेट्रोल पंप के सामने खड़े ट्रक में बाइक ने मारी टक्कर, एक की मौत, दो लोग घायल

जहानाबाद मखदुमपुर । सोमवार को पटना गया राष्ट्रीय मार्ग के नेर पेट्रोल पंप के समीप खड़े ट्रक में एक बाइक ने जोरदार टक्कर मार दिया ,जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए । मृतक हैरीडीह गांव निवासी संजय कुमार बताए जाते हैं वही घायलों में गया जिले के खनेटा गांव निवासी विकास चौधरी एवं गया जिले के कटरा गांव निवासी बृजेश चौधरी बताए जाते हैं जानकारी के अनुसार हैरीडीह गांव निवासी संजय अपने रिश्तेदार की बारात प्रखंड के बेला वीरा गांव गये थे ,जो सोमवार की सुबह बारात से लौट रहे थे ,तभी नेर गांव स्थित पेट्रोल पंप के समीप सीमेंट से लदा एक खड़े ट्रक में जोरदार टक्कर मार दी । घटना के बाद घायलों को इलाज के लिए रेफर अस्पताल मखदुमपुर लाया गया ,जहाँ चिकित्सक ने संजय को मृत घोषित कर दिया। वही घटना में घायल विकास चौधरी एवं बृजेश चौधरी को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर किया है इधर थानाध्यक्ष दिनेश बहादुर सिंह ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है एवं परिजनों को सौंप दिया है।

कृषि कार्य में विद्युत ऊर्जा की चोरी करते पकड़े गए दो लोग, लगाया गया जुर्माना

औरंगाबाद। विद्युत चोरी मामले में दो लोगों को पकड़ा गया हैं जिनके विरूद्ध 59660 रुपए जुमार्ना लगाया गया है। मामला मदनपुर थाना क्षेत्र की हैं। जहां दो अलग - अलग जगहों पर की गई जिसमें कुंवर बिगहा में छापेमारी के दौरान उस गांव निवासी अनुज पाल कृषी कार्य में विद्युत ऊर्जा की चोरी करते पकड़े गए जिन पर 19887 रुपए जुमार्ना लगाया गया। इसके अलावा पहरचापी गांव में छापेमारी की गई जिसमें उस गांव निवासी सीताराम यादव कृषि कार्य में विद्युत ऊर्जा की चोरी करते पकड़े गए जिनके विरूद्ध 39773 रुपए जुमार्ना लगाया गया है। यह कार्रवाई विद्युत सहायक अभियंता शिवरतन लाल एवं कनीय विधुत अभियंता राकेश कुमार राम ने बताया कि पकड़े गए दोनों व्यक्ति के विरुद्ध मामला दर्ज करवाया गया है, जुमार्ना भुगतान न करने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएंगी। उन्होने बताया कि शिविर लगा कर निःशुल्क किसानों को कृषि कार्य के लिए कनेक्शन दिए जा रहे हैं। वाबजूद किसान लोग कनेक्शन नहीं ले पाए हैं। जब जांच किया जाता है तो लोग बिना कनेक्शन लिऐ विद्युत उर्जा का उपयोग करते पकड़े जाते हैं। मामले में कनीय विधुत अभियंता राकेश कुमार राम ने लोगों से अपील की है कि विधुत कनेक्शन लेकर ही विधुत उर्जा का उपयोग करें। पकड़े जाने पर अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएंगी।

खेत से तिलहन की फसल काटने के विवाद में तीन दोस्तों को पीटा, हालत गंभीर

आरा। भोजपुर के बहोरनपुर ओपी क्षेत्र के दामोदरपुर मौजा अंतर्गत यूपी एवं भोजपुर के सीमावर्ती इलाके में सरसो काटने के विवाद में तीन दोस्तों की पिटाई कर दी गई। जिससे तीनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जानकारी के अनुसार जख्मियों में बहोरनपुर ओपी अंतर्गत दामोदरपुर गांव निवासी उमेश राय, बिरेंद्र राय एवं सुरंजन तिवारी शामिल है। तीनों दोस्त है। इधर, उमेश राय ने बताया कि रविवार की शाम वह दामोदरपुर मौजा स्थित अपने खेत से सरसो काट रहे थे। तभी दूसरे पक्ष के लोग वहां आ गए और कहने लगे कि यह खेत तुम्हारा नहीं है। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच नोकझोंक हुई। जिसके बाद दूसरे पक्ष द्वारा तीनों की लाठी-डंडों से जमकर पिटाई कर दी गई। जिससे तीनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

खबरें फटाफट

नाराज होमगार्ड अभ्यर्थियों ने किया बैठक, मांग पुरी न होने पर करेगें आंदोलन

औरंगाबाद। बीते 15 वर्षों से सरकार एवं विभाग का दंश झेल रहे होमगार्ड के सफल अभ्यर्थी ने दाउदनगर स्थित एक निजी मैरेज हॉल में बैठक किया और अपनी मांगों के प्रति एकजुट होकर आवाज बुलंद किया। बैठक की अध्यक्षता पूनम कुमारी यादव ने किया जिसमें ज़िले के विभिन्न प्रखंडों से अभ्यर्थियों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि एक तरफ बीते दिनों तत्कालीन सरकार ने पटना में नियुक्ति पत्र बाटे जबकि दूसरी तरफ बहाली प्रक्रिया से पूर्ण जिले के सभी सफल होमगार्ड अभ्यर्थी नियुक्ति की मांग को लेकर संघर्ष कर रहे है। मुख्य अतिथि शोषण से संग्राम संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश कुमार अपने अभिभाषण में बिहार सरकार को चेतावनी के प्रति रोष व्यक्त किया है। साथ ही कहा कि 23 मार्च 2024 तक बिहार सरकार ने अभ्यर्थियों को नियुक्ति नहीं कराई तो सड़क पर उतर कर उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। उन्होंने कहा कि हमलोग नियुक्ति की आशा में घर पर बैठे है जिससे घर की माली हालात लगातार खराब होती जा रही है। मांग पूरी न होने पर औरंगाबाद से लेकर पटना तक हमलोग आंदोलन करेगें। हमारी मांग को लगातार अनसुना किया जा रहा है।

अचानक गिरी पेड़ कई दुकानें क्षतिग्रस्त

जहानाबाद। जहानाबाद सदर अस्पताल में निर्माण का कार्य चल रहा है। अस्पताल परिसर में कई पेड़ लगे हुए हैं। ठेकेदार द्वारा मिस्त्री को बुलाकर पेड़ काटने की प्रक्रिया चल रही थी। तभी अचानक पेड़ अस्पताल में बगल की दुकान पर गिर गया। जिसके कारण कई दुकान क्षतिग्रस्त हो गए। इस घटना से आसपास के दुकानदार आक्रोशित हो गए और पेड़ काटने वाले व्यक्ति को पकड़ लिया और मौके पर ही जमकर पिटाई कर दी। किसी तरह के आसपास के लोगों ने लोगों के आक्रोशित लोगों के चंगुल से उसे छुड़ाया लिया।

गुप्त सूचना पर जगदीशपुर थाना क्षेत्र के कौंरा गांव के पास से शनिवार की रात

लूट सहित कई कांडों में 25 हजार का इनामी अपराधी कस्टडी से फरार, गिरफ्तार

- भोजपुर के टॉपटेन अपराधियों में शामिल था गिरफ्तार कुख्यात नीतीश, पुलिस को दो बार दे चुका है चकमा
- जगदीशपुर और नगर थाने में दर्ज पांच मामलों में था इनामी अपराध कर्मी की तलाश

केटी न्यूज/आरा

भोजपुर की जगदीशपुर अनुमंडल की पुलिस द्वारा लूट सहित कई कांडों में वांछित इनामी अपराधी को गिरफ्तार किया गया है। उसे शनिवार की रात जगदीशपुर थाना क्षेत्र के कौंरा गांव स्थित हाइवे के समीप से पकड़ा गया है। गिरफ्तार अपराध कर्मी उदवंतनगर थाना क्षेत्र के डिहरी मोहताब गांव निवासी शंकर यादव का पुत्र नीतीश कुमार है। वह भोजपुर के टॉप टेन अपराधियों में शामिल था और उसके खिलाफ 25 हजार का इनाम भी घोषित था। शनिवार की रात वह किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में जगदीशपुर इलाके में घूम रहा था। एसपी प्रमोद कुमार यादव द्वारा रविवार को प्रेस कांफ्रेंस कर यह जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि शनिवार रात करीब दस बजे सूचना मिली थी 25 हजार का इनामी और जिले का

टॉप टेन अपराधी नीतीश कुमार जगदीशपुर थाना क्षेत्र के कौंरा गांव के पास हाइवे की ओर देखा गया है। वह किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। उस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए उसकी गिरफ्तारी को लेकर एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गयी। टीम की ओर से छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। टीम में इंस्पेक्टर विगाऊ? राम जगदीशपुर थानाध्यक्ष, दारोगा जयंत प्रकाश और डीआईयू के अफसर एवं जवान शामिल थे।

पूर्व में पुलिस की कस्टडी से दो बार भाग चुका है नीतीश

उदवंतनगर थाने के डिहरी मोहताब गांव निवासी नीतीश कुमार कुख्यात अपराध कर्मी है। उसका मुख्य काम लूटपाट करना है। खासकर जगदीश पुर इलाके में घटनाओं को अंजाम देता है। उसके खिलाफ जगदीशपुर थाने में लूट के तीन मामले दर्ज हैं। वह पूर्व में पुलिस की कस्टडी से दो बार भाग चुका है। एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि एक बार गिरफ्तारी के बाद थाने से भाग निकला था। उसके बाद कोर्ट कैंपस से पुलिस गाड़ी से कूद कर भाग गया था। उसकी गिरफ्तारी से जगदीशपुर इलाके में लूट की घटनाओं पर अंकुश लगाने में सफलता मिलेगी।

पूजा कर घर लौट रहे बुजुर्ग की बाइक की ठोकर से मौत

आरा। भोजपुर के सिकरहटा थाना क्षेत्र के सिकरहटा खुर्द गांव के समीप रविवार की रात बाइक की ठोकर से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। इलाज के लिए पटना ले जाने के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी आलम रहा। जानकारी के अनुसार मृतक सिकरहटा थाना क्षेत्र के सिकरहटा खुर्द गांव निवासी स्व. धर्मदेव चौबे के 61 वर्षीय पुत्र चंद्रमा चौबे हैं। वह पेशे से किसान थे। इधर, मृतक के छोटे भाई लक्ष्मण चौबे ने बताया कि वे प्रतिदिन नोनाडीह बसरा गांव स्थित मंदिर में सुबह-शाम पूजा करने के लिए जाते थे। रविवार की शाम भी वह नोनाडीह बरसा गांव स्थित मंदिर में पूजा करने के लिए गए थे। पूजा करके जब वे घर वापस लौट रहे थे। उसी दौरान गांव के समीप ही अज्ञात बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों की सूचना पर परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल ले आए। जहां से उन्हें चिंताजनक हालत में पटना रेफर कर दिया। परिजन पहले उन्हें शहर के निजी अस्पताल ले गए। वहां से भी उन्हें रेफर कर दिया गया। पटना ले जाने के दौरान उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

पंखे से लटका महिला का शव बरामद, हत्या का आरोप

- पुलिस ने शव का सदर अस्पताल में कराया पोस्टमार्टम

केटी न्यूज/आरा

भोजपुर के नारायणपुर थाना क्षेत्र के पकड़ी टोला मड़नपुर गांव में रविवार की रात घर में एक महिला का शव पंखे की कुंडी से लटका हुआ मिला।। शव के मिलते ही गांव एवं आसपास के इलाके में सनसनी मच गई। वहीं मृतका के मायकेवालों द्वारा अवैध संबंध को लेकर उसके पति व ससुराल वालों पर गले में फांसी लगाकर हत्या करने का आरोप लगाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार मृतका का नारायणपुर थाना क्षेत्र के पकड़ी टोला मड़नपुर गांव निवासी धर्मेश राम की 28 वर्षीया पत्नी पुतुल कुमारी उर्फ ज्योति कुमारी है। इधर, गड़हनी थाना क्षेत्र के नहसी गांव निवासी व मृतका के चचेरे चाचा चंद्रमा राम ने बताया कि वर्ष 2015 के मई माह में पुतूल की

फाईल फोटो

शादी पकड़ी टोला मड़नपुर गांव निवासी राजेंद्र राम के पुत्र धर्मेश राम के साथ हुई थी। शादी के बाद सब कुछ ठीक चल रहा था। उसे दो बच्चे भी हुए। लेकिन इस बीच उसके पति धर्मेश राम का मधुर संबंध एक अन्य महिला से हो गया। जिसे वह करीब ढाई माह पूर्व घर ले आया। जिसका विरोध पुतुल करती थी, जिसको लेकर बराबर उनके बीच झगड़ा होता था। इसी बीच रविवार की देर शाम उसके ससुराल के स्थानीय ग्रामीण द्वारा उन्हें सूचना मिली की उनकी भतीजी की बेटी की मौत हो गई। सूचना पाकर वे उसके ससुराल पहुंचे। जहां उसका शव जमीन पर पडा था। उसके ससुराल के सभी लोग फरार हैं। इसके पश्चात उन्होंने इसकी सूचना नारायणपुर थाना को दी। सूचना पाकर नारायणपुर थाना इंचार्ज राकेश कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतका के पति धर्मेश राम का जिस महिला से अवैध संबंध था। वह भी शादीशुदा है। उसकी पहली शादी टिकठी गांव में हुई थी। उसे भी दो पुत्र है। बताया जाता है कि मृतका अपने तीन बहन व दो भाई में दूसरे स्थान पर थी। उसे एक पुत्री रिया व दो पुत्र है। घटना के बाद मृतका के घर में कोहराम मच गया है। उसकी मां दुर्गा देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

आपराधिक वारदात को अंजाम देने निकला अपराधी हथियार के साथ गिरफ्तार

केटी न्यूज/आरा

- संदेश थाना क्षेत्र के तीर्थकौल गांव के पास शनिवार की शाम पकड़ा गया अपराध कर्मी
- गिरफ्तार अपराधी के पास से एक देसी कट्टा और तीन गोलियां बरामद

संदेश थाना क्षेत्र के तीर्थकौल गांव के पास छापेमारी कर पुलिस ने हथियार के साथ एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। वह शनिवार की शाम किसी बड़ी आपराधिक अंजाम देने निकला था। तभी पुलिस ने धर दबोचा। वह संदेश थाना क्षेत्र के अहपुरा निवासी स्व.धनु साह का पुत्र रंजन कुमार है। उसके पास से एक देसी कट्टा और तीन गोली बरामद की गयी है। एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि शनिवार की शाम सूचना मिली कि तीर्थकौल गांव के पास एक अपराध कर्मी हथियार के साथ घूम रहा हे। वह किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। उस आधार पर उसकी गिरफ्तारी को लेकर थानाध्यक्ष आदित्य कुमार के नेतृत्व में दारोगा सुनील कुमार सिंह, एएसआई अरविन्द कुमार पंडित द्वारा सशस्त्र बलों के साथ एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए टीम संदेश चौक के पास पहुंचीं, तो देखा कि एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भाग रहा है। तब टीम द्वारा उसे खदेड़ कर पकड़ा गया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देशी कट्टा और तीन गोली बरामद की गयी। पूछताछ में उसने बताया कि वह वारदात को अंजाम देने निकला था।

सरेराह हवाई फायरिंग और लोगों को धमका रहा अपराधकर्मी गिरफ्तार

- अवैध आग्नेयास्त्र एवं जिंदा कारतूस के साथ पुलिस खदेड कर दबोचा
- एसपी ने बताया गिरफ्तार उदवंतनगर थाना क्षेत्र के जयनगर निवासी वकील सिंह का पुत्र विशाल

केटी न्यूज/आरा

भोजपुर के उदवंतनगर थाना पुलिस की टीम ने रविवार की सुबह सुढ़नी गांव में छापेमारी कर सरेराह हवाई फायरिंग कर रहे एक अपराध कर्मी को गिरफ्तार कर लिया, उसके पास से एक अवैध अग्नेयात, दो जिंदा कारतूस तथा एक खोखा बरामद हुआ इसकी जानकारी देते हुए एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया की 26 फरवरी 24 की प्रातः 4 बजे पूर्वाह्न में गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि उदवंतनगर थाना क्षेत्र के सुढ़नी गांव में रविदास बाबा के मूर्ति के पास एक व्यक्ति अवैध हथियार लेकर हवाई फायरिंग कर रहा है और आस-पास के लोगों को डरा धमका रहा है। उक्त सूचना का सत्यापन, अवैध आग्नेयास्त्र की बरामदगी तथा अपराधकर्मी की गिरफ्तारी हेतु उदवंतनगर थानाध्यक्ष पुनि रामकल्याण यादव के नेतृत्व में पुअनि सुधीर कुमार सिंह, जवान राजकुमार, सुजीत कुमार, महिला सिपाही सोनी कुमारी के साथ एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए सुढ़नी गांव में रविदास बाबा के मूर्ति के पास पहुंचा, तो पुलिस की टीम को देखकर एक व्यक्ति भागने लगा, जिसे सशस्त्र बलों के द्वारा खदेड़कर पकड़ा गया। एसपी ने बताया गिरफ्तार उदवंतनगर थाना क्षेत्र के जयनगर निवासी वकील सिंह का पुत्र विशाल कुमार है। उसका विधिवत तलाशी लिया गया, तो उनके पास से 1 देशी कट्टा, 2 जिंदा कारतूस,1 खोखा बरामद किया गया। इस संबंध में उदवंतनगर थाना में आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया है।

सड़कें हुईं खून से लाल, अलग-अलग घटनाओं में होमगार्ड जवान सहित चार की मौत

केटी न्यूज/बलिया

जनपद में अलग-अलग घटनाओं में एक होमगार्ड के जवान सहित चार लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में एक टाइल्स मिस्त्री व एक मजदूर भी शामिल है। बैरिया में जहां अज्ञात वाहन की टक्कर से होमगार्ड के जवान की मौत हो गई। वहीं पुलिस लाइन स्थित एक मकान में काम करते समय गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई। जबकि चितबड़ागांव में छत से गिरकर एक टाइल्स मिस्त्री की मौत हो गई। वहीं स्कार्पियो की टक्कर से एक अधेड़ ने दम तोड़ दिया।

घटना 01: छत से गिरकर टाइल्स मिस्त्री की मौत

चितबड़ागांव मोड़ स्थित भवन से गिरकर एक टाइल्स मिस्त्री की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। वहीं, हादसे की सूचना उसके परिजनों को दे दी गई है। बताया जा रहा है कि गोरखपुर जिले के मोद्दी निवासी धीरज चौहान (35) बलिया जिले के चितबड़ागांव थाना क्षेत्र के चितबड़ागांव मोड़ पर स्थित भवन में टाइल्स लगाने का काम कर रहा था। रविवार की देर रात खाना खाने के बाद वह छत के किनारे हाथ धोने के लिए गया, तभी असंतुलित होकर गिर पड़ा। घायल धीरज को आसपास के लोगों ने जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

घटना 02- अज्ञात वाहन के टक्कर से होमगार्ड के जवान की मौत : रेवती-लालगंज मार्ग पर चांदपुर गांव के सामने जिन बाबा स्थान के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से होमगार्ड जवान की मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची बैरिया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसएचओ धर्मवीर सिंह ने बताया कि विधिक कार्रवाई की जा रही है। उधर, मौत की सूचना से घर परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

बैरिया थाना क्षेत्र के इब्राहिमाबाद गांव निवासी से दोकटी थाने पर ड्यूटी करने जा रहे होमगार्ड जवान कमलदेव सिंह (50) दोकटी थाने पर तैनात थे। सोमवार की सुबह साइकिल से दोकटी थाने पर ड्यूटी करने जा रहे थे, तभी जिन बाबा स्थान के पास चांदपुर गांव के सामने किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया। हादसे में कमलदेव सिंह गंभीर रूप से घायल हो गये। लोगों की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोनबरसा पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहां पहुंचते पहुंचते उनकी मौत हो गई।

घटना: 03- स्कॉपियो की टक्कर से अधेड़ की मौत : कपूरी निवासी रामेश्वर चौधरी काका की रविवार देर रात सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। सड़क दुर्घटना उस समय हुई जब रामेश्वर चौधरी साइकिल द्वारा फेफना से अपने घर वापस लौट रहे थे। इसबीच एक तेज रफ्तार स्कार्पियो ने ओवरटेक करने के चक्कर में उन्हें रौंद दिया। दुर्घटना के बाद वाहन चालक फरार हो गया। रामेश्वर चौधरी काका (55) वर्ष कपुरी गांव के निवासी थे और एक विद्यालय में स्कूल वैन चालक थे। वह किसी काम से फेफना गए थे, काम निपटाने में उन्हें विलंब हो गया। लौटते समय वह अभी पुनीत आटो मोबाइल शोरूम के सामने पहुंचे थे कि सामने से आ रही स्कार्पियों ने धक्का मार दिया। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। रामेश्वर चौधरी काका के तीन पुत्र और एक पुत्री हैं। पुत्री और एक पुत्र की शादी हो गई हैं। सुबह से हीरामेश्वर चौधरी काका के घर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लगा है।

घटना 04- पुलिस लाइन में काम करते समय छत से गिरकर मजदूर की मौत : पुलिस लाइन परिसर में चल रहे भवन निर्माण के दौरान सोमवार की सुबह गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई। मृतक मजदूर की शिनाख्त सरल उम्र 40 वर्ष निवासी बहेरी थाना शहर कोतवाली के रूप में की गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस में भेज दिया है। उधर मौत की सूचना परिजनों को मिलते ही परिजनों का रोते-रोते बुरा हाल है।

एक नजर

आधी रात को पुलिस ने 2648 किलो चाय पत्ती के साथ दो चोरों को किया गिरफ्तार

गाजीपुर। जनपद के जमानियां कोतवाली क्षेत्र के रईमाला गांव स्थित नहर पुलिया के पास से पुलिस ने देर रात लगभग एक बजे चोरी की चाय पत्ती से लदे 100 बैग व पिकअप वाहन के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक श्याम जी यादव ने बताया कि देर रात पुलिस गश्त एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक पिकअप चोरी का सामान लेकर जा रहा है। जिस पर घेरा बंदी कर राईमाला गांव स्थित नहर के पास से पिकअप वाहन को पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान 100 बड़े बैग चाय पत्ती कुल वजन 2648 किलो चोरी के माल के साथ दो अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त (1) ओम प्रकाश यादव निवासी बाजार मोहल्ला उसिया, थाना दिलदारनगर, (2)अकबर सुलेमानी ऊर्फ जुम्मन निवासी तारनबांध थाना जमानियां के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेशी के लिए भेजा गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में कोतवाली प्रभारी श्याम जी यादव, उपनिरीक्षक आनंद कुमार भारती, हेड कांस्टेबल सुमित सिंह, हेड कांस्टेबल शुभम यादव, कांस्टेबल रतन कुमार, हेड कांस्टेबल अरुण कुमार यादव, कांस्टेबल कुंदन गौड़, कांस्टेबल साहिद ,कांस्टेबल दीपक कुमार रहे।

स्टीमर से गंगा नदी में छलांग लगाना पड़ा भारी, किशोर गंगा में समाया

भरौली। स्टीमर से छलांग लगाकर गंगा नदी के बीच में स्नान करना जिंदगी पर भारी पड़ गया। एक किशोर जहां गंगा में समा गया। वहीं दो किशोरों को नाविकों ने बचा लिया। नरहीं थाना क्षेत्र के सरंया गांव निवासी पवन यादव 16 वर्ष पुत्र खरताली यादव सोमवार की दोपहर ढाई बजे अपने दो दोस्तों के साथ बक्सर के रामरेखा घाट से उजियार घाट आने के लिए स्टीमर पकड़े थे स्टीमर जैसे ही गंगा नदी के बीच धारा में पहुंची। तीनों ने एक साथ गंगा नदी में छलांग लगा दिया। जब तीनों डूबने लगे तो नाविक भी बचाने दौड़ पड़े। मोहित कुमार, यश कुमार को तो बचा लिया गया। लेकिन पवन यादव गंगा की लहरों में समा गया। इस खबर की जानकारी जैसे गांव में पहुंची गांव के लोग गंगा तट पर पहुंच गए। सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई। इसके बाद गंगा नदी में पवन को ढूंढने का काम शुरू हुआ। लेकिन शाम तक कोई सफलता नहीं मिली। इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया। ग्रामीणों ने बताया कि स्टीमर से कूद कर गंगा स्नान करने वाले लड़कों की संख्या दर्जनों में है।

सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा : फिटनेस फेल वाहनों को तुरंत किया जाए निलंबित

बलिया। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति व जिला विद्यालययान

परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिलाधिकारी द्वारा विद्यालय से संचालित वाहनों, विद्यालय में परिवहन सुरक्षा समिति के गठन कर बैठक कराने आदि के संबंध में पिछली बैठक की अनुपालन आख्या के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने एआरटीओ को निर्देश दिया कि विद्यालयों से चलने वाले प्रत्येक वाहनों का फिटनेस टेस्ट, उन चालकों का ड्राइवरी लाइसेंस वेरीफिकेशन और विद्यालयों से चलने वाली वाहनों की सूची की रिपोर्ट सभी विद्यालयों के प्रबंधकों व प्रधानाचार्यों से अपने यहां उपलब्ध कराएं और मानक के अनुरूप फिटनेस टेस्ट पास न करने वाले वाहनों को निलंबित किया जाए और बिना ड्राइवरी लाइसेंस वाले वाहन चालकों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

खबरें फटाफट

वाराणसी आने वाली ट्रेनों का ओरिजनेटिंग स्टेशन बनेगा व्यास नगर

चंदौली। वाराणसी के पूर्वी छोर पर स्थित वेद व्यास की धरती व्यासनगर सिर्फ मालगाड़ियों का

ही हब नहीं बनेगा बल्कि यात्री ट्रेनों का ओरिजनेटिंग स्टेशन बनेगा। वाराणसी से खुलने वाली कुछ ट्रेनें व्यासनगर स्टेशन से खुलेंगी। इसके लिए प्रयास किया जाएगा। व्यासनगर स्टेशन का कायाकल्प किए जाने से यात्रियों को सुविधा होगी। ये बातें व्यासनगर रेलवे स्टेशन पर आयोजित समारोह में चंदौली सांसद और केंद्रीय मंत्री डॉ. महेन्द्रनाथ पांडेय ने कहीं। इस मौके पर उत्तर रेलवे के व्यासनगर स्टेशन के साथ पीडीडीयू मंडल के आठ स्टेशनों का कायाकल्प का शिलान्यास प्रधानमंत्री ने वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से की। उन्होंने मंडल के जफरपुर, गंजखाजा अंडर ब्रिज और सैयदराजा रेलवे ओवर ब्रिज के साथ कुल 11 आरओबी और 18 आरयूबी का लोकार्पण भी किया।

अमृत भारत स्टेशन विकास योजना के तहत व्यासनगर स्टेशन का विकास किया जाना है। शिलान्यास समारोह में पहुंचे केंद्रीय मंत्री डॉ. महेन्द्रनाथ पांडेय ने कहा कि पूरे देश में एक साथ 553 रेलवे स्टेशनों का पुर्नविकास का शिलान्यास, 15 सौ रेलवे ओवर ब्रिज और अंडर पास का लोकार्पण किया जा रहा है। इतना बड़ा कार्यक्रम नरेन्द्र मोदी के ही वश की बात है। कहा कि देश में रेलवे के विकास पर ध्यान दिया जा रहा है। यही कारण है कि छोटे छोटे स्टेशनों का विकास किया जा रहा है। कहा कि प्रधानमंत्री ने राजघाट रेलवे पुल पर नया पुल बनाने की घोषणा की है।

जिला पंचायत की बैठक 28 को

चंदौली। जिला पंचायत की बैठक 28 फरवरी को 12 बजे जिला पंचायत के सभागार में आयोजित की गई है। यह जानकारी अपर मुख्य अधिकारी अशोक कुमार मद्धेशिया में देते हुए बताया कि इसमें जनपद के सभी सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्य, ब्लॉक प्रमुख सहित सभी विभागों के आगे अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

'मन की बात', में दो दिन पहले वाराणसी में लगी फोटो प्रदर्शनी का भी किया जिक्र

पीएम मोदी ने लाइव प्रसारण के माध्यम से 41 हजार करोड़ की रेल योजनाओं की दी सौगात

- अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 554 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास एवं 1500 रोड ओवर ब्रिज अंडर का हुआ शिलान्यास

केटी न्यूज/ गाजीपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाइव प्रसारण के माध्यम से 41 हजार करोड़ की रेल परियोजनाओं की सौगात दी। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत 554 रेलवे स्टेशनों के पूनर्विकास एवं 1500 रोड ओवर ब्रिज अंडर पास का शिलान्यास/उद्घाटन का राष्ट्र को समर्पण किया गया। इसी क्रम में मंत्री श्रम एवं सेवायोजन समन्वय विभाग उत्तर प्रदेश अनिल राजभर ने गाजीपुर में 20 करोड़ की लागत से पांच ओवर ब्रिज अंडर पास का लोकार्पण किया। जिसमें मुख्य रूप से शेखपुर- औड़िहार, औड़िहार, जलालाबाद, खालिसपुर और रघुवरगंज में रेलवे अंडरपास का निर्माण का लोकार्पण तथा 16.63 करोड़ की लागत से जनपद गाजीपुर सिटी रेलवे स्टेशन के सुदृढ़ीकरण एवं यात्री सुविधाओं के विकास की योजना का शिलान्यास भी किया। इसके अतिरिक्त औड़िहार एवं दुल्लहपुर रेलवे स्टेशन पर लाइव प्रसारण देखा गया।

मुख्य अतिथि मंत्री श्रम एवं सेवायोजन समन्वय विभाग उत्तर प्रदेश अनिल राजभर, विधान परिषद सदस्य विशाल सिंह चंचल, जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सरिता अग्रवाल, जिलाध्यक्ष भाजपा सुनील सिंह एवं अन्य पार्टी पदाधिकारियों एवं आमजन, अन्य पार्टी के नेतागण, प्रबुद्ध नागरिकों ने कार्यक्रम स्थल स्टेशन परिसर पर प्रधानमंत्री के संबोधन को एलईडी के माध्यम से देखा व सुना। मुख्य अतिथि मंत्री अनिल राजभर ने अपने संबोधन व्यक्त करते हुए कहा कि 41 हजार करोड़ की परियोजना आज चरितार्थ हो रही है। शिलान्यास/उद्घाटन/राष्ट्र को समर्पण भारतीय रेल द्वारा अपने रेलमार्गों को सुरक्षित और संरक्षित करने के उद्देश्य से लेवल क्रॉसिंगों का उन्मूलन किया जा रहा है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उत्तर प्रदेश के 267 रोड ओवर ब्रिज एवं अंडरपास का शिलान्यास/उद्घाटन/राष्ट्र को समर्पण किया जा रहा है। भारतीय रेल के इस सराहनीय प्रयास से भारतीय रेल के संचालन में समय पालनता के सुधार के साथ-साथ ही ट्रेनों की संरक्षा एवं सड़क उपयोगकताओं की सुरक्षा तथा आवागमन की सुविधा को बेहतर करने में सहायता मिलेगी।

ज्ञात हो कि लेवल क्रॉसिंगों पर होने वाली दुर्घटनाएं भारतीय रेल में एक समस्या का कारक रही हैं। अब लेवल क्रॉसिंगों के उन्मूलन के लिए बन रहे इन रोड ओवर ब्रिजों एवं अंडरपासों से रेल परिचालन और मानव जीवन दोनों को लाभ मिलेगा। भारतीय रेल ने वर्ष 2019 में ही मानव रहित समपार समाप्त कर दिए थे। अब क्रमिक रूप से धीरे-धीरे फाटक वाले समपार भी समाप्त किए जा रहे हैं और इस वृहद प्रयास की दिशा में यह कार्यक्रम एक बहुत बड़ा कदम है।

नए भारत के नए स्टेशन आज भारत विश्व की पांचवी सबसे बड़ी इकॉनमी है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास जैसी नीतियों से अगले कुछ वर्षों में विश्व की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है। विकासशील देश से विकसित राष्ट्र की पंक्ति की ओर बढ़ते नए भारत की रेल, प्रगति के इस सफर की हमसफर है। आधुनिक टेक्नोलॉजी और इंफ्रास्ट्रक्चर द्वारा भारतीय रेल यात्री सुविधा को नए भारत की आकांक्षाओं के अनुरूप बनाने की ओर तत्पर है। इसी क्रम में सरकार द्वारा अमृत भारत स्टेशन योजना लागू की गई है।

यह योजना देश के स्टेशनों को बदलते भारत की बदलती तस्वीर के अनुरूप बनाएगी और क्षेत्रीय समृद्धि के हस्ताक्षर के रूप में विकसित करेगी। योजना के बेहतर करेगी। माध्यम से भारतीय रेल स्टेशनों के नवीनीकरण के साथ पुरानी सुविधाओं को भी और उत्तर प्रदेश के 74 स्टेशनों को विकसित करने के कार्य के शुभारंभ के उद्देश्य से शिलान्यास किया जा रहा है। इसके अंतर्गत उत्तर रेलवे के 31, पूर्वोत्तर रेलवे के 25 एवं उत्तर मध्य रेलवे के 18 स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है। स्टेशन का प्रस्तावित विकास कार्य 7वें अवधारणा पर आधारित है। जिसमें` सिटी सेंटर का निर्माण, कंजेशन फ्री स्टेशन अर्थात अलग आगमन और प्रस्थान, लिफ्ट, एस्केलेटर, अन्य यात्री सुविधाओं की उपलब्धता, मौजूदा प्रकृति और स्वरूप का संरक्षण, स्वच्छता, संचार सुविधाएं और, परिवहन के अन्य साधनों के साथ संयुक्त विकास शामिल हैं। योजना के अंतर्गत स्टेशन तक पहुँचने का मार्ग, सकुर्लेटिंग एरिया, वेटिंग हॉल, शौचालय, लिफ्ट एवं एस्केलेटर जैसी आवश्यक सुविधाओं में सुधार, दिव्यांगजनों के अनुकूल, बेहतर स्वच्छता, निःशुल्क वाई-फाई, श्एक स्टेशन एक उत्पादश के लिए कियोस्क के माध्यम से स्थानीय उत्पादों एवं क्राफ्ट्समेन को प्रोत्साहन, बेहतर यात्री सूचना प्रणाली, पार्किंग, लैंडस्केपिंग आदि जैसी सुविधाओं को आधुनिक मापदंडों के अनुसार विकसित किया जाएगा। स्टेशनों के रिडेवलपमेंट में प्रवेश पोर्च, हाई लेवल प्लेटफॉर्म, प्लेटफार्म के ऊपर कवर शेड, बेहतर फसाड और एस्केलेटर/लिफ्ट, वेटिंग हॉल तथा स्टेशन की अंदरूनी दीवारों की क्षेत्रीय कला एवं रूचि के अनुसार साज-सज्जा, पर्याप्त संख्या में साफ-सुथरे शौचालय, शानदार फर्नीचर, 12 मीटर चौड़े सेंट्रल फुट ओवर ब्रिज के निर्माण जैसे कार्य भी आवश्यकता और उपयोगिता के अनुसार कराये जाएंगे।

भू माफिया के खिलाफ दलित परिवार सड़क पर उतरा

केटी न्यूज/ गाजीपुर

भुड़कुड़ा कोतवाली अंतर्गत करीमुल्लाहपुर रामबन गांव निवासी पद्माकर राम ने भाजपा जिलापाध्यक्ष विपिन सिंह और उनके अज्ञात गुर्गो द्वारा निजी भूमिधरी गांटा संख्या 86 रकबा 4,12,2002 में जबरदस्ती कब्जा कर लिया गया है। दबंगों द्वारा उस पर स्कूल निर्माण के लिए गिट्टी, सीमेंट गिराकर कब्जा किया गया। विरोध करने पर मेरे नाबालिग बेटे इंद्रजीत को भू- माफिया के गुर्गों ने बुरी तरह पीटकर घायल कर दिया। जब थाने और तहसील के अधिकारी को अवगत कराया गया तो कोई सुनवाई नहीं की गई। पीड़ित पद्माकर राम, पत्नी शशि कला देवी, बड़ी बेटी अर्चना, रंजना, बेटा इंद्रजीत सोमवार को अपराह्न तीन बजे रामबन करीमुल्लापुर गांव से हाथों में तख्तियां लेकर हमें न्याय दो, न्याय दो, पूर्व माफिया के गुर्गों पर कार्रवाई करो ,नाबालिग बेटे को मारा है, उस पर कड़ी कार्रवाई करो, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष विपिन सिंह पर कार्रवाई करो सहित अन्य स्लोगन लिखकर परसुपुर, जखनियां बाजार, जखनियां ब्लॉक, तहसील मुख्यालय पर चार बजे पहुंचे। तहसील में नारे लगाने से अधिवक्ताओं और उपस्थित लोगों में हड़कंप मच गया। इस दौरान मौके पर मौजूद नवागत तहसीलदार रवि रंजन कश्यप ने पीड़ित परिवार की समस्याओं को लेकर पूरी बात सुनी और पत्रक लेकर तत्काल संबंधित लेखपाल, कानूनगो को मौके पर जाकर निस्तारण करने का निर्देश दिए।

मंदिर से मां दुर्गा प्रतिमा का आभूषण गायब

केटी न्यूज/ गाजीपुर

दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के देवा गांव स्थित प्राचीन दुर्गा माता मंदिर से रहस्यमय चोरी हुई है। प्रतिमा से 100 ग्राम चांदी की मुकुट तथा 7000 कीमत, सोने का मंगलसूत्र और आठ ग्राम सोने की चेन रहस्यमय ढंग से गायब होने से पूरे गांव में हड़कंप मच गया है। यह मामला तब प्रकाश में आया जब सुबह श्रद्धालुओं की भीड़ पूजा पाठ करने के लिए पहुंची। जब ताला खोलकर देखा गया तो दुर्गा प्रतिमा पर सिंगार किए गए सोने और चांदी के आभूषण गायब हैं। इसके बाद पूरे गांव में हड़कंप मच गया। तत्काल ग्राम प्रधान प्रतिनिधि दीपक चौरसिया ने दुल्लहपुर थाना अध्यक्ष अशोक कुमार मिश्रा को सूचना दी। इसके बाद थानाध्यक्ष अशोक मिश्रा और थाने के उपनिरीक्षक होरिल यादव ने पहुंचकर घटना स्थल पर जांच किए। प्रधान पति दीपक चौरसिया ने बताया कि लगभग डेढ़ साल पूर्व इसी मंदिर का ताला तोड़कर मां दुर्गा के प्रतिमा से आभूषण चोरी की गई थी। इसके बाद मंदिर में बेहतर तरीके के ताला और लाक लगाया गया था। फिर श्रद्धालुओं ने चंदा इकट्ठा कर सोने की चैन और मंगलसूत्र और चांदी का मुकुट चढ़ाया। लेकिन सबसे आश्चर्य की बात यह है कि मंदिर का दो ताला बंद है और दुर्गा माता की प्रतिमा से सारे आभूषण गायब हैं।

गाजीपुर के सकरताली गांव की घटना, एकांत स्थान पर अज्ञात बदमाशों ने मारी गोली

युवक की गोली मारकर हत्या, एसपी ने की घटना की जांच

- चौकीदार ने खून से लथपथ लाश देख पुलिस को दी सूचना

केटी न्यूज/गाजीपुर

शहर कोतवाली क्षेत्र के सकरताली गांव में अज्ञात बदमाश ने एक युवक के सिर में गोली मारकर हत्या कर दी। इस दुस्साहसिक वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। घटना को एकांत स्थान पर अंजाम दिया गया था इसलिए किसी को इसकी कानों कान खबर नहीं हो सकी।

युवक का शव गांव के बाहर पड़ा हुआ था, जिसे चौकीदार ने देखकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर तत्काल एसपी ओमवीर सिंह सहित अन्य अधिकारी पहुंच गए। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद उसकी शिनाख्त की और मामले की तफ्तीश शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि जिस युवक की गोली मारकर हत्या हुई है, उसकी शिनाख्त रजागंज निवासी जितेंद्र राम (45) पुत्र कतवारू राम के रूप में की गई। आशंका जताई जा रही है कि हत्यारे बाइक से आए थे और वारदात को अंजाम दे फरार हो गए। बड़ी चतुराई से गांव के बाहर एकांत स्थान पर घटना को अंजाम दिया गया। इसके बाद सड़क किनारे खून से लथपथ लाश को देख चौकीदार ने पुलिस को हत्या की जानकारी दी। मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने घटना स्थल का मुआयना करते हुए चौकीदार व लोगों से इस संबंध में गहन पूछताछ की। शहर कोतवाल ने बताया कि युवक के सिर में गोली मारी गई है, जिससे उसकी मौत हुई है। चौकीदार की सूचना के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना की तफ्तीश की जा रही है। हत्यारा बहुत जल्द गिरफ्त में होगा।

कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने 91 अभ्यर्थियों को बांटा नियुक्ति पत्र

♦ नियुक्ति पत्र पाने वालों में 65 बिजली विभाग, 7 आयुर्वेद विभाग तथा 19 डेंटल सर्जन शामिल

केटी न्यूज/प्रयागराज

प्रदेश के मुखिया सीएम योगी आदित्यनाथ ने लोक भवन में यूपी लोकसेवा आयोग, यूपी अधीनस्थ सेवा चयन आयोग और विद्युत सेवा आयोग द्वारा चयनित 1784 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। इस मौके पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें मेहनत और ईमानदारी से अपने कर्तव्य पालन की नसीहत दी। इस कार्यक्रम को लेकर संगम नगरी प्रयागराज में भी मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के प्रो. प्रीतम दास प्रेक्षागृह में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सूबे के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी व अन्य जनप्रतिनिधियों ने

शिरकत की। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी के मुताबिक प्रयागराज मंडल में विभिन्न पदों पर चयनित 91 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने कहा है कि प्रदेश की योगी सरकार में निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से भर्तियां करा रही है। उन्होंने कहा है कि अभ्यर्थियों का चयन उनकी प्रतिभा के दम पर हो रहा है। सभी धर्म और मजहब के प्रतिभाशाली अभ्यर्थी भर्ती परीक्षाओं में चयनित हो रहे हैं। उन्होंने कहा है कि चयनित अभ्यर्थियों में एक मुस्लिम बेटी रिजवाना भी शामिल है।

कैबिनेट मंत्री नंदी ने इस मौके पर पूर्ववर्ती सपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा है कि पिछली सरकारों में अपने जाति और करीबी रिश्तेदारों को नौकरियां दी जाती थी। या फिर पैसे रुपए लेकर नौकरियां दी जाती थी। उन्होंने आरोप लगाया है कि बसपा के शासनकाल में भी नौकरियों की बोली लगती थी। दलित होने पर यह फायदा मिलता था कि कुछ डिस्काउंट हो जाता था। दलित को 5 लाख ओबीसी को 10 लाख और जनरल को 15 लाख में नौकरी मिलती थी। कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने कहा है कि भाजपा सरकार में प्रतिभा के दम पर नौकरी मिली है और अभ्यर्थी छाती ठोक कर कहता है कि उसे एक रुपए रिश्वत नहीं देनी पड़ी है। उन्होंने कहा है कि बीजेपी सरकार में बगैर जाति धर्म के भेदभाव के नौकरियां दी जा रही हैं। क्योंकि बीजेपी सरकार सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूल मंत्र के साथ आगे बढ़ रही है।

एक नजर

मनीष सर्राफ व प्रमोद बने प्राइम बैडमिंटन लीग के चैम्पियन, पुरस्कृत किए गए खिलाड़ी

मऊ। जनपद मुख्यालय स्थित डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम में प्राइड बैडमिंटन लीग का आयोजन किया गया। इस लीग के प्रथम पुरस्कार विजेता मनीष सर्राफ एवं प्रमोद यादव की जोड़ी रही। प्रतियोगिता में कल 32 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिन में 16 जोड़ी बनाकर 8 मैच हुए। टॉप पायदान पर मनीष सर्राफ व प्रमोद यादव की जोड़ी रही। वही पशुपतिनाथ एवं अनुपम चौबे की जोड़ी को दूसरा खिताब प्राप्त हुआ। स्टेडियम के इंडोर स्टेडियम में चल रहे प्रतियोगिता के दौरान पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस तरह का आयोजन हमेशा होता रहना चाहिए। उन्होंने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्राइड अध्यक्ष रो० अतुल कुमार जायसवाल एवं जिला क्रीड़ा अधिकारी सब्बरवाल द्वारा किया गया। इस लीग के प्रथम पुरस्कार विजेता मनीष सर्राफ एवं प्रमोद यादव की जोड़ी रही वहीं द्वितीय पुरस्कार पशुपतिनाथ एवं अनुपम चौबे की जोड़ी के नाम रहा और तृतीय पुरस्कार के विजेता सत्यप्रकाश सिंह एवं आशुतोष की जोड़ी रही। वहीं उत्कृष्ट खिलाड़ी का पुरस्कार शाश्वत गुप्ता के नाम रहा। अन्त में सभी विजेताओं को रोटरी क्लब प्राइड अध्यक्ष अतुल कुमार जायसवाल एवम सचिव विशाल शर्मा द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. रघुनन्दन अग्रवाल एवं मनीष सराफ के द्वारा इस प्राइड बैडमिंटन लीग का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ऊड सबरवाल, रोटरी क्लब प्राइड मऊ अध्यक्ष अतुल कुमार जायसवाल, सचिव विशाल शर्मा एवं सदस्यगण सुशील अग्रवाल, आलोक खण्डेलवाल, विजय अग्रवाल, विनोद वर्मा, राकेश गर्ग, विजय बहादुर पाल, आजाद यादव, अरुण अग्रवाल, रत्नेश सिन्हा,सौरभ मद्धेशिया , आशीष अग्रवाल ,गिरिराज, बृजेश उमर आदि उपस्थित रहे।

हर परिस्थितियों में जो अपने को सम रख सके वही योगी है : पूज्य स्वामी संकल्प देवी

मऊ। पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से आए युवा भारत के केंद्रीय प्रभारी पूज्य स्वामी संकल्प देव, विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व प्रोफेसर हरिकेश सिंह एवं कृष्णकांत मिश्रा, लोक कल्याण सेवा न्यास के अध्यक्ष आनंद प्रताप सिंह, बाल न्याय बोर्ड के सदस्य प्रज्ञा नीरज, जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार द्विवेदी ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। युवा भारत द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय योग सम्मेलन एवं कार्यकर्ता बैठक का शुभारंभ पतंजलि योगपीठ हरिद्वार में पतंजलि योगपीठ हरिद्वार की युवा भारत पूज्य स्वामी संकल्प देवी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि योग में ही सारी दुनिया का समाधान है। स्वामी पुण्य देव जी ने आगे कहा कि हर परिस्थितियों में जो अपने को सम रख सके वही योगी है, बैचारिक प्रदूषण आज की सबसे बड़ी समस्या है जिसका समाधान योग में ही है। उन्होंने युवाओं सम्बोधित करते हुए कहा कि युवाओं को हिंसा, वासना, कामुकता, आलस्य, प्रमाद, से बचाना है और बच्चों को संस्कारवान बनाना है साथ ही समाज को संस्कृति के प्रति जागरूकता, समर्पण की आवश्यकता है। युवा भारत राज्य प्रभारी बृजमोहन ने युवा भारत द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी साथी युवा भारत द्वारा आगामी भगत सिंह के बलिदान दिवस 23 मार्च को होने वाले कार्यक्रम के बारे जानकारी दी और पूरे उत्तर प्रदेश पूर्व द्वारा 25 जनपदों में योग यात्रा निकाली जाएगी। इस अवसर पर पतंजलि योग समिति राज्य प्रभारीदुर्गेश योगी, भारत स्वाभिमान राज्य संवाद प्रभारी सुरेंद्रनाथ, युवा भारत राज्य संरक्षकराजा ज्योति आनंद सिंह, कार्यक्रम प्रभारी मनु श्री गुप्ता, युवा भारत राज्य महामंत्री ज्वाला प्रसाद, कोषाध्यक्ष शैलेश बरनवाल, भारत स्वाभिमान जिला प्रभारी मिथिलेश यादव, कोषाध्यक्ष राजेश गोस्वामी, पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी प्रवीण श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

खबरें फटाफट

शिविर में 181 मरीजों का हुई नि:शुल्क जांच, दी गई दवाएं

सोनभद्र। लायंस क्लब राबर्ट्सगंज द्वारा नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन प्रत्येक माह की 26 तारीख को लायंस भवन में श्रीसद्गुरु नेत्र चिकित्सालय, चित्रकूट के सहयोग से आयोजित किया जाता है, कैम्प लायंस भवन में होता है,इस बार सोमवार को डॉ०संतोष यादव,मैनेजर हेमराज यादव के नेतृत्व में आई टीम ने मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए 84 मरीज चित्रकूट गए। पूर्व मंडलाध्यक्ष हरीश अग्रवाल,मंडल सचिव किशोरी सिंह, सचिव विमल अग्रवाल,दया सिंह,मुकेश जायसवाल,श्याम बाबू आदि सदस्य उपस्थित रहकर कार्यक्रम को संपन्न कराएं। 68 मरीजों को नि:शुल्क चश्मा दिया गया,दवा दी गई। जिसमें 31 जनवरी 2024 तक 280 मोतियाबिंद के मरीजों का निशुल्क ऑपरेशन हो चुका हैं, 795 मरीजों की जांच हो चुका है। निरीक्षण,दवा और चश्मा वितरण हुआ। 181 मरीजों की जांच हुई जिन्हें चश्मा एवं दवा मुफ्त दिया गया। लायंस क्लब राबर्ट्सगंज निरंतर इस तरह की सेवा करता रहता है।

मां के साथ सोयी थी बेटी, रात में गायब, पुलिस कर रही है तलाश

देवरिया। जिले के खुखुंदू थाना क्षेत्र के एक गांव में मां के साथ सो रही युवती एकाएक गायब हो गई। घरवाले आस-पास के गांवों और रिश्तेदारों के यहां काफी पता लगाए, बहुत खोजबीन की, लेकिन युवती का कहीं अता-पता नहीं चला। इसे लेकर लोग अब तरह-तरह के सवाल उठा रहे हैं, लेकिन घर वालों को अपनी होनहार बेटी पर पूरा नाज है। पीड़ित परिवार वालों ने दो दिन बाद इसकी सूचना पुलिस को दी। अब पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। जिले के खुखुंदू थाना क्षेत्र के एक गांव की 20 वर्षीय युवती चार वर्ष पूर्व इंटर की पढ़ाई पूरी कर घर पर रहकर सिलाई-कढ़ाई का काम करती थी। परिजनों के मुताबिक, पढ़ने से लेकर हर कामों में वह बहुत होनहार थी।

कोखराज थाना के कौशांबी में ईदगाह के सामने की घटना, पुलिस व फायर ब्रिगेड पर पथराव

पटाखा फैक्ट्री में भीषण विस्फोट, फैक्ट्री मालिक के बेटे सहित आठ लोगों की मौत

♦ छह से अधिक लोग 70 प्रतिशत से अधिक झुलसे

केटी न्यूज/ कौशांबी

जनपद के कोखराज थाना के भरवारी स्थित पटाखा फैक्ट्री में अचानक विस्फोट होने से 8 लोगों की मौत हो गई और कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। मौके पर फायर ब्रिगेड व पुलिस व उपचार के लिए गाड़ियां देर से पहुंचने से नाराज ग्रामीणों का आक्रोश भड़का, पुलिस से हाथापाई भी की। चार मजदूरों का अभी तक पता नहीं चला है। छह से अधिक लोग 70 प्रतिशत से अधिक झुलसे हुए हैं। कोखराज थाना के भरवारी ईदगाह के सामने पटाखा फैक्ट्री में अचानक आग लग गई। फायर ब्रिगेड की गाड़ियां समय से न पहुंचने पर ग्रामीणों का आक्रोश भड़क उठा और पुलिस पर पथराव कर दिया। रोकने पर उनसे हाथापाई भी की। अब तक तीन लोगों की आग से जलकर मौत हो चुकी है। मृतकों में शिवनारायण पुत्र चौबेलाल (34), बल्लू पटेल (22), जनार्दन कुमार, मंगला प्रसाद, रेखा देवी और अशोक कुमार (55) हैं। वहीं फैक्ट्री मालिक शराफत अली के बेटे शाहिद अली (35) की भी

मौत हो गई। उसका दूसरा बेटा कौशर अली (32) गंभीर रूप से झुलस गया है, उसे इलाज के लिए स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल प्रयागराज रेफर किया गया है। आग लगने के दौरान फैक्ट्री में 18 आदमी काम कर रहे थे। पुलिस के मुताबिक फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूरों में दिन्ना पटेल, अशोक पटेल, बल्लू पटेल एवं कल्लू पटेल का पता नहीं चल रहा हैं। फैक्ट्री की आग पूरी तरह काबू होने पर ही अंदर उनकी तलाश का काम शुरू हो पाएगा। वहीं अब तक आठ गंभीर रूप से झुलसे लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां मौके पर हैं, आग बुझाने का प्रयास जारी है।

बस और ट्रैक्टर की भिड़ंत में छह श्रमिकों की मौत

♦ रात्रि लगभग 12:30 बजे हुई घटना

केटी न्यूज/ जौनपुर

जनपद के सिकरारा थाना क्षेत्र के समाधगंज बाजार के पास रोडवेज बस और ट्रैक्टर की भीषण टक्कर में पांच श्रमिकों की मौके पर मौत हो गई जबकि एक श्रमिक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।वहीं एक श्रमिक जिंदगी और मौत से लड़ रहा है। ट्रैक्टर में रोडवेज बस ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे ट्रैक्टर ट्राली सहित पलट गई। सूचना के बाद तत्काल एसएसपी अजयपाल शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगो की मदद से घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया और मृतकों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि रविवार रात्रि लगभग 12:30 बजे प्रयागराज की तरफ से देवरिया जा रही उत्तर प्रदेश परिवहन की बस से मकान ढलाई करने वाले श्रमिकों के ट्रैक्टर की टक्कर हो गई। ट्रैक्टर कहीं से ढलाई का काम करके वापस लौट रहा था। ट्रैक्टर पर लगभग 07 श्रमिक सवार थे। बस और ट्रैक्टर की टक्कर होने के बाद मौके पर की पांच श्रमिकों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घटना की जानकारी मिलने पर प्रशासनिक व पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए। ट्रैक्टर के नीचे दबी हुई शवों को पुलिस ने बाहर निकाला और घायलों को उपचार के लिए भेज दिया है। जैसे ही इस घटना की जानकारी मिली बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। रोडवेज बस में सवार सभी यात्री सुरक्षित बताए जा रहे है। मृतकों की पहचान सिकरारा थाना क्षेत्र के गांव अलिशहपुर नीरज सरोज(28) पुत्र मुन्नीलाल,राजेश सरोज (45) पुत्र राजेश सरोज, संग्राम विश्वकमा (45) पुत्र राजेश विश्वकर्मा,चाई बनबासी (30) पुत्र अज्ञात। बथुवार गांव निवासी गोविंद बिंद(30) पुत्र रामचंद्र बिंद,बीरपालपुर गांव निवासी अतुल सरोज(30) पुत्र रामशंकर, के रूप में पहचान हुई।

नाबालिग लड़की को दुष्कर्म व धर्मांतरण कराने के मामले में आरोपी को जेल

गोंडा। जनपद के तरबगंज थाने के एक गांव की रहने वाली एक 16 वर्षीय नाबालिग लड़की का दूसरे समुदाय के युवक द्वारा अगवा कर उसके साथ दुष्कर्म करने एवं धर्मांतरण कराए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस प्रकरण में पुलिस ने नाबालिग लड़की के पिता की तहरीर पर कुछ दिन पहले अपहरण का मुकदमा दर्ज किया था। अब आरोपी अमन उर्फ आसीन उर्फ यासीन को गिरफ्तार करते हुए नाबालिग लड़की को बरामद किया है। पीड़ित नाबालिग लड़की का मेडिकल परीक्षण कराने के साथ आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

कृषि मंत्री ने की विकास कार्यों की समीक्षा

केटी न्यूज/ देवरिया

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने सोमवार को विकास भवन स्थित गांधी सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा की। कृषि मंत्री ने शासन की मंशा अनुरूप उच्च गुणवत्तायुक्त एवं समयबद्धता के साथ सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को क्रियान्वित करने के निर्देश दिए। कृषि मंत्री ने कहा कि आगामी 28 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी पीएम किसान सम्मान निधि की 16वीं किश्त किसानों के खातों में हस्तांतरित करेंगे। उक्त कार्यक्रम का समस्त ब्लॉकों में एलईडी एवं टीवी स्क्रीन के माध्यम से सजीव प्रसारण सुनिश्चित करते हुए लोगों को इससे जोड़ा जाए। इस दौरान वृद्धावस्था पेंशन, पीएम किसान सम्मान निधि, निराश्रित महिला पेंशन तथा दिव्यांग पेंशन सहित विभिन्न पेंशनों के लाभार्थियों की केवाईसी करने के लिए विशेष कैम्प का आयोजन भी किया जाए। पीएम कुसुम योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए जिससे अधिक से अधिक किसान सोलर पंप का लाभ उठा सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार कृषक हितों के प्रति समर्पित है। कृषि मंत्री ने जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी कृष्णकांत राय से मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल के संबन्ध में जानकारी प्राप्त की।

यूपी के 18 मंडलों के किसान कर सकेंगे आवेदन, 27 से किसानों को करना होगा आवेदन

54 हजार किसानों को अनुदान पर सोलर पंप देगी योगी सरकार

केटी न्यूज/ लखनऊ

ीएम कुसुम योजना के तहत वर्ष 2024-25 के लिए उत्तर प्रदेश के 54 हजार से अधिक किसानों को डबल इंजन की सरकार की तरफ से सोलर पंप उपलब्ध कराया जाएगा। यूपी के सभी 18 मंडलों के किसानों को इसके लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा। 27 से 29 फरवरी के मध्य छह-छह मंडलों के किसानों की तरफ से आवेदन प्रारंभ किया जाएगा। 9 प्रकार के सोलर पंपों पर केंद्र व राज्य सरकार की ओर से अनुदान का लाभ पाकर किसान इसे खरीद सकते हैं। योजना का लाभ उठाने वाले किसानों का विभाग की वेबसाइट पर पंजीकरण अनिवार्य है। सोलर पंप की ऑनलाइन बुकिंग के लिए www.agriculture.up.gov.in पर 'अनुदान पर सोलर पंप हेतु बुकिंग' लिंक पर जाकर आवेदन करना होगा। इसके साथ ही किसानों को पांच हजार रुपये टोकन मनी भी ऑनलाइन जमा करना होगा।

9 प्रकार के सोलर पंपों पर किसानों को मिलेगा अनुदान

उप्र के 54 हजार किसानों को डबल इंजन की सरकार 9 प्रकार के सोलर पंपों पर अनुदान देगी। 2 एचपी डीसी व एसी सरफेस पंप का मूल्य 1,71,716 रुपये है। राज्य सरकार इस पर 59,291 व केंद्र सरकार 43,739 रुपये अनुदान देगी। कुल 1,03,030 रुपये का अनुदान डबल इंजन की सरकार की ओर से किसानों को प्राप्त होगा। किसानों को टोकन मनी पांच हजार रुपये ऑनलाइन आवेदन के समय देना होगा। शेष किसानों 63,686 रुपये देना होगा। 2 एचपी डीसी सबमर्सिबल पंप का मूल्य 1,74,541रुपये है। राज्य सरकार इस पर 60,986 व केंद्र सरकार 43,739 रुपये अनुदान देगी। कुल 1,04,725 रुपये का अनुदान डबल इंजन की सरकार की ओर से किसानों को प्राप्त होगा। किसानों को टोकन मनी पांच हजार रुपये ऑनलाइन आवेदन के समय देना होगा। शेष किसानों 64,816 रुपये देना होगा। 2 एचपी एसी सबमर्सिबल पंप का मूल्य 1,74,073 रुपये है। राज्य सरकार इस पर 60,705व केंद्र सरकार 43,739 रुपये अनुदान देगी। कुल 1,04,444 रुपये का अनुदान डबल इंजन की सरकार की ओर से किसानों को प्राप्त होगा। किसानों को टोकन मनी पांच हजार रुपये ऑनलाइन आवेदन के समय देना होगा। शेष किसानों 64,629 रुपये देना होगा।

27 फरवरी से शुरू होगा ऑनलाइन आवेदन: वर्ष 2024-25 के लिए पीएम कुसुम योजनान्तर्गत किसान 27 फरवरी से निरंतर आवेदन कर सकते हैं। तीन अलग-अलग दिनों से किसान आवेदन प्रारंभ कर सकते हैं। 27 फ?वरी से चित्रकूट धाम, वाराणसी, मेरठ, प्रयागराज, बरेली व कानपुर मंडलों के अंतर्गत आने वाले जिलों के किसान दोपहर 12 बजे से निरंतर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। 28 फरवरी से सहारनपुर, मुरादाबाद, अयोध्या, लखनऊ, मीरजापुर व बस्ती मंडलों से जुड़े समस्त जनपदों के किसान आवेदन प्रारंभ कर सकते हैं, वहीं आगरा, झांसी, अलीगढ़, गोरखपुर, आजमगढ़ व देवीपाटन मंडल के किसानों के लिए यह प्रक्रिया 29 फरवरी से प्रारंभ होगी।

सुभाषितम्

अपने सपनों को साकार करने का सर्वश्रेष्ठ तरीका है कि आप जाग जाएं

- पॉल वैलेरी

महंगाई के कारण करोड़ों परिवार कुपोषण के शिकार

11 साल बाद एनएसएसओ का सर्वे सामने आया है। इसमें देश की हकीकत भी सामने आई है। किस तरह से परिवार महंगाई की मार झेल रहे हैं। जो रिपोर्ट प्रकाशित की गई है। उसमें शहरों में रहने वाले परिवार 6459 रुपए प्रतिमाह औसत खर्च कर पा रहे हैं। वहीं गांव में 3773 रुपए खर्चे में काम चलाना पड़ रहा है। आय कम है, खर्च ज्यादा है। परिवारों के बीच में अनाज पर होने वाला खर्च और अन्य खाद्यान्न सामग्री का प्रयोग लगातार घटता जा रहा है। पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस जैसे खर्चे ग्रामीण क्षेत्र के बढ़ते चले जा रहे हैं। जिसके कारण एक बहुत बड़ी आबादी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कुपोषण का शिकार हो रही है। खाद्यान्न एवं पोषण आहार के दाम लगातार बढ़ते ही जा रहे हैं। इसके साथ ही बिजली, रसोई गैस और पेट्रोल की कीमतों ने निम्न और मध्यम वर्गीय परिवारों का जीवन दूभर कर दिया है। टीवी फ्रिज और अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरणों में लोगों के खर्च बढ़े हैं। इस रिपोर्ट में एक बात और भी सामने आई है, कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के बीच में खर्च का अंतर पिछले 22 सालों में लगातार कम हो रहा है। ग्रामीण क्षेत्र की अर्थव्यवस्था मैं काफी बदलाव देखने को मिल रहा है। शहरों में अनाज एवं खाद्यान्न का खर्च पहले की तुलना में 12.39 फीसदी कम हुआ है। कपड़े पर भी अब लोग अपना खर्च कम कर रहे हैं। रसोई गैस और बिजली खर्च के मामले में शहर और गांव के बीच में जो दूरियां थी, वह लगभग खर्च के मामले में बराबरी पर आ गई है। पिछले कुछ वर्षों से देश में महंगाई लगातार बढ़ती चली जा रही है। विशेष रूप से खाद्यान्न एवं पोषण आहार में जो खर्च परिवारों द्वारा किया जाता था। अब उसके स्थान पर इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों, बिजली, रसोई गैस पेट्रोल इत्यादि के खर्च बढ़ जाने से इसका असर अब पोषण आहार पर पड़ रहा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जो रिपोर्ट प्रकाशित हुई है। उसमें भी इस बात के संकेत हैं, कि भारत में कुपोषण लगातार बढ़ रहा है। यह सबसे बड़ी चिंता की बात है। 11 साल के पश्चात एनएसएसओ का जो सर्वे सामने आया है नेशनल सैंपल सर्वे में गांव और शहरों में किए गए हाउस होल्ड खर्चों के बारे में डिटेल जानकारी जुटाई गई है। अनाज के मामले में ग्रामीण क्षेत्र का खर्च पिछले दो दशक में 22 फीसदी घटा है। इसकी तुलना में पेय पदार्थ का खर्च लोगों का बढ़ा है। खर्च करने के मामले में ग्रामीण क्षेत्रों की खपत बढ़ रही है। गांव-गांव में अब टीवी, फ्रिज और ड्यूरेबल आइटम की मांग बढ़ रही है। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आय की तुलना में खर्च ज्यादा बढे हैं। शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के निम्न, और निम्न मध्यम आय वर्ग पर कर्ज बढ़ रहा है। बचत के साधन समाप्त हो चुके हैं। आय भी घटी है। इसका असर पोषण आहार पर तेजी के साथ बढ़ रहा है। पिछले 10 साल में मध्य प्रदेश राजस्थान छत्तीसगढ़ पंजाब बिहार गुजरात हरियाणा जैसे राज्यों में खर्च ढाई गुना बढ़ा है। सर्वे में मात्र 6459 रुपए में शहर में रहने वाले परिवारों को अपना खर्च चलाने के लिए विवश होना पड़ रहा है इससे आय और खर्च के हिसाब किताब को आसानी से समझा जा सकता है।

चिंतन-मनन

सत्य की खोज अनंत

सत्य का अर्थ होता है, अनंत। सत्य की खोज का कोई अंत नहीं होता। यात्रा शुरू तो होती है, पर पूरी नहीं होती। पूरी हो ही नहीं सकती। क्योंकि अगर पूरी हो जाए यात्रा तो उसका अर्थ होगा कि सत्य भी सीमित है। तुम आ गए आखिरी सीमा पर, फिर उसके पार क्या होगा? नहीं, सत्य असीम है। यही तो हमने बार-बार अनेक-अनेक ढंग से कहा है कि परमात्मा अनंत है, असीम है, अपार है, उसका विस्तार है, विराट है। जैसे तुम सागर में उतर गये, यह तो सच है लेकिन तुमने पूरे सागर को थोड़े ही पा लिया। तुम जितना पार करते जाओ, उतना ही सागर शेष है। फिर सागर तो शायद चुक भी जाए। कोई तैरता ही रहे, तैरता ही रहे, तो दूसरा किनारा आ भी जाएगा पर परमात्मा का कोई किनारा ही नहीं है। इसीलिए इसे असीम कहते हैं। सत्य असीम है, अनंत है, इसलिए सत्य की खोज का कोई अंत नहीं होता। अमेरिका का एक बहुत बड़ा मनीषी हुआ-जान डैबी। वह कहा करता था, जीवन रुचि का नाम है। जिस दिन वह गयी कि जीवन भी चला गया। सत्य की खोज में रुचि है। सत्य में उतना सवाल नहीं है, जितना खोज में है। मजा मंजिल का नहीं है, यात्रा का है। मजा मिलन का कम, इंतजारी का ज्यादा है। जान डैबी से उसकी नब्बेवीं वषगांठ पर बातचीत करते समय एक डाक्टर मित्र ने कहा, फिलासफी, दर्शन में रखा क्या है! डैबी ने शांतिपूर्वक कहा, दर्शन का लाभ है कि उसके अध्ययन के बाद पहाड़ों पर चढ़ाई संभव हो जाती है। डाक्टर ने कहा, मान लिया कि दर्शन का यही लाभ है कि पहाड़ों पर चढ़ाई संभव हो जाती है लेकिन एक पर चढ़ने के बाद दूसरा ऐसा ही पहाड़ दिखना आरंभ हो जाता है, जिस पर चढ़ना कठिन प्रतीत होता है। उसके पार होने पर तीसरा फिर चौथा। जब तक यह प्रम और चुनौती है, तब तक जीवन है। जिस दिन चढ़ने को शेष नहीं, आकर्षण, चुनौती नहीं, उसी दिन मृत्यु घट जाएगी और मृत्यु नहीं है, जीवन ही है। तुम पहाड़ चढ़ते हो, इसी आशा में कि उसके पार कुछ नहीं है, पर पाते हो कि दूसरा पहाड़ प्रतीक्षा कर रहा है। इससे भी बड़ा, इससे भी विराट, इससे भी ज्यादा स्वर्णमयी। फिर तुम्हारे भीतर चुनौती उठी।

धारा 370 का भूत सियासत से पर्दे तक...

-राकेश अचल

धारा 370 यानि आर्टिकल 370 अब एक मृत शब्द है । जम्मू -कश्मीर के बूट से जुड़ी ये धारा यानि आर्टिकल अब सियासत और रजतपट दोनों पर एक साथ उभर रहा है । रजतपट पर आर्टिकल 370 को देश में कामयाबी मिलती दिखाई दे रही है लेकिन खाड़ी के देशों ने आर्टिकल 370 के प्रदर्शन पर पाबंदी लगा दी है। जबकि बेचारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी लगातार खाड़ी के देशों से गलबहियां बढ़ाने में लगे हैं। दरअसल ये धारा 370 कांग्रेस को जितनी प्रिय थी उतनी हीभाजपा को भी प्रिय हो गयी है । भाजपा की सरकार ने जम्मू-कश्मीर से संविधान की धारा 370 को हटाने के लिए दशकों तक तैयारी की थी तब कहीं जाकर पांच साल पहले भाजपा का ये सपना पूरा हो पाया। जम्मू-कश्मीर के लोग भी धारा 370 को धीरे-धीरे भूलने लगे थे लेकिन अचानक भाजपा ने आगामी लोकसभा के लिए 370 सीटें जीतने का लक्ष्य तय कर इस धारा 370 के भूत को एक बार फिर जिंदा कर दिया। भाजपा से

लगाव रखने वाले रजतपट ने भी लगे हाथ बहती गंगा में हाथ धोने के लिए आर्टिकल 370 नाम से एक फिल्म बना डाली। एक मरी हुई धारा से अमरत्व हासिल करने के भाजपा के फामूर्ले को कम से कम मै तो नहीं समझ पाया ,लेकिन एक बात साफ हो गयी है कि भाजपा को गड़े मुर्दे उखाड़ने में जितना मजा आता है उतना किसी और राजनीतिक दल को नहीं आता। भाजपा पिछले दस साल से भले ही बहुमत के साथ सत्ता में है किन्तु उसके सिर से न पंडित जवाहरलाल नेहरू का भूत उतरा और न इंदिरा गाँधी का । राजीव गांधी का भूत उतरा न राहुल गांधी का। कांग्रेस का भूत तो उतरने का सवाल ही नहीं। अब भाजपा के सिर पर धारा 370 का भूत सवार हो गया है। भाजपा इस 370 के आंकड़े को लगता है अपने लिए शुभ मानती है और इसीलिए लोकसभा में अपने गठबंधन के लिए 400 किन्तु अपने लिए 370 सीटें हासिल करना चाहती है। भाजपा की देखादेखी सिनेमा बनाने वाले यामी गौतम भी कहाँ मानने वाले थे । वे भी इस आंकड़े को विवेक अग्निहोत्री की तरह दि कश्मीर फाइल की तर्ज पर आर्टिकल 370 बनाकर भुना लेना चाहते थे ,सो उन्होंने भी आनन-फानन में फिल्म बनाकर रिलीज भी कर दी। समय भी सही चुना । लोकसभा चुनाव के ठीक पहले ये फिल्म रिलीज हुई है ताकि देश को एक बार भाजपा द्वारा धारा 370 ; के साथ भाजपा सरकार द्वारा किये गए पुरुषार्थ की याद दिलाई जा सके और जेबें भरी जा सकें। इसमें कोई बुराई भी नहीं है। सियासत का पिछलग्गू बनने से नुक्सान कम ही होता है । विवेक अग्निहोत्री इसका उदाहरण है । बन्दे ने दि कश्मीर फाइल बनाकर जमकर कमाई की थी। किन्तु यामी गौतम का भाग्य विवेक अग्निहोत्री के भाग्य जैसा नहीं है। यामी गौतम की फिल्म आर्टिकल 370 दो दिन पहने यानी शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है । फिल्म रिलीज के तीसरे दिन रविवार को यामी और उनके प्रशंसकों के लिए परेशान करने वाली खबर सामने आई। इस फिल्म को खाड़ी देशों में रिलीज करने से इनकार कर दिया गया है ।यामी गौतम की फिल्म आर्टिकल 370 से पहले ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की एक्शन-थ्रिलर फिल्म फाइटर को भी खाड़ी देशों में बैन कर दिया था।मैंने तो ये फिल्म देखी नहीं है किंतु इसके बारे में पढ़ा जरूर है ।ये फिल्म कश्मीर घाटी के हालात को बयां करती नजर आ रही है। इतना ही नहीं आर्टिकल 370 को हटाने में किस तरह के प्रयास और जटिलताएं सामने आईं इसकी एक झलक भी देखने को मिल रही है। ऐसे में खाड़ी देशों में फिल्म आर्टिकल 370 को बैन करना कहीं न कहीं हिंदी सिनेमा के लिए बड़ा झटका है। फिल्मों को बैन करने से कोई बात नहीं बनती । मै हमेशा से फिल्मों को ही नहीं बल्कि अभिव्यक्ति के किसी भी माध्यम को प्रतिबंधित करने के खिलाफ रहा हो । इसलिए खाड़ी देशों के इस प्रयास की निंदा करता हूँ ,लेकिन मेरी ये बात समझ में नहीं आ रही है कि खाड़ी के देश ऐसा क्यों कर रहे हैं,जबकि हमारे प्रधानमंत्री खाड़ी के देशों से लगातार अपने यानि भारत के रिश्ते सुधरने के लिए जी-जान से जुटे हुए हैं। आपको याद दिला दूँ कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में खाड़ी देशों की अपनी यात्रा पूरी की। प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी जी कि ये 13 वीं यात्रा थी। उनके हालिया दौरों ने इस क्षेत्र के साथ संबंधों को और मजबूत किया है। खाड़ी देशों में लगभग 9 मिलियन यानी 90 लाख भारतीय प्रवासी रहते हैं। इनमें सबसे ज्यादा 34.3 लाख भारतीय यूएई में, उसके बाद 25.9 लाख सऊदी अरब में, 10.3 लाख कुवैत, 7.8 लाख ओमान, 7.5 लाख कतर और 3.3 लाख भारतीय बहरीन में रहते हैं। खाड़ी देशों में भारतीय प्रवासियों की विशाल तादाद का मोदी जी को राजनीतिक फायदा भी मिलता है। विदेश में रहने वाले भारतीय हर साल भारत में जितना पैसा रेमिटेंस के तौर पर भेजते हैं, उनका तकरीबन आधा तो सिर्फ जीसीसी के देशों से आता है। बहरहाल अब देखना ये है कि लोकसभा चुनाव में 370 का ये आंकड़ा माननीय मोदी जी के लिए शुभ साबित होता है या नहीं ,क्योकि मोदी जी के इस आंकड़े से खफा देश का विपक्ष हाल के दिनों में अप्रत्याशित रूप से एकजुट हुआ है ।सब मिलकर मोदी जी को इस जादुई आंकड़े से दूर रखना चाहते हैं। यामी गौतम को तो आर्टिकल 370 करोड़पति बना देगा लेकिन भाजपा और मोदी जी को इसका कितना लाभ दिला पायेगा कहना सम्भव नहीं ह। हो सकता है कि भाजपा के लिए ये धारा छप्पर फाड़कर समर्थन दे दे और ये भी हो सकता है कि भाजपा का छप्पर पलट भी दे। आखिर धारा तो धारा है। लगती है तो भी असर दिखाती है और हटती है तो भी असर दिखाती है। हम और आप तो केवल दर्शक हैं।

सीट बंटवारे से मजबूत होगा इंडिया गठबंधन

- रमेश सर्राफ धमोरा

इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों में सीटों का बंटवारा होने लगा है। गठबंधन का प्रमुख दल कांग्रेस ने इसके लिए पहल करते हुए उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के साथ सीटों का बंटवारा कर सीट शेयरिंग फामूर्ले को आगे बढ़ा दिया है। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस 17 व समाजवादी पार्टी 63 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। हालांकि कांग्रेस उत्तर प्रदेश में 20 लोकसभा सीटों पर दावा कर रही थी। इसी तरह कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी से भी सीटों पर समझौता कर लिया है। आम आदमी पार्टी दिल्ली में दक्षिणी दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली, पूर्वी दिल्ली और नयी दिल्ली लोकसभा सीट पर उम्मीदवार उतारेगी। जबकि कांग्रेस तीन सीटों चांदनी चैक, उत्तर पश्चिम दिल्ली और उत्तर पूर्वी दिल्ली पर चुनाव लड़ेगी। चंडीगढ़ की सीट पर कांग्रेस चुनाव लड़ेगी। वहीं गुजरात में 24 सीटों पर कांग्रेस व दो सीटों भरूच व भावनगर में आप चुनाव लड़ेगी। हरियाणा की 10 में से 9 सीटों पर कांग्रेस व कुरुक्षेत्र में आप चुनाव लड़ेगी। गोवा की दोनों सीटों पर कांग्रेस चुनाव लड़ेगी। पंजाब की तेरह लोकसभा सीटों पर कांग्रेस व आम आदमी पार्टी दोनों के प्रत्याशी चुनाव लड़ेंगे। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी, दिल्ली, चंडीगढ़, हरियाणा, गुजरात व गोवा में आम आदमी पार्टी से सीटों का गठबंधन कर कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव की तैयारी तेज कर दी है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने महाराष्ट्र में सीटों के बंटवारे को लेकर शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के पक्ष प्रमुख उद्धव ठाकरे से एक घंटा तक टेलीफोन पर बातचीत कर वहां महाविकास अघाड़ी में सीटों के बंटवारे की प्रक्रिया को तेज कर दिया है। आने वाले कुछ दिनों में महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ दलों के खिलाफ

महाविकास अघाड़ी में शामिल सभी चारों दलों में सीटों का बंटवारा हो जाएगा। बिहार में भी कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व ने राजद नेता तेजस्वी यादव के साथ सीट बंटवारे पर बातचीत शुरू कर दी है। कांग्रेस नेतृत्व को आशा है कि आने वाले कुछ दिनों में बिहार में सभी विपक्षी दल एक साथ मिलकर आपसी सहमति से सीटों का बंटवारा कर चुनाव में उतरेंगे। हालांकि पश्चिम बंगाल में अभी तक कांग्रेस व ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस के बीच चुनावी गठबंधन नहीं हो पाया है। इंडिया गठबंधन में शामिल वामपंथी दलों के लिए ममता बनर्जी ने पहले ही पश्चिम बंगाल में सीटों के बंटवारे को लेकर इनकार कर दिया था। ममता बनर्जी कांग्रेस को मौजूदा दो सीट देना चाहती है। हालांकि पश्चिम बंगाल में कांग्रेस व तृणमूल कांग्रेस में सीट बंटवारे को लेकर एक बार फिर बातचीत शुरू होने के संकेत मिल रहे हैं। संदेशखाली की घटना के बाद ममता बनर्जी दबाव में आई हुई है। इसी के चलते ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल में कांग्रेस को पांच सीट देकर समझौता कर सकती है। पश्चिम बंगाल में जब तक वामपंथी दलों के साथ समझौता नहीं होगा तब तक बीजेपी विरोधी वोटो को बिखरने से नहीं रोका जा सकेगा। केरल में कांग्रेस व वामपंथी दलों का अपना-अपना एलायंस बना हुआ है। वहां दोनों ही एलांयसों के अंदर तगड़ा मुकाबला होगा। केरल में कांग्रेस, वामपंथी दल आमने-सामने होकर चुनाव लड़ेंगे। पिछले लोकसभा चुनाव में केरल में वामपंथी दलों को मात्र एक लोकसभा सीट मिली थी। जबकि केरल में वामपंथी दल की लगातार दूसरी बार सरकार चल रही है। तमिलनाडु में कांग्रेस ने पिछली बार द्रुमक के साथ गठबंधन कर चुनाव लड़ा था जिसमें वामपंथी दल भी शामिल थे। 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को तमिलनाडु में आठ सीटों पर व वामपंथी दलों को चार सीटों पर जीत मिली थी। मगर इस बार तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन कांग्रेस को 9 के बजाय 7 सीट देने की ही बात कर रहे हैं। जबकि कांग्रेस वहां 16 सीट मांग रही है। द्रमुक सुप्रीमो स्टालिन ने तमिलनाडु में लंबे समय से सहयोगी रही इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) को रामनाथपुरम सीट व कोंगुनाडु मक्कल देसिया काची (केएमडीके) को नमक्कल सीट देकर सीट शेयरिंग के फामूर्ले को आगे बढ़ा दिया है। मगर तमिलनाडु में जब तक द्रमुक का कांग्रेस व वामपंथी दलों से सीटों का बंटवारा नहीं हो जाता तब तक वहां इंडिया गठबंधन में सीटों के बंटवारे का काम अधूरा ही माना जाएगा। झारखंड में कांग्रेस, झारखंड मुक्ति मोचा, राजद के साथ सीटों का समझौता करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। 2019 के लोकसभा चुनाव में झारखंड की 14 में से कांग्रेस व झारखंड मुक्ति मोर्चा को एक-एक सीट पर जीत मिली थी। जबकि भाजपा ने वहां 12 सीट जीती थी। मगर इस बार वहां झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार में कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल शामिल हैं। ऐसे में वहां इंडिया गठबंधन भाजपा को कड़ी टक्कर देने की स्थिति में है। असम में बदरुद्दीन अजमल की आल इंडिया यूनाईटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट पार्टी के साथ जब तक कांग्रेस का गठबंधन नहीं हो जाता है तब तक वहां कांग्रेस मजबूत स्थिति में नहीं मानी जा सकती है। बदरुद्दीन अजमल का असम की राजनीति में बड़ा जनाधार है। जब-जब बदरुद्दीन अजमल व कांग्रेस ने मिलकर चुनाव लड़ा है अच्छे परिणाम मिले हैं। पिछले दिनों कांग्रेस ने एकतरफा घोषणा करते हुए बदरुद्दीन अजमल की पार्टी से सभी संबंध समाप्त कर दिए थे। जिसके बाद वहां कांग्रेस अकेले ही चल रही है। इसी का फायदा उठाते हुए मुख्यमंत्री हेमंत विश्व शर्मा ने कांग्रेस के कई विधायकों से पाला बदल करवा लिया है। त्रिपुरा की दो सीटों पर भी कांग्रेस का माकपा से गठबंधन होने पर ही मजबूत स्थिति बन सकती है। त्रिपुरा में माकपा का व्यापक जनाधार है। वहां कांग्रेस बहुत कमजोर हो चुकी है। ऐसे में यदि कांग्रेस का माकपा के साथ सीटों की शेयरिंग हो जाती है तो दोनों ही दलों को फायदा मिल सकता है। कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, उड़ीसा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान जैसे प्रदेशों में कांग्रेस की सीधी भाजपा व अन्य क्षेत्रीय दलों से लड़ाई है। आंध्र प्रदेश में एक तरफ सत्तारूढ़ जगनमोहन रेड्डी की वाईएसआर कांग्रेस पार्टी खड़ी है। तो दूसरी तरफ तेलुगु देशम पार्टी ने फिल्म एक्टर पवन कल्याण की जन सेना पार्टी के साथ सीटो पर समझौता कर विधानसभा की 118 सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। वहीं भाजपा के भी तेलुगु देशम पार्टी के साथ गठबंधन करने की चर्चा जोरों पर है। ऐसे में वहां कांग्रेस को त्रिकोणीय मुकाबला करना होगा।

राजनीति का खेल : सत्ता में जो बंदा... उसे सबसे अधिक चन्दा...!

- ओमप्रकाश मेहता

भारतीय राजनीति में अब जनसेवा के अर्थ बदल गए है, अब सेवा आर्थिक मेवा बन गई है, हाल ही में प्रकाशित एक सर्वेक्षण रिपोर्ट से यह भी उजागर हुआ है, भारतीय युवा अब नियमित रोजगार प्राप्त करने में कम और राजनीति में प्रवेश में ज्यादा रूचि रखने लगे है, क्योंकि राजनीति में उन्हें धन के साथ सम्मान मिलने की भी उम्मीद रहती है, इसलिए अब धीरे-धीरे प्रमुख राजनीतिक दलों के दफ्तरों में युवाओं की भीड़ बढ़ती जा रही है और वह भी सत्तारूढ़ दल से जुड़ी राजनीति में। यद्यपि आज की राजनीति में हर स्तर पर पारिवारिक शब्द से परहेज करने की बात की जाने लगी है, किंतु क्या यह संभव है, उल्टे पारिवारिक राजघरानों द्वारा यह उक्ति दोहराई जा रही है कि मास्टर (शिक्षक) का बेटा यदि मास्टर बनता है या उसे बनाया जाता है तो राजनेता का बेटा राजनीति में क्यों नही लाया जा सकता? आज यह दलील राजनीतिक दलीय बंधनों से ऊपर तैर रही है, फिर सबसे अहम् बात यह भी है कि किसी भी रोजगार या धंधें के लिए आर्थिक सेहत, शैक्षणिक योग्यता तथा उसके प्रति लगाव या रूचि चाहिए होती है, लेकिन राजनीति का धन्धा एक ऐसा धंधा है जिसमें न शैक्षणिक योग्यता की जरूरत है और न अच्छी आर्थिक सेहत की, केवल राजनीति में रूचि ही काफी है और वह भी जनसेवा के प्रति नहीं बल्कि बल्कि स्वयं एवं परिवार की आर्थिक सेवा के प्रति। कुल मिलाकर राजनीति ही ऐसा एक क्षेत्र है, जिसमें प्रवेश के लिए ह्यह्यहींग लगे न फिटकरी, रंग चैखा होय वाली कहावत चरितार्थ होती है और इसीलिए भारतीय युवाओं का रूझान अब राजनीति की ओर बढ़ता ही जा रहा है। ...फिर यही एक क्षेत्र ऐसा है, जहां प्रजातंत्र की परिभाषा सही अर्थों में लागू होती है, प्रजा का, प्रजा के लिए और प्रजा के द्वारा जो किया जाए, वही आज की राजनीति है। भारत की आजादी के बाद कुछ वर्षों तक राजनीति से जनसेवा जुडा रहा, गांधी, पटेल, सुभाष के समय राजनीति में जनसेवा का तत्व मौजूद था, किंतु नेहरू के प्रधान मंत्रित्व काल में ही इस महत्वपूर्ण तत्व का राजनीति से लोप होने लगा, जो आज यह तत्व राजनीति से पूरी तरह विलोपित हो गया है। आज तो राजनीति का सीधा सम्बंध, आर्थिक सेहत के साथ रूतबे से जुड़ गया है, आज राजनीति कर्णधार अपनी राजनीति प्रजा ही हर माध्यम से जुडकर पनपाते है, वे राजनीति में आकर न सिर्फ चँदा के धन्धा से जुड़ जाते है, बल्कि सत्ता का दुरूपयोग भी शुरू कर देते है। यही नहीं भारत ही विश्व में एकमात्र ऐसा देश है, जहां राजनेताओं ने सत्ता में आकर अपने अनुकूल नियम-कानून भी लागू कर लिए, इसका सबसे बड़ा उदाहरण राजनेता व राजनीतिक दलों के साथ जन प्रतिनिधि को आयकर कानून से बाहर रखना। एक सरकारी कर्मचारी या लघु उद्योगपति को अपने खून-पसीने की कमाई का बड़ा भाग आयकर के रूप में सरकार को चुकाना पड़ता है, किंतु एक राजनेता या उसका दल कितना ही धन वैध या अवैध तरीके से अर्जित कर लें, उसे कोई टेक्स नहीं चुकाना पड़ता। सरकार के ऐसे ही कुछ कानून है जो राजनेता को आम नागरिक के दर्जे से ऊपर उठा देते है और राजनेता शोषणकर्ता का एक अंग बन जाता है। आज देश की राजनीति में यह चंदा का कारोबार उत्तरोत्तर प्रगति मार्ग पर है, सत्ता में जो भी दल होता है, उस पर धन की वर्षा होती ही है, इसके साथ उसके राजनेता भी आर्थिक रूप से सम्पन्नता ग्रहण कर लेते है।

आज का राशिफल

मेष आज ग्रहों के बहुत ही शुभ योग बन रहे हैं। नौकरी में उच्च पद की प्राप्ति की संभावना बनी है।

तुला दिन परेशानी और उलझन वाला रहेगा। आज आपको बिना मन के कुछ काम करने पड़ सकते हैं।

वृषभ भाग्य साथ दे रहा है और सुख समृद्धि में वृद्धि होगी। आपके परिवार में सुख शांति का माहौल होगा।

वृश्चिक आपको माता का सानिध्य और आशीर्वाद भी मिलेगा और मन में काफी प्रसन्नता रहेगी।

मिथुन आज भाग्य में वृद्धि होगी और आपके लिए आज ग्रहों के शानदार योग बने हैं।

धनु आज आर्थिक लाभ होगा और कार्यक्षेत्र में कठिनाई व परिश्रम की अधिकता रखेगा।

कर्क आज आर्थिक लाभ होगा और आज जरूरी काम से यात्रा पर जाना पड़ सकता है।

मकर लाभ का दिन है और आज आपकी मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। उत्तम संपत्ति की प्राप्ति होगी।

सिंह अभिन्न मित्रों के सहयोग से व्यवसाय के नए स्रोत बनेंगे और आमदनी भी बढ़ेगी।

कुंभ आज का दिन सफलता से भरा होगा। आज कार्यक्षेत्र में अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है।

कन्या आज भाग्य का साथ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी और आय में वृद्धि होगी।

मीन धर्म-कर्म के प्रति आस्था बढ़ेगी। घर और अचल संपत्ति के सुधार व रख रखाव में खर्च बढ़ेगा।

विशेष

इतिहास नहीं मानसिकता का सवाल

राजस्थान से खबर है कि अकबर महान नहीं बल्कि एक बलात्कारी था। ऐसा भाजपा के शिक्षा मंत्री का कहना है। दरअसल राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर से जब मुगल शासक अकबर के संबंध में सवाल किया गया तो उन्होंने उसे बलात्कारी बता दिया। हुआ यूं कि बलोत्रा में स्थित एक मंदिर में शिक्षा मंत्री पहुंचे तो वहां उनसे राज्य की पाठ्य पुस्तकों में अकबर के पाठ पर प्रतिक्रिया मांगी तो उन्होंने कहा कि मुगल शासक सुंदर महिलाओं को लाकर उनके साथ रेप करते थे। यही नहीं उक्त मंत्री ने अकबर को महान कहे जाने पर भी आपत्ति दर्ज कराई और मीडिया के सामने ही कह दिया कि अकबार कभी महान नहीं था। वह आक्रमणकारी और रेपिस्ट था।

कांग्रेस अब जीरो की ओर

लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को एक झटका लगा क्योंकि कांग्रेस सांसद गीता कोड़ा बीजेपी में शामिल हो गई हैं। दरअसल गीता कोड़ा पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की पत्नी हैं, ऐसे में कहा जा रहा है कि झारखंड में तो कांग्रेस जीरो की ओर जाती जा रही है। गौरतलब है कि गीता कोड़ा पश्चिम सिंहभूम जिले के चाईबासा से सांसद हैं। इसलिए उनका भाजपा में शामिल होना लोकसभा चुानव से पहले कांग्रेस के लिए बड़ा झटका तो भाजपा का मास्टरस्ट्रोक ही माना जाएगा। इससे पहले कि कोई कयास और अफवाहों का दौर चलता गीता कोड़ा ने भाजपा कार्यालय पहुंच बाबूलाल मरांडी के सामने बीजेपी की सदस्यता ले ली।

कार्टून कोना

आज का इतिहास

1700: इंग्लैंड के खोजी विलियम डेम्पियर ने न्यू ब्रिटिश द्वीप की खोज की. 1807: अमरीकी साहित्यकार हेनरी लोगफेलो का जन्म. 1854: ईस्ट इंडिया कंपनी ने झांसी पर कब्जा कर लिया. 1861: रूसी शासन के खिलाफ वारसा में प्रदर्शन करने वाले पुलिस लोगों पर गोली चली जिसमें सैकड़ों लोग मारे गए. 1881: दक्षिण अफ्रीका में माजुबा पहाड़ियों में बोएर्स ने ब्रिटिश सैनिकों को शिकस्त दी. 1889: बर्मा ने रंगून से मांडले तक रेल लाइन यातायात के लिए खोली. 1900: ब्रिटेन में लेबर पार्टी का गठन हुआ. 1937: प्रसिद्ध क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद इलाहाबद में मारे गए. 1933: जर्मन संसद में आग लगी, जिसके लिए कम्युनिस्टों को दोषी करार दिया गया. 1939: ब्रिटेन और फ्रांस ने स्पेन सरकार को मान्यता प्रदान की. 1968: ब्रिटिश संसद ने अश्वेतों को आव्रजन पर रोक संबंधी विधेयक की मंजूरी दी. 1974: इथोपियाई मंत्रिमंडल ने इस्तीफा दिया. 1976: एस्किमो नेताओं ने लगभग दस लाख वर्ग मील क्षेत्र पर दावा प्रस्तुत किया.

दैनिक पंचांग

27 फरवरी 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति



ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य	कुंभ में	मीन	07.17 बजे से
चंद्र	कन्या में	मेष	08.47 बजे से
मंगल	मकर में	वृष	10.28 बजे से
बुध	कुंभ में	मिथुन	12.26 बजे से
गुरु	मेष में	कर्क	14.39 बजे से
शुक्र	मकर में	सिंह	16.55 बजे से
शनि	कुंभ में	कन्या	19.07 बजे से
राहु	मीन में	तुला	21.18 बजे से
केतु	कन्या में	वृश्चिक	23.33 ब.से
राहुकाल		धनु	01.49 बजे से
3.00 से 4.30		मकर	03.54 बजे से
बजे तक		कुंभ	05.40 बजे से

मंगलवार 2024 वर्ष का 58 वां दिन
दिशाशूल उत्तर **ऋतु** शिशिर।
विक्रम संवत् 2080 **शक संवत्** 1945
मास फाल्गुन (दक्षिण भारत में माघ)
पक्ष कृष्ण
तिथि तृतीया 01.54 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** हस्त अहोरात्र।
योग शूल 16.25 बजे को समाप्त।
करण वणिज 12.36 बजे तदनन्तर विष्टि 01.54 बजे रात्र को समाप्त।
चन्द्रायु 17.1 घण्टे
रवि क्रान्ति दक्षिण 08° 37'
सूर्य उत्तरायन
कलि अहर्गण 1871902
जूलियन दिन 2460367.5
कलियुग संवत् 5125
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2550
हिजरी सन् 1445
महीना सावान
तारीख 16

दिन का चौघड़िया			रात का चौघड़िया		
रोग	05.53 से	07.22 बजे तक	काल	05.42 से	07.13 बजे तक
उद्वेग	07.22 से	08.15 बजे तक	लाभ	07.13 से	08.45 बजे तक
चर	08.15 से	10.19 बजे तक	उद्वेग	08.45 से	10.16 बजे तक
लाभ	10.19 से	11.48 बजे तक	शुभ	10.16 से	11.48 बजे तक
अमृत	11.48 से	01.16 बजे तक	अमृत	11.48 से	01.19 बजे तक
काल	01.16 से	02.45 बजे तक	चर	01.19 से	02.51 बजे तक
शुभ	02.45 से	04.13 बजे तक	रोग	02.51 से	04.22 बजे तक
रोग	04.13 से	05.42 बजे तक	काल	04.22 से	05.54 बजे तक

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■Jagrutidaur.com, Bangalore

सूट के ये लेटेस्ट डिजाइंस शादी के बाद के लिए हैं परफेक्ट

आजकल आपको सूट को सिलवाने के लिए कई तरह के नए-नए पैटर्न और डिजाइन मार्केट तथा ऑनलाइन पर आपको नजर आ जाएंगे। आप और हम सभी को स्टाइलिश दिखना बेहद पसंद होता है और इसके लिए हम लेटेस्ट फैशन ट्रेंड्स को भी फॉलो करना पसंद करते हैं। बात अगर शादी के बाद की करें तो आप और हम सूट पहनना काफी पसंद करते हैं ताकि हम आरामदायक महसूस कर सकें।

वहीं आरामदायक महसूस करने और स्टाइलिश दिखने के चक्कर में हम कभी-कभी फैशन ट्रेंड्स को नजरअंदाज कर देते हैं। इसलिए आज हम आपके लिए लेकर आए हैं सूट के कुछ ऐसे डिजाइंस, जिन्हें आप अपनी शादी के बाद पहन सकती हैं और अपने लुक को मॉडर्न और उप-टू-डेट बना सकती हैं।

हैवी नेक डिजाइन के साथ नेट दुपट्टा

आजकल इस तरह हैवी नेट के दुपट्टे को काफी पसंद किया जा रहा है। अगर आप कम से कम वर्क वाले हैवी सूट को पहनना पसंद करती हैं तो इस तरीके के हैवी नेट के दुपट्टे को ऐसे सूट के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह का डिजाइन छोटे कद के बॉडी टाइप के लिए बेस्ट होता है। साथ ही ज्वेलरी के लिए स्टड्स इयररिंग्स को चुनें। हील्स के साथ लुक को कंप्लीट करें।

नेट वाला हैवी सूट डिजाइन

ऐसा डिजाइन देखने में बेहद क्लासी नजर आता है। बता दें कि आप इस तरीके का सूट किसी भी फंक्शन के लिए भी वियर कर सकती हैं। साथ ही बता दें कि अगर आपका कद लंबा है तो इस तरीके का सूट आप पर खूब खिलेगा। ऐसे डिजाइन के साथ आप ड्राप इयररिंग्स को स्टाइल करें। साथ ही प्लंप हील्स के साथ लुक को कंप्लीट करें। आप चाहे तो हैवी रिंग के साथ लुक को स्टाइलिश बना सकती हैं।

जॉर्जेट मटेरियल में सूट

अगर आप प्लस साइज हैं तो इस तरीके के जॉर्जेट मटेरियल वाले सूट आपके लिए बेस्ट रहेंगे। बता दें कि अगर आप प्लस साइज हैं तो आप इसमें बारीक वर्क वाले पैटर्न डिजाइन को चुन सकती हैं। इस तरह के सूट के साथ आप एंकल लेंथ पैंट्स को पहन सकती हैं। साथ ही बालों के लिए ओपन हेयर स्टाइल को चुनें। ज्वेलरी के लिए मिनिमल डिजाइन में डायमंड वर्क में कुछ चुनें।

बच्चों के साथ बिताएं क्वालिटी टाइम

वर्तमान समय में, बच्चों को सबसे ज्यादा जिस चीज की जरूरत होती है वह है माता-पिता का समय। आमतौर पर पैरेंट्स अपने बच्चों को हर सुख-सुविधा देना चाहते हैं और इसलिए वे कड़ी मेहनत करते हैं। लेकिन इस बीच वे यह भूल जाते हैं कि लग्जरी आइटम से भी ज्यादा बच्चे अपने माता-पिता का साथ, उनका प्यार व समय चाहते हैं। इसलिए आप उनके लिए मेहनत करें लेकिन फिर भी उनके साथ क्वालिटी टाइम बिताना ना भूलें। यह कहीं ना कहीं आपके भीतर के तनाव को भी कम करने में मददगार होगा।

अगर आप भी बच्चों के साथ क्रिएटिव तरीके से एक अच्छा समय बिताना चाहते हैं और आपको समझ नहीं आ रहा है कि वास्तव में क्या किया जाए तो परेशान ना हों। आज इस लेख में हम आपको बच्चों के साथ क्वालिटी टाइम बिताने के कुछ क्रिएटिव आईडियाज के बारे में बता रहे हैं, जो यकीनन आपको भी काफी पसंद आएंगे-

बनाएं मार्निंग रूटीन

कहते हैं कि दिन की शुरूआत जैसी होती है, पूरा दिन भी वैसा ही गुजरता है। इसलिए अगर संभव हो तो आप बच्चे के साथ एक मार्निंग रूटीन सेट कर सकती हैं। इसमें आप कंबल तय करने से लेकर उनके साथ पार्क में वॉक कर सकते हैं या फिर बच्चों के साथ योगाभ्यास करना भी एक अच्छा आईडिया है। इससे आप ना सिर्फ उनके साथ अच्छा समय बिता पाते हैं, बल्कि इससे उनका शारीरिक व मानसिक विकास होने में भी मदद मिलती है।

प्लॉन करें गेम्स

सुनने में आपको शायद यह बेहद ही सिंपल नजर आए, लेकिन वास्तव में इस तरीके से आप ना सिर्फ बच्चों के साथ एक फन टाइम बिता सकते हैं, बल्कि इससे आपके लर्निंग स्किल्स और रचनात्मकता को भी बढ़ा सकती हैं। आप उनके साथ कुछ ऐसे गेम्स खेलें, जिसमें उनकी फिजिकल और मेंटल एक्सरसाइज हो।

बेडटाइम स्टोरीज को ना भूलें

अगर आप पूरा दिन काफी बिजी रहते हैं तो ऐसे में आप रात के समय एक रूटीन बना सकते हैं, जिसमें आप बेडटाइम पर उन्हें कहानी सुनाएं। बेडटाइम आमतौर पर आपके बच्चे की कल्पना को उत्तेजित करने का समय होता हैं। साथ ही साथ कहानियां सुनने से उन्हें नींद भी अच्छी आती है जो उनके शारीरिक और मानसिक विकास के लिए जरूरी है। अगर आपका बच्चा उम्र में थोड़ा बड़ा है तो आप कुछ ऐसा भी कर सकते हैं कि एक दिन कहानी आप सुनाएं और दूसरे दिन उन्हें सुनाने के लिए कहें। बच्चे कहीं पर पढ़ी या सुनी हुई स्टोरीज के साथ-साथ खुद भी एक कहानी बनाकर आपको सुना सकते हैं।

एक्टिविटीज में आएगा बेहद मजा

बच्चों को हमेशा कुछ ना कुछ नया करना काफी अच्छा लगता है। ऐसे में आप घर में रखी पुरानी चीजों की मदद से उनके साथ कोई एक्टिविटी कर सकती हैं। आप घर के लिए कोई डेकोर आइटम तैयार करें या फिर उन्हें पेंट करने दें। इसी तरह जब आप उनके साथ अलग-अलग एक्टिविटीज करेंगी तो इससे वह खुद भी कई चीजें बनाने के लिए प्रेरित होंगे और उनके दिमाग में कई नए आईडियाज आएंगे।

इन उपायों से मीठी नींद में सोएगा आपका बच्चा

बड़ों की तरह ही बच्चों में सोने की भी अलग-अलग आदतें होती हैं। कई बच्चे थोड़ी-सी भी फिजिकल एक्टिविटी करते ही बार-बार सो जाते हैं, तो कुछ बच्चों को बहुत ही मुश्किल से नींद आती है। बच्चों की हेल्थ के लिए उनकी 10-11 घंटे की नींद बहुत जरूरी है। ऐसे में अगर आपका बच्चा सोता नहीं है, तो आपको उसे सुलाने के लिए कुछ टिप्स अपनाने चाहिए-

इन बातों का भी रखें ध्यान

- बच्चे को रोज अलग सुलाने की कोशिश करें। अगर आप शुरू से ही ऐसा करेंगी, तो इससे उसमें अलग सोने की आदत पड़ेगी।
- सुलाने से पहले बच्चे की मालिश करना भी काफी फायदेमंद रहता है, इससे उसको अच्छी नींद आएगी।
- सुलाने से पहले बच्चे की सफाई पर भी ध्यान दें। खास कर नाक, कान और मुंह की ठीक से सफाई करके उन्हें सुलाएं।
- बच्चे को सुलाते वक्त कमरे में अंधेरा जरूर कर दें, क्योंकि अंधेरे में नींद से जुड़ा हार्मोन सक्रिय होता है। यही हार्मोन नींद लाने में सहायक होता है।
- कमरे की खिड़की के परदे जरूर फैला दें और संभव हो तो दरवाजे को भी बंद कर दें, ताकि बच्चा बाधारहित अच्छी नींद ले सके।
- धीमा म्यूजिक और वार्म लाइट भी बच्चे को अच्छी नींद देने में मददगार होते हैं। इसकी व्यवस्था आप उसके कमरे में कर सकती हैं।
- जब आपका बच्चा सो रहा हो, तो घर में तेज आवाज वाले उपकरण जैसे मिक्सी, वैक्यूम क्लीनर आदि का इस्तेमाल न करें। इससे बच्चे डर कर जाग जाते हैं।
- आप चाहें तो बच्चे के साथ सो सकती हैं, जब तक कि वह सो नहीं जाता। लेकिन उससे लिपट कर ना सोएं, वरना उसको इसकी आदत हो जाती है और आपके -हटते ही उसकी नींद टूट जाती है। बेहतर यही होगा कि आप अपने बच्चे को इस तरह की आदत ना डालें।
- जब बच्चा हल्की नींद में हो, तभी उसे गोद से या झूले से निकाल कर बिस्तर पर सुला दें।

लोन लेकर खरीदने जा रही हैं स्कूटी तो..

अगर आप अपने लिए या अपने परिवार के किसी सदस्य के लिए स्कूटी खरीदने की सोच रही हैं और इसके लिए आप पैसों का इंतजाम करने के लिए लोन लेना चाहती हैं तो इससे...

आज के समय में वाहन का हमारी जिंदगी में अहम किरदार होता है। आपको अगर कहीं भी घूमने का मन होता है या कोई जरूरी काम होता है तो आप अपने वाहन से आराम से जा सकती हैं। वाहन की बात करें तो महिलाओं के बीच स्कूटी का क्रेज आजकल बहुत अधिक हो गया है। अगर आप स्कूटी खरीदने का सोच रही हैं और आप इसके लिए लोन लेना चाहती हैं तो हम आपको बताएंगे कि आपको किन बातों का ध्यान रखना चाहिए क्योंकि कई बार लोग जल्दबाजी में लोन लेकर स्कूटी खरीद लेते हैं लेकिन फिर बाद में उन्हें परेशानियों का सामना भी करना पड़ता है।

चेक करें सबसे अच्छा विकल्प

अगर आप स्कूटी खरीदने के लिए लोन लेने पर विचार कर रही हैं तो उससे पहले आपको अपने स्तर पर अलग-अलग बैंकों से मिलने वाले लोन और उनके ब्याज के बारे में पता कर लेना चाहिए। बेहतर शर्तों के साथ ऋण प्रदान करने वाले बैंक को सेलेक्ट करके ही आपको लोन लेना चाहिए। आपको बता दें कि त्यौहार के समय आपको स्कूटी खरीदने पर स्पेशल ऑफर भी दिया जाता है इसलिए आपको कोशिश करनी चाहिए कि आप किसी खास मौके पर स्पेशल ऑफर मिलने पर स्कूटी खरीदें और फिर लोन के लिए अप्लाई करें।

लोन कैपेसिटी चेक करें

लोन लेने से पहले सबसे जरूरी बात यह होती है कि आप अपनी रीपेमेंट कैपेसिटी जरूर चेक करें। अगर आप स्कूटी के लिए बड़े अमाउंट में और लंबे समय तक ईएमआई देंगी तो ऐसे में आपकी फाइनेंशियल प्लानिंग और बजट पर भी इसका असर पड़ेगा इसलिए आपको लोन अमाउंट री-पेमेंट की क्षमता के अनुसार ही तय करना चाहिए।

क्रेडिट स्कोर चेक करें

आपको बता दें कि एक अच्छा क्रेडिट स्कोर आपको बेहतर लोन लेने में मदद करता है। क्रेडिट स्कोर अगर बेहतर होता है तो वह बैंक को इस बात की संभावना भी जताता है कि दिए गए लोन की ईएमआई समय पर दी जाएगी। इसके साथ-साथ आपको यह भी चेक करना चाहिए कि लोन अमाउंट आपके स्कूटी को लेने के लिए पर्याप्त होना चाहिए और डाउन पेमेंट, लोन की अवधि, प्रीपेमेंट विकल्प के बारे में भी आपको पूरी जानकारी रखनी चाहिए। कई बार लोग जल्दबाजी में लोन को ले लेते हैं और फिर बाद में उन्हें लोन चुकाने में परेशानी आती है। ऐसी परेशानी आपके साथ न हो इसलिए आपको इन सबी बात को सुनिश्चित कर लेना चाहिए।

रखें इन बातों का ध्यान

- स्कूटी खरीदे से पहले मार्केट में चल रहे ऑफर के बारे में जरूर जान लें। बहुत बार कोई कंपनी 2 कुछ दिनों के लिए स्पेशल ऑफर लेकर आती है जिसके अंदर स्कूटी खरीदने पर आपको फायदा हो सकता है।
- वहीं अगर आप एमआरपी से भी कम में स्कूटी लेना चाहते हैं तो आप सेकेंड हैंड स्कूटी खरीद सकते हैं। बहुत बार लोग काफी अच्छी कंडीशन में ही अपनी स्कूटी बेच रहे होते हैं जो एक अच्छा ऑफर है।
- इसके साथ-साथ त्यौहारों के मौसम में भी कपंनी की तरफ से कई सेल के ऑफर दिए जाते हैं जिसके तहत स्कूटी खरीदने पर आपको ज्यादा खर्च करने की जरूत नहीं पड़ेगी।

ग्रो बैग गार्डनिंग करने से मिलते हैं ये फायदे

आजकल हर कोई प्लांट्स लगाने को बेहद प्राथमिकता देने लगा है। ऐसा माना जाता है कि ऐसा करके हम खुद को और पर्यावरण दोनों को लाभ पहुंचा रहे हैं। हालांकि, पर्यावरण का ख्याल रखने के लिए यह भी जरूरी है कि आप उनके लिए सही पॉट का चयन करें। अक्सर लोग प्लास्टिक के पॉट में प्लांट्स लगाते हैं। लेकिन अगर आप एक एनवायरनमेंट फ्रेंडली ऑप्शन की तलाश में हैं तो ऐसे में ग्रो बैग्स का विकल्प चुनें।

ये ग्रो बैग्स बिग साइज के बैग्स होते हैं, जिनमें आप अपनी मिट्टी के भीतर बीज बो सकती हैं और उन्हें बढ़ते हुए देख कसते हैं। ये ग्रो बैग्स ब्रेथेबल ईको-फ्रेंडली फैब्रिक से बनाए तैयार किए जाते हैं। हो सकता है कि आपने अब तक ग्रो बैग्स का इस्तेमाल ना किया हो।

ग्रो बैग क्या होते हैं

ग्रो बैग वास्तव में एक बिग साइज बैग होते हैं। ये एक ईको-फ्रेंडली ऑप्शन हैं। वे ऐसे किसी भी पौधे को उगाने में सक्षम हैं जिसके लिए गहरी जड़ों की आवश्यकता नहीं होती है। ग्रो बैग में सलाद ग्रीन्स, हर्ब्स, टमाटर, इंडोर प्लांट्स आदि में उगाने के लिए उपयुक्त माने गए हैं। मूल रूप से, जो कुछ भी आप एक कंटेनर में उगाने के बारे में सोच सकते हैं, उसे ग्रो बैग में भी उगाया जा सकता है।

होते हैं लाइटवेट

ग्रो बैग वजन में काफी लाइटवेट होते हैं। इनका वजन हल्का होने के कारण उन्हें बालकनी और छत पर गार्डनिंग के लिए एक अच्छा ऑप्शन माना जाता है। इन्हें आप आसानी से कैरी कर सकती हैं। इन्हें मूव करने के लिए आपको बहुत अधिक ताकत की जरूरत नहीं होती है।

ब्रेथेबल फैब्रिक से मिलता है फायदा

ग्रो बैग का फैब्रिक ब्रेथेबल होता है, जिसका अर्थ यह है कि प्लांट में हवा आसानी से पहुंच जाती है। वहीं, प्लास्टि के पॉट में से हवा पास नहीं हो पाती है। ग्रो बैग का ब्रेथेबल होने का मतलब है कि वे अच्छी तरह से ड्रेन भी होते हैं। इस तरह आप अपने पौधे को पानी देती हैं, तो आपका ग्रो बैग पानी को पौधे से आसानी से गुजरने देता है। इससे मिट्टी हेल्दी होती है और प्लांट की लाइफ अधिक बेहतर होती है।

बायोडिग्रेडेबल होने से मिलता है फायदा

कुछ ग्रो बैग पूरी तरह से बायोडिग्रेडेबल होते हैं। जिसका अर्थ है कि आप उन्हें सीधे जमीन में लगा सकती हैं और कुछ समय के बाद यह नेचुरल मिट्टी में आसानी से घुल जाएंगे। इस तरह आपको पौधे को पॉट से ग्राउंड गार्डन में शिफ्ट करने में कोई समस्या नहीं होती है। आप ग्रो बैग में बीज बोएं। जब तक यह बीज पौधे से एक बड़ा प्लांट बनने की प्रक्रिया में होगा, तो यह ग्रो बैग मिट्टी में घुल चुका होगा।

इन बातों का रखें ध्यान

- आप यह ध्यान रखें कि आप अपने ग्रो बैग में बढ़ने के लिए सही पौधे का चयन करें। ग्रो बैग भी अलग साइज के मिलते हैं। ऐसे में सही ग्रो बैग को चुनना जरूरी है। तुलसी, रोजमेरी व थाइम आदि को बढ़ने के लिए केवल एक छोटी सी जगह की आवश्यकता होती है। इन जड़ी बूटियों के लिए छोटे ग्रो बैग का उपयोग किया जा सकता है।
- सामान्य से अधिक पानी की आवश्यकता वाले पौधों के लिए सेल्फ वाटरिंग ग्रो बैग का उपयोग करें। ग्रो बैग में सेल्फ वॉटरिंग सिस्टम भी होता है। जहां बेस पर एक पॉकेट में पानी होता है जिसका उपयोग आप समय पर पानी भरने के लिए कर सकते हैं। खीरे, स्क्वैश और लेट्यूस कुछ ऐसे पौधे हैं जो सेल्फ वॉटरिंग ग्रो बैग्स के लिए सबसे उपयुक्त हैं।
- अपने ग्रो बैग के लिए सबसे अच्छी मिट्टी का उपयोग करें। पिसी हुई मिट्टी का उपयोग न करें क्योंकि यह आपके ग्रो बैग को भारी बना सकती है और इसकी एयर फ्लो को बर्बाद कर सकती है। बेहतर परिणामों के लिए आप अपने ग्रो बैग को कंपोस्ट और पीट मॉस मिश्रण से भरें।

संक्षिप्त समाचार

भोजन नहीं, कपड़े और मनोरंजन पर ज्यादा खर्च कर रहे भारतीय

नई दिल्ली, एजेंसी। देश में लोग भोजन पर कम और कपड़े व मनोरंजन इत्यादि पर ज्यादा पैसे खर्च कर रहे हैं। राष्ट्रीय नमूना सर्वे कार्यालय (एनएसएसओ) के ताजा अध्ययन से यह जानकारी मिली है। इसके मुताबिक, भारतीय परिवारों का घरेलू खर्च पिछले 10 वर्षों में दोगुना से ज्यादा हो गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, अगस्त 2022 से जुलाई 2023 के बीच किए गए सर्वेक्षण में शहरी क्षेत्रों में औसत मासिक प्रति व्यक्ति उपभोग व्यय बढ़कर अनुमानित 6,459 रुपये हो गया, जो 2011-12 में 2,630 रुपये था। इसी अवधि में ग्रामीण भारत में यह 1,430 रुपये से बढ़कर अनुमानित 3,773 रुपये हो गया। भारतीय परिवार खाद्य पदार्थों पर प्रतिशत के रूप में कम खर्च कर रहे हैं, जबकि कपड़े, टेलीविजन सेट और मनोरंजन जैसी विवेकाधीन वस्तुओं पर ज्यादा खर्च कर रहे हैं। इस सर्वेक्षण का उद्देश्य देश के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों और विभिन्न सामाजिक-आर्थिक समूहों के लिए घरेलू मासिक प्रति व्यक्ति उपभोग व्यय (एमपीसीई) और इसके वितरण का अलग-अलग अनुमान तैयार करना है।

पावर ग्रिड से स्किपर लिमिटेड को मिला 737 करोड़ रुपये का ठेका, शेयर खरीदने को मची लूट

नई दिल्ली, एजेंसी। पावर ग्रिड से 737 करोड़ रुपये का ठेका मिलने के बाद स्किपर लिमिटेड के शेयरों को खरीदने की आज लूट मची है। सुबह मार्केट खुलते ही निवेशक इस पर टूट पड़े और देखते ही देखते यह 10 फीसद उछलकर 401 रुपये पर पहुंच गया। यह इसका 52 हफ्ते का हाई है। शेयर सुबह 385 के स्तर पर खुला।

स्किपर लिमिटेड ने रविवार को यह जानकारी दी कि उसे पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड से 737 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। कंपनी को यह ठेका अत्याधुनिक 765 केवी ट्रांसमिशन लाइन के डिजाइन, सप्लाई और निर्माण के लिए मिला। इस खबर के बाद आज शुरुआती कारोबार में इसमें जबर्दस्त तेजी देखी गई। अगर स्किपर लिमिटेड के शेयर प्राइस हिस्ट्री की बात करें तो पिछले पांच दिन में इसने 13 फीसद से अधिक का रिटर्न दिया है। पिछले एक महीने में ही यह शेयर करीब 60 फीसद उछल चुका है। जबकि, छह महीने में इसने करीब 84 फीसद की उड़ान भरी है। इस साल अबतक इसने 62 फीसद से अधिक का रिटर्न दिया है। इसका 52 हफ्ते का लो 85.24 रुपये है।

स्किपर लिमिटेड एक भारतीय ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन स्ट्रक्चर बनाने वाली कंपनी है। इसकी स्थापना 1981 में हुई थी। इसका मुख्यालय कोलकाता में है। स्किपर लिमिटेड टावर्स, ईपीसी, मोनोपोल और पोल्स जैसे सब-सेगमेंट में उपस्थिति के साथ पावर ट्रांसमिशन एंड डिस्ट्रीब्यूशन और पॉलिमर पाइप,र फिटिंग सेगमेंट में काम करता है। पावर टीएंडडी संरचनाओं की विनिर्माण क्षमता के मामले में यह भारत की तीसरी सबसे बड़ी कंपनी है। यह दक्षिण अमेरिका, यूरोप, अफ्रीका, मध्य पूर्व, दक्षिण एशिया और ऑस्ट्रेलिया में 40 से अधिक देशों को निर्यात करता है।

73.87 लाख पीएफ क्लेम में से 24.93 लाख खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन से जुड़े सदस्यों को अपने पीएफ क्लेम को निपटाने में मुश्किलों का सामना कर पड़ा रहा है। आंकड़ों के मुताबिक वित्त वर्ष 2017-18 में ईपीएफ अंतिम दावों के करीब 13 फीसद मामले खारिज हुए थे, जो वित्त वर्ष 2022-23 में बढ़कर लगभग 34 प्रतिशत हो गए है। यानी हर तीन ईपीएफ दावों में से एक दावा नामंजूर हो रहा है। क्लेम मिलने में देरी होने और भारी संख्या में दावे खारिज करने की काफी शिकायतें सोशल मीडिया पर आ रही हैं।

वित्त वर्ष 2022-23 में कुल 73.87 लाख पीएफ क्लेम आए थे, जिनमें से 24.93 लाख यानी 33.8 फीसदी खारिज हो गए। इस तरह तीन में से एक दावा रद्द हो गया। इसी अवधि में 46.66 लाख दावे निपटाए गए और सदस्यों को राशि जारी की गई। 18 लाख दावे शेष रह गए। यह आंकड़ा वर्ष 2017-18 और 2018-19 में खारिज किए गए दावों से काफी अधिक है। उस समय क्रमशः 13 फीसदी और 18.2 फीसदी दावे खारिज हुए थे। इसके बाद 2019-20 में दावा खारिज होने की दर बढ़कर 24.1 फीसदी पहुंच गई। वर्ष 2020-21 में यद दर 30.8 फीसदी और 2021-22 में 35.2 फीसदी पहुंच गई।

ईपीएफओ अधिकारियों का कहना है कि पीएफ दावे तेजी से अस्वीकार होने की बड़ी वजह ऑनलाइन प्रक्रिया है। पहले दस्तावेजों का सत्यापन नियोक्ता या कंपनी करती थी, इसके बाद कागजात ईपीएफओ के पास आते थे। लेकिन, अब पीएफ खाते आधार नंबर से ऑनलाइन जोड़े गए हैं। ऐसे में 99 फीसदी दावे ऑनलाइन पोर्टल के जरिए किए जा रहे हैं। ऑनलाइन आवेदन में आवेदनकर्ताओं से कुछ गलतियां हो जाती हैं और उनका क्लेम खारिज हो जाता है।

क्या कहता है ईपीएफओ

ईपीएफओ के मुताबिक जब पीएफ का ऑफलाइन निपटारा होता था तो संस्थान की हेल्पडेस्क ऐसे मामलों को निपटाती थी, जिससे पीएफ दावा जल्दी खारिज नहीं होता था। अब पीएफ की रकम ऑनलाइन क्लेम हो रही है जिसमें कई खामियां आ रही हैं। कई बार तो पीएफ खाताधारक के नाम के अक्षर मेल नहीं खाते, तो कभी आधार कार्ड में अलग-अलग जानकारी होती है। इसकी जिसकी वजह से पीएफ के दावों के निपटारे में काफी दिक्कतें आ रही है।

क्लेम दाखिल करते समय बरतें ये सावधानी

1. गलत या अधूरी केवाईसी

अगर आपकी केवाईसी जानकारी अधूरी और वैध नहीं है तो पीएफ दावा खारिज हो सकता है। इससे बचने के लिए दावा दाखिल करने से पहले केवाईसी से संबंधित सभी दस्तावेजों को अपडेट कर लें।

2. यूएएन आधार से लिंक न होना

यदि आधार और यूनिवर्सल अकाउंट नंबर (यूएएन) आपस में लिंक नहीं है तो पीएफ दावा खारिज हो जाएगा। ऐसे में आधार को सबसे पहले यूएएन से लिंक करें।

3.जानकारी में अंतर

जमा किए गए दावे के विवरण और ईपीएफओ रिकॉर्ड्स के बीच अंतर से भी दावा खारिज हो सकता है। इसलिए नाम, कंपनी में शामिल होने और छोड़ने की तारीख, बैंक खाते का ब्योरे के जरूरी ठीक कर लें।

4. बैंक खाता नंबर गलत होना

गलत बैंक खाता नंबर या आईएफएससी कोड देने से भी दावा खारिज हो जाएगा। रकम पाने के लिए खाता सक्रिय होना चाहिए और पीएफ खाते के साथ लिंक होना चाहिए।

5. गलत फॉर्म भर देना

कई बार आवेदक गलत फॉर्म भर देते हैं, इससे भी रकम नहीं मिलती। ध्यान दें कि फॉर्म 19 अंतिम निपटान के लिए है, फॉर्म 10सी पेंशन निकासी और फॉर्म 31 आंशिक निकासी के लिए है।

दावे निपटाने में लगते हैं 20 दिन

ईपीएफओ के मुताबिक अगर सही तरीके से सभी दस्तावेजों के साथ दावा दाखिल किया जाए तो पीएफ खाताधारक को 20 दिन के भीतर पैसा दे दिया जाता है। ईपीएफओ के पास 27.7 करोड़ खाते हैं और यह लगभग 20 लाख करोड़ के फंड का प्रबंधन करता है।

कभी खुद के पास नहीं था प्राइवेट टॉयलेट, आज बेच चुके हैं 15,000 फ्लैट

रिजवान साजन की जन्म और परवरिश मुंबई में हुई

- पिता ने निधन के बाद काम करने के लिए कुवैत गए
- उन्होंने 1993 में दुबई में डेन्यूब ग्रुप की स्थापना की

नई दिल्ली, एजेंसी। रिजवान साजन की कहानी किसी परीकथा सरीखी लगती है। उन्होंने मुंबई की झुग्गियों से निकलकर दुबई में बड़ा मुकाम हासिल किया और आज एक सफल कारोबारी हैं। उनका डेन्यूब ग्रुप दुबई में कंस्ट्रक्शन मटीरियल, होम डेकोर और रियल एस्टेट डेवलपमेंट से जुड़ा कारोबारी समूह है। इसकी स्थापना रिजवान साजन ने 1993 में की थी। साल 2022 में इस ग्रुप का टर्नओवर दो अरब डॉलर रहा था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक साजन की नेटवर्थ करीब 18,000 करोड़ रुपये है और वह भारतीय मूल के टॉप 100 कारोबारियों में शामिल हैं। रिजवान जब महज 16 साल के थे तो उनके पिता का निधन हो गया। तीन भाई-बहनों में सबसे बड़े रिजवान के कंधों पर छोटी उम्र में ही परिवार का बोझ पड़ गया था। परिवार का पेट पालने के लिए उन्होंने एक स्ट्रीट वेंडर के रूप में किताबें बेची और दूध बांटने का भी काम किया। आज उन्हें दुबई का वन परसेंट मैन कहा जाता है।

रिजवान साजन का जन्म मुंबई की एक मिडिल क्लास फैमिली में हुआ था। उनका परिवार चॉल में रहा करता था। हालत यह थी कि उनके पास प्राइवेट टॉयलेट भी नहीं था। एक दिन उनके पिता को सब्सिडी पर सस्ता

घर खरीदने का मौका मिला। रिजवान कहते हैं कि उस दिन उन्हें पता चला कि घर क्या होता है। रिजवान ने गल्फ न्यूज के दिए एक इंटरव्यू में कहा कि वे मुश्किल दिन थे। उनके पिता एक स्टील फैक्ट्री में सुपरवाइजर थे और उन्हें हर महीने सात हजार रुपये पगार मिलती थी। घर का खर्च चलाना और स्कूल की फीस देना मुश्किल होता था। लेकिन जब वह 16 साल के थे तो उनके पिता का निधन हो गया। परिवार की जिम्मेदारी उनके नाजुक कंधों पर आ गई। जिंदगी के शुरुआती दिनों में परिवार का पेट पालने के लिए उन्होंने एक स्ट्रीट वेंडर के रूप में किताबें और पटाखे बेचे।

वन परसेंट प्लान ने किया कमाल

इतना ही नहीं इनकम बढ़ाने के लिए वह दूध बांटने का भी काम करने लगे। साल 1981 में वह कुवैत अपने चाचा की कंस्ट्रक्शन मटीरियल की दुकान पर काम करने चले गए। वहां उन्होंने एक ट्रेनी सेल्समैन के रूप में काम किया। तब उन्हें करीब 18,000 रुपये मिलते थे। उन्होंने आठ साल तक कुवैत में काम किया और सेल्स मैनेजर बन गए। धीरे-धीरे साजन का काम बढ़ने लगा लेकिन 1991 में खाड़ी युद्ध ने सब खत्म कर दिया। उन्हें मुंबई लौटने के लिए मजबूर होना पड़ा। मुंबई लौटकर उन्होंने फिर से नौकरी खोजनी शुरू की। आखिर उन्हें दुबई में बिल्डिंग मटीरियल बिजनस में ब्रोकरेज का काम मिला। फिर एक दिन उन्होंने नौकरी छोड़कर अपना बिजनस करना शुरू किया। इस तरह साल 1993 में डेन्यूब ग्रुप का जन्म हुआ। यह वह समय था जब दुबई में कंस्ट्रक्शन का काम शुरू ही हुआ था। फिर क्या था उनका बिजनस चल निकला और इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। अगले डेढ़ दशक तक उन्हें अपने बिजनस को फैलाया। 2006 में उन्होंने सैनिटरी सॉल्यूशन ब्रांड मिलानो शुरू किया। फिर 2008 में होम फर्निशिंग के बिजनस में भी कदम रखा। चार साल बाद यानी 2012 में उन्होंने एल्यूमीनियम कंपोजिट पैनल्स बनाने का काम भी शुरू किया और 2014 में रियल एस्टेट में भी एंट्री मारी। उनका वन परसेंट प्लान काफी हिट रहा और वह अब तक 15,000 फ्लैट बना चुके हैं। रिजवान कहते हैं, यह बहुत आसान प्लान है। आप शुरुआत में थोड़ा बहुत पैसा देकर फ्लैट का पजेशन ले सकता है। बाकी अमाउंट आप हर महीने एक परसेंट चुका सकते हैं। हजारों लोगों ने इसे हाथोंहाथ लिया। साल 2022 में डेन्यूब ग्रुप का टर्नओवर दो अरब डॉलर था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक साजन की नेटवर्थ करीब 18,000 करोड़ रुपये है।

कंगाल करने के बाद अचानक मालामाल करने का लगा पेटीएम का शेयर

नई दिल्ली, एजेंसी। पेटीएम के शेयरों में आज तेजी देखने को मिली है। कंपनी के शेयरों में सोमवार को 5 प्रतिशत का अपर सर्किट लगा है। कंपनी के शेयरों में यह तेजी एक खबर के आने के बाद देखने को मिली है। पेटीएम ने नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया से आग्रह किया है कि उन्हें यूपीआई पेमेंट्स के लिए थर्ड पार्टी एप्लीकेशन के तौर काम करने दें। रिजर्व बैंक ने कहा है, एनपीसीआई को पेटीएम के रिक्वेस्ट पर विचार करने की सलाह रिजर्व बैंक की तरफ से दिया गया है। सेंट्रल बैंक ने कहा है कि नियमों के तहत यह विचार करें कि क्या पेटीएम यूपीआई के लिए थर्ड पार्टी एप की तरह काम कर सकता है या नहीं। बता दें, वन 97 कम्युनिकेशन के पास पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड में कुल हिस्सेदारी 49 प्रतिशत की है।

अगर एनपीसीआई की तरफ से पेटीएम को यूपीआई पेमेंट्स के लिए अप्रवूल मिलता है तो यह उनके लिए बड़ी राहत भरी खबर होगी। हालांकि, इसके लिए उन्हें किसी नए बैंक को ऐप के लिए चिन्हित करना होगा। रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को कहा है कि एनपीसीआई को बड़ी मात्रा में यूपीआई पेमेंट्स करने वाले 4 से 5 बैंकों की सुविधा पेटीएम को देना चाहिए। इस पूरे मसले पर एनपीसीआई के फैसले का इंतजार हो रहा है।

दवा कंपनी अल्केम में 1,000 करोड़ रुपये का हेरफेर! इनकम टैक्स की जांच में हुआ खुलासा, शेयरों में भारी गिरावट

नई दिल्ली, एजेंसी। दवा बनाने वाली कंपनी अल्केम लैबोरेटरीज की मुश्किलें बढ़ गई है। इनकम टैक्स विभाग की जांच में कंपनी में बड़ी टैक्स चोरी का मामला सामने आया है। इंडिया टुडे टीवी की एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से यह दावा किया गया है। पिछले साल सितंबर में इनकम टैक्स विभाग में अल्केम लैबोरेटरीज के ऑफिस और परिसरों पर छापा मारा था। इसके बाद विभाग ने कई महीनों तक इस मामले की गहन जांच की। इस दौरान अधिकारियों के बयान दर्ज किए गए और बैलेंस शीट को खंगाला गया। इसमें पता चला कि कंपनी ने बोगस क्लैम करके अरबों रुपये की टैक्स चोरी की। इससे कंपनी के शेयरों में आज भारी गिरावट देखने को मिल रही है। सूत्रों के मुताबिक कंपनी ने बोगस क्लैम करके 1,000 करोड़ रुपये से अधिक की टैक्स चोरी की। जांच में यह भी सामने आया कि अल्केम लैब्स डॉक्टरों और मेडिकल प्रैक्टिशनर्स को पैसा देकर उन्हें प्रिस्क्रिप्शन में अपनी दवा लिखने के लिए कहती थी। इस दौरान कंपनी ने डॉक्टरों को सैकड़ों करोड़ रुपये का भुगतान किया। सूत्रों के मुताबिक अल्केम लैब्स को भारी जुर्माना देना पड़ सकता है। इस बीच कंपनी के शेयरों में आज भारी गिरावट देखने को मिल रही है।

एनवीडिया का मार्केट कैप दो ट्रिलियन डॉलर के करीब पहुंचा

रूस की जीडीपी से ज्यादा हो चुका है कंपनी का मार्केट कैप

इस साल इसके शेयरों में 50 परसेंट से ज्यादा तेजी आई है

नई दिल्ली, एजेंसी। एआई चिप बनाने वाली अमेरिका कंपनी एनवीडिया के शेयरों में इस साल 50 फीसदी से अधिक तेजी आई है। पिछले हफ्ते एक ही दिन में इसके मार्केट कैप में 277 अरब डॉलर का रेकॉर्ड इजाफा हुआ। पिछले साल भी इसके शेयरों में 239 फीसदी तेजी आई थी। इस तेजी के साथ ही इस कंपनी का मार्केट कैप 1.97 ट्रिलियन डॉलर पहुंच गया है जो रूस की जीडीपी से अधिक है। रूस की इकॉनमी का साइज

1.92 ट्रिलियन डॉलर है और वह दुनिया की 12वीं बड़ी इकॉनमी है। एनवीडिया दुनिया की चौथी बड़ी वैल्यूएबल कंपनी है। उससे आगे माइक्रोसॉफ्ट (3.04 ट्रिलियन डॉलर), ऐपल (2.81 ट्रिलियन डॉलर) और सऊदी अरामको (2.06 ट्रिलियन डॉलर) है।

अमेरिका 27.97 ट्रिलियन डॉलर के साथ दुनिया की सबसे बड़ी इकॉनमी है। चीन 18.56 ट्रिलियन डॉलर के साथ दूसरे, जर्मनी 4.73 ट्रिलियन डॉलर के साथ तीसरे, जापान 4.29 ट्रिलियन डॉलर के साथ चौथे और भारत 4.11 ट्रिलियन डॉलर के साथ पांचवें नंबर पर है। इसके बाद यूके (3.59 ट्रिलियन डॉलर) और फ्रांस (3.18 ट्रिलियन डॉलर) का नंबर है। माइक्रोसॉफ्ट और ऐपल का मार्केट कैप इटली (2.28 ट्रिलियन डॉलर), ब्राजील (2.27 ट्रिलियन डॉलर) और कनाडा (2.24 ट्रिलियन डॉलर) से ज्यादा है। सऊदी अरामको का मार्केट कैप मेक्सिको (1.99 ट्रिलियन डॉलर) से ज्यादा है। इसी तरह ऐमजॉन (1.81 ट्रिलियन डॉलर) का मार्केट कैप साउथ कोरिया, ऑस्ट्रेलिया, स्पेन, इंडोनेशिया और तुर्की से अधिक है।

क्यों बढ़ रहा है शेयर

एनवीडिया के शेयर ने गुरुवार को एक दिन में सबसे ज्यादा कमाई का रेकॉर्ड बनाया। चौथी तिमाही में शानदार प्रदर्शन के दम पर कंपनी का शेयर 16.4 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुआ। इसके साथ ही कंपनी का मार्केट कैप 277 अरब डॉलर बढ़ गया जो अब तक किसी भी कंपनी के वैल्यूएशन में एक दिन में आई सबसे बड़ी उछाल है। दुनिया के महंगे एआई चिप मार्केट में एनवीडिया की 80 फीसदी हिस्सेदारी है। चौथी तिमाही में कंपनी का रेवेन्यू तीन गुना से अधिक बढ़कर 22.10 अरब डॉलर रहा था। इस कंपनी की स्थापना ताइवान में जन्मे जेंसन हुआंग ने की थी।

ईरान में एक कप चाय के दाम में मिलता है 4 लीटर पेट्रोल

नई दिल्ली, एजेंसी। एक कप चाय की कीमत में अगर आपको चार लीटर से अधिक पेट्रोल मिले तो आपकी तो बल्ले-बल्ले हो जाएंगे। दुनिया में सबसे सस्ता पेट्रोल की कीमत आज ढाई रुपये से कम है और अपने देश में एक आप चाय की औसत कीमत 10 रुपये है। इस लिहाज से जहां पेट्रोल 2.37 रुपये लीटर बिक रहा है, वहां अपने यहां के एक कम चाय के दाम में 4 लीटर से अधिक पेट्रोल मिल जाएंगे।

हम बात कर रहे हैं ईरान की। यहां एक लीटर पेट्रोल की कीमत पर दिए गए ताजा आंकड़ों के मुताबिक भारतीय रुपये में 2.37 रुपये है। सबसे महंगा पेट्रोल हांगकांग में है। यहां एक लीटर पेट्रोल के लिए 258.48 रुपये खर्च करने पड़ेंगे। जबकि, अपने देश में सबसे महंगा पेट्रोल राजस्थान के श्रीगंगानगर में 113.44 रुपये लीटर है। वैसे आज भारत में सबसे सस्ता पेट्रोल पोर्टब्लेयर में 84.10 रुपये और डीजल 79.74 रुपये लीटर बिक रहा है। जबकि, पाकिस्तान में एक लीटर पेट्रोल की औसत कीमत 81.66 रुपये (भारतीय करेंसी में) है।

पेट्रोल-डीजल के आज के रेटः

सरकारी ऑयल मार्केटिंग पेट्रोलियम कंपनियों ने रोजाना की तरह आज सुबह छह बजे पेट्रोल-डीजल के रेट जारी कर दी हैं।

651वें दिन भी तेल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दूसरी ओर ब्लूमबर्ग एनर्जी पर दिए गए ताजे अपडेट के मुताबिक ब्रेंट क्रूड का अप्रैल वायदा 81.41 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया है। जबकि, डब्ल्यूटीआई क्रूड 76.28 डॉलर प्रति बैरल पर है।

भारत से काफी महंगा है नेपाल में तेल

अपने आसपास के अन्य देशों की बात करें तो नेपाल में पेट्रोल अब 107.44 रुपये लीटर हो गया है, जबकि भारत में औसत रेट 104.18 रुपये है। श्रीलंका में भी पेट्रोल की कीमत 121.17 रुपये प्रति लीटर पड़ेगी। यहां सभी आंकड़े भारतीय रुपये में दिए गए हैं। अफगानिस्तान में पेट्रोल 85.74 रुपये लीटर है। मालदीव में पेट्रोल का रेट 77.13 रुपये प्रति लीटर है। भूटान में 67.58 रुपये और बांग्लादेश में 94.40 रुपये लीटर। चीन में एक लीटर पेट्रोल की कीमत है 96.89 रुपये। नेपाल में पेट्रोल की औसत की कीमत भारत से अब अधिक हो गई है।

गांवों-शहरों में गैप घटा, कुल खर्च में खाने-पीने का हिस्सा कम हुआ

नई दिल्ली, एजेंसी। पिछले 11 वर्षों में खाने-पीने से लेकर तमाम तरह की चीजों और सेवाओं पर प्रति व्यक्ति औसत मासिक खर्च ढाई गुना तक बढ़ गया है। इस दौरान जहां कुल खर्च में खाने-पीने की चीजों की हिस्सेदारी घटी है, वहीं यात्रा और दूसरी चीजों पर खर्च बढ़ा है। साथ ही, ग्रामीण और शहरी इलाकों के बीच खर्च में अंतर घट गया है। यह जानकारी सरकार के लेटेस्ट हाउसहोल्ड कंजम्पशन एक्सपेंडिचर सर्वे से मिली।

ताजा सर्वे के मुताबिक, 2022-23 में ग्रामीण इलाकों में ऐवरेज मंथली पर कैपिटा कंजम्पशन एक्सपेंडिचर 3773 रुपये और शहरी इलाकों में 6459 रुपये रहा। 2010-11 में ये आंकड़े 1430 रुपये और 2630 रुपये पर थे। इस तरह रूरल एरिया में खर्च 2.6 गुना और अर्बन एरिया में 2.5 गुना बढ़ गया। इसके साथ ही रूरल-अर्बन गैप घटा है। 2010-11 में शहरों में औसत एमपीसीई गांवों में खर्च से 84 प्रतिशत अधिक था। 2022-23 में फासला घटा और यह करीब 71 प्रतिशत ही

अधिक रह गया है। 2011-12 में ग्रामीण इलाकों में कुल मासिक खर्च में खाने-पीने की हिस्सेदारी 52.9 प्रतिशत थी। 2022-23 में यह 46.4 प्रतिशत पर आ गई। शहरों में भी आंकड़ा 42.6 प्रतिशत से घटकर 39.2 प्रतिशत पर आ गया। गांवों में खाने-पीने पर प्रति व्यक्ति एक महीने का खर्च 1750 रुपये और शहरों में 2530 रुपये रहा। फूड आइटम्स में सबसे ज्यादा खर्च बेवरेजेज और बाहर से खरीदे गए कुक्ड आइटम्स का दिख रहा है।

खाने-पीने से अलग की चीजों पर गांवों में प्रति व्यक्ति औसत मासिक खर्च 2023 रुपये रहा। कुल खर्च में इसकी हिस्सेदारी 54 प्रतिशत रही। शहरों में नॉन-फूड आइटम्स पर एमपीसीई 3929 रुपये रहा। कुल खर्च में इसका हिस्सा 61 प्रतिशत रहा। प्रति व्यक्ति मासिक खर्च के हिसाब से गांवों में जो सबसे निचले 5 प्रतिशत लोग हैं, वे 1373 रुपये महीने में गुजारा करते पाए गए। शहरों में इस तबके के लिए ऐवरेज एमपीसीई 2001 रुपये रहा। सबसे ऊपर के 5 प्रतिशत लोगों के लिए गांवों में ऐवरेज एमपीसीई 10501 रुपये रहा। उनके जैसे ही शहरी लोगों का प्रति व्यक्ति मासिक उपभोग खर्च 20824 रुपये रहा।

राज्यवार क्या है हाल

सबसे ज्यादा एमपीसीई सिक्किम में रहा। वहां ग्रामीण इलाकों के लिए यह 7731 रुपये और शहरी इलाकों में 12105 रुपये रहा। सबसे कम आंकड़ा छत्तीसगढ़ में 2466 रुपये और 4483 रुपये का रहा। दिल्ली के ग्रामीण इलाकों में प्रति व्यक्ति औसत मासिक उपभोग खर्च 6576 रुपये और शहरी इलाकों में 8217 रुपये रहा। यूपी में आंकड़ा 3191 रुपये और 5040 रुपये है। बिहार के रूरल एरिया में 3384 रुपये और अर्बन एरिया में 4768 रुपये का आंकड़ा है। महाराष्ट्र के गांवों में एमपीसीई 4010 रुपये और शहरों में 6657 रुपये है। 2022-23 के सर्वे के मुताबिक, रूरल एरिया में स्ज्ञ के लिए ऐवरेज एमपीसीई 3016 रुपये और शहरी इलाकों में 5414 रुपये है।

संक्षिप्त समाचार

विश्वनाथन आनंद

जीत के साथ विश्व टॉप 10 शतरंज खिलाड़ियों में वापसी

हेमबर्ग , जर्मनी, एजेंसी। भारत के महानतम शतरंज खिलाड़ी और पाँच बार के विश्व चैम्पियन विश्वनाथन आनंद नें 54 वर्ष की उम्र में एक बार फिर से अंतरराष्ट्रीय शतरंज में जोरदार वापसी की है ।आनंद नें छह माह बाद कल क्लासिकल मुक़ाबला खेला , आनंद नें जर्मन शतरंज लीग , बुंदसलीगा में ओएसजी बडेन बडेन से खेलते हुए एससी ओटिघ्हेम से

खेल रहे अजरबैजान के निजत अबासोव को पराजित किया , आनंद की यह जीत इसीलिए भी मायने रखती है क्यूंकी वह करीब छह माह से क्लासिकल शतरंज नहीं खेल रहे है जबकि अबासोव फीडे कैंडिडैट में जगह बनाने वाले दुनिया के 8 खिलाड़ियों में से एक है ।सफ़ेद मोहरो से खेल रहे आनंद नें इस मुक़ाबले में सिसिलियन ओपनिंग में शानदार एंडगेम दिखाया और 47 चालों में शानदार जीत दर्ज की ।इस जीत से आनंद विश्व शतरंज रैंकिंग में 2 स्थान के सुधार के साथ 2751.5 अंको से दसवें स्थान पर पहुँच गए है ।

रैना की टीम की जबरदस्त जीत

नईदिल्ली, एजेंसी। अंशुल कपूर और पवन नेगी के शानदार अर्धशतक के दम पर इंडियन वेटरन प्रीमियर लीग में सुरेश रैना की कप्तानी वाली वीवीआईपीए उत्तर प्रदेश ने जीत दर्ज की। रविवार को उत्तर प्रदेश ने नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्पलैक्स में खेले गए मैच में रेड कार्पेट दिल्ली ने जीत दर्ज की।

उप्र ने पहले की बल्लेबाजी

वीवीआईपी उत्तर प्रदेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में तीन विकेट खोकर 220 रन बनाए ।इसके जवाब में दिल्ली केवल 191 रन ही बना सकी ।अंशुल कपूर ने 38 गेंदों में 63 रन बनाए वहीं पवन नेगी ने 43 गेंदों में 69 रन की पारी खेली।

रैना का दिखा जादू

रैना की टीम पहले बल्लेबाजी करने उतरी। पहले तीन ओवर में ही उन्होंने 38 रन बना लिए थे ।भानू सेठ ने 11 गेंदों में 31 रन ठोक डाले। इसके बाद पवन नेगी और अंशुर कपूर ने अटैक शुरू किया।

इंग्लैंड ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी

इंग्लैंड	भारत
पहली पारी	पहली पारी
353	307
इंग्लैंड दूसरी	इंग्लैंड दूसरी
145	192/5

भारत 5 विकेट से जीता

चौथे दिन 5 विकेट से जीता रांची टेस्ट

भारत का सीरीज पर कब्जा

रोहित और गिल के अर्धशतक

रांची। टीम इंडिया ने रांची टेस्ट में इंग्लैंड को 5 विकेट से हरा दिया। सोमवार को चौथे दिन टीम ने 192 रन के टारगेट को 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया। इस जीत के साथ टीम इंडिया सीरीज में 3-1 से आगे है, यानी पांच मैचों की सीरीज भी अपने नाम कर ली है। ध्रुवजुरेल ने टॉम हार्टले की बॉल पर दो रन लेकर टीम इंडिया को जीत दिला दी। भारत की तरफ से कप्तान रोहित शर्मा (55) और शुभमन गिल (52*) ने दूसरी इनिंग में अर्धशतक लगाए। उनके अलावा ध्रुव जुरेल ने नाबाद 39 रन की पारी खेली। गिल और जुरेल के बीच नाबाद 72 रन की पार्टनरशिप हुई। इंग्लैंड की तरफ से शोएब बशीर ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए। टॉम हार्टले और जो रूट को 1-1 विकेट मिला। टीम इंडिया ने 40/0 के स्कोर से चौथे दिन अपनी दूसरी इनिंग आगे बढ़ाई। इससे पहले, इंग्लिश टीम तीसरे दिन के तीसरे सेशन में दूसरी पारी में 145 रन पर ऑलआउट हो गई। इंग्लैंड की पहली पारी के 46 रन की लीड के आधार पर भारत को 192 रन का टारगेट मिला। इंग्लैंड टीम पहली पारी में 353 और भारतीय टीम 307 रन पर ऑलआउट हुई।

जुरेल ने बनाया विनिंग रन

भारत ने इंग्लैंड को रांची टेस्ट में 5 विकेट से हरा दिया है ।इस जीत से भारतीय टीम ने 5 मैचों की सीरीज में 3-1 की बढ़त हासिल कर ली है। 192 रन के टारगेट का पीछा करते हुए सोमवार को चौथे दिन टीम इंडिया ने 40/0 के स्कोर से खेलना शुरू किया ।भारत के पांच विकेट 120 रन के स्कोर पर गिर गए थे ।इसके बाद शुभमन गिल और ध्रुव जुरेल ने 72 रन की पार्टनरशिप कर टीम को जीत दिला दी ।जुरेल ने भारत के लिए विनिंग रन बनाया ।भारतीय फैंस के लिए यह इस मुकाबले का सबसे यादगार मोमेंट रहा ।मैच में करीब चार दिन के खेल में और भी कई ऐसे मोमेंट गुजरे जो लंबे समय तक फैंस के जेहन में रहेंगे।

शुभमन गिल के टेस्ट करियर का छठा अर्धशतक

शुभमन गिल ने टेस्ट करियर का छठा अर्धशतक लगाया ।उन्होंने शोएब बशीर की गेंद पर छक्के के साथ अर्धशतक पूरा किया ।उन्होंने ध्रुव जुरेल के साथ 50 से ज्यादा रन की साझेदारी भी की।

12 साल से अपनी जमीन पर नहीं हारी टीम इंडिया, इंग्लैंड पर जीत की हैट्रिक

टीम इंडिया ने चौथे टेस्ट मैच में इंग्लैंड को 5 विकेट से हराकर 5 मैचों की सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त ले ली है। यानी कि एक मैच बाकी रहते ही सीरीज पर कब्जा कर लिया है। यह घरेलू मैदानों पर भारत की पिछले 12 साल में लगातार 17वीं सीरीज जीत है। घर में लगातार सबसे ज्यादा सीरीज जीतने का रिकॉर्ड पहले से भारतीय टीम के नाम है। ऑस्ट्रेलिया अपने घर में लगातार 10 सीरीज जीतकर दूसरे नंबर पर है। भारत को आखिरी बार होम कंडीशन्स में किसी टेस्ट सीरीज में हार का सामना 2012 में करना पड़ा था। तब इंग्लैंड ने भारत को भारत में 2-1 से हराया था। उसके बाद से टीम इंडिया अपने घर में कोई भी सीरीज नहीं हारी है और लगातार 17 बार प्रतिद्वंद्वी टीम को ढेर किया है।

इंग्लैंड के खिलाफ घर में लगातार तीसरी सीरीज जीत

भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ घर में लगातार तीसरी सीरीज जीत हासिल की है। 2012 के बाद भारत ने इंग्लैंड को 2016-17 में 3-0 से, 2020-21 में 3-1 से हराया था और अब इस सीरीज में 3-1 की बढ़त ले ली है।

इंग्लैंड के खिलाफ 34वीं टेस्ट जीत

रांची में मिली जीत टेस्ट क्रिकेट में भारत की इंग्लैंड के खिलाफ अब तक 135 टेस्ट मैचों में 34वीं जीत है ।भारत ने इस फॉर्मेट में सबसे ज्यादा बार इंग्लैंड को ही हराया है। हालांकि, भारत को अंग्रेजों के खिलाफ 51 टेस्ट मैचों में हार भी मिली है ।यह किसी भी टीम के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में भारत की सबसे ज्यादा हार है ।दोनों टीमों के बीच 50 टेस्ट मैच ड्रॉ रहे हैं ।इंग्लैंड के बाद भारत ने ऑस्ट्रेलिया को सबसे ज्यादा 32 बार हराया है ।ये 32 जीत 107 टेस्ट मैचों में मिली है।

घर में लगातार सबसे ज्यादा सीरीज जीत

टीम	सीरीज जीत	कब से	कब तक
भारत	16	फरवरी 2013	अब तक
ऑस्ट्रेलिया	10	नवंबर 1994	नवंबर 2000
ऑस्ट्रेलिया	10	जुलाई 2004	नवंबर 2008
वेस्टइंडीज	8	मार्च 1976	फरवरी 1986

विदेश में भी सबसे ज्यादा सीरीज जीतीं

पिछले 12 साल में टीम इंडिया का विदेश में भी प्रदर्शन शानदार रहा है ।टीम ने घर से बाहर सबसे ज्यादा सीरीज जीती हैं ।भारतीय टीम ने 1 जनवरी 2013 के बाद से घर से बाहर 19 सीरीज खेली हैं, इनमें 8 में जीत हासिल की है, जबकि 8 में टीम को पराजय का सामना करना पड़ा है ।3 सीरीज ड्रॉ रही हैं। घर से बाहर सबसे ज्यादा सीरीज जीतने वाली टीमों की सूची में पाकिस्तान दूसरे नंबर पर है ।टीम ने 21 में से 7 सीरीज जीती हैं।

इनमें टीम को 177 में जीत मिली है; 178 में हार झेलनी पड़ी है, 1 मैच टाई रहा है और 222 ड्रॉ रहे हैं। भारतीय टीम के नाम टेस्ट क्रिकेट में अब भी जीत से ज्यादा हार हैं। अगर टीम इंडिया इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज का आखिरी टेस्ट मैच भी जीत लेती है तो यह अंतर खत्म हो जाएगा। टेस्ट क्रिकेट में अभी सिर्फ तीन टीमें ऐसी हैं, जिनके नाम हार से ज्यादा जीत हैं। इनमें ऑस्ट्रेलिया (412 जीत, 232 हार), इंग्लैंड (392 जीत और 322 हार) और पाकिस्तान (148 जीत और 142 हार) शामिल हैं।

घर में लगातार 17 टेस्ट सीरीज से अजेय भारत

Vs	मैच	रिजल्ट	स्कोर	ड्रॉ
इंग्लैंड (2024)	5	जीते	3-1*	0
ऑस्ट्रेलिया (2023)	4	जीते	2-1*	1
श्रीलंका (2021/22)	2	जीते	2-0	0
न्यूजीलैंड (2021/22)	2	जीते	1-0	1
इंग्लैंड (2020/21)	4	जीते	3-1	0
बांग्लादेश (2019/20)	2	जीते	2-0	0
सा. अफ्रीका (2019/20)	3	जीते	3-0	0
वेस्टइंडीज (2018/19)	2	जीते	2-0	0
अफगानिस्तान (2018)	1	जीते	1-0	0
श्रीलंका (2017/18)	3	जीते	1-0	2
ऑस्ट्रेलिया (2016/17)	4	जीते	2-1	1
बांग्लादेश (2016/17)	1	जीते	1-0	0
इंग्लैंड (2016/17)	5	जीते	4-0	1
न्यूजीलैंड (2016/17)	3	जीते	3-0	0
सा. अफ्रीका (2015/16)	4	जीते	3-0	1
वेस्टइंडीज (2013/14)	2	जीते	2-0	0
ऑस्ट्रेलिया (2012/13)	4	जीते	4-0	0
इंग्लैंड (2012)	4	जीते	1-2	1

* सीरीज जारी है। - सीरीज के मैच ड्रॉ रहे।

माइकल वॉन ने डीआरएस विवाद को

खत्म करने के लिए बताया अनोखा तरीका

कहा- फैंस नहीं करते विश्वास

लंदन, एजेंसी। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने डीआरएस विवाद को खत्म करने का अजीबो-गरीब तरीका बताया है। उनका कहना है कि जिस रूम से डीआरएस के फैसले लिए जाते हैं वहां

पर कैमरा और माइक्रोफोन चिपका दिए जाएं ताकि जब फैसला हो रहा हो तो सबको पता चल सके कि उस रूम में क्या हो रहा है। वॉन ने यह बात भारत और इंग्लैंड के बीच जारी टेस्ट सीरीज में हो रही डीआरएस कॉन्ट्रोवर्सी के बीच कही। इस टेस्ट सीरीज में कई फैसले अंपायर्स कॉल पर रहे हैं जो भारत और इंग्लैंड दोनों ही टीमों के लिए काल बना है। इसके अलावा कई फैसले ऐसे थे जिसे देखने के बाद इंग्लैंड के पूर्व कप्तान खुश नहीं थे।

राजकोट टेस्ट में जैक क्रॉली के विकेट पर विवाद हुआ था, वहीं रांची में जारी चौथे टेस्ट में जो रूट के डिसमिसल पर इंग्लैंड का रोना जारी है। इंग्लैंड की दूसरी पारी में जो रूट का शिकार आर अश्विन ने किया। राउंड द विकेट गेंदबाजी करते हुए अश्विन ने रूट को अपने जाल में फंसाया था. मैदान पर मौजूद अंपायर ने तो रूट को आउट नहीं दिया, मगर भारत ने उनके फैसले को चैलेंज देते हुए डीआरएस का इस्तेमाल किया। थर्ड अंपायर ने पाया कि गेंद कि पिच, इंपैक्ट और विकेट तीनों पर रेड हैं तो उन्होंने रूट को आउट करार दिया। हालांकि इंग्लिश क्रिकेट पंडित और फैंस ने बॉल ट्रैकिंग पर सवाल उठाए कि जब गेंद पिच हो रही थी तो वह लाइन के बाहर थी। रूट ने भी उस समय सवाल नहीं उठाए, मगर वह ड्रेसिंग रूम में पहुंचने के बाद जरूर इसे रिचैक कर रहे थे। वॉन ने एक्स पर इस फैसले को हैरान कर देने वाला बताया था हालांकि कुछ देर बाद ही उन्होंने अपना यह पोस्ट डिलीट कर दिया।

प्रमोद भगत ने स्वर्ण जीता; लिन डैन के 5 खिताबों के रिकॉर्ड की बराबरी की

नई दिल्ली, एजेंसी। पैरा-बैडमिंटन के सबसे लंबे फाइनल में, टोक्यो पैरालंपिक खेलों के स्वर्ण पदक विजेता प्रमोद भगत ने एसएल3 श्रेणी में इंग्लैंड के डैनियल बेथेल को हराकर थाईलैंड में एनएसडीएफ रॉयल बीच क्लिफ बीडब्ल्यूएफ पैरा-बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियनशिप 2024 में अपना स्वर्ण बरकरार रखा ।इस जीत से पद्मश्री पुरस्कार विजेता भगत ने कई रिकॉर्ड तोड़ दिए।

इसने न केवल उन्हें बीडब्ल्यूएफ पैरा-बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप में लगातार तीन स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले पैरा-एथलीट बनाया, बल्कि विश्व चैंपियनशिप में चीन के महान लिन डैन के पांच खिताबों के रिकॉर्ड की बराबरी भी की। उन्होंने 2009, 2015, 2019, 2022 और 2024 में स्वर्ण पदक जीता है ।इन तीन पदकों से उनकी संख्या 14 हो गई है जिसमें सभी श्रेणियों में छह स्वर्ण, तीन रजत और पांच कांस्य पदक शामिल हैं।

सुरेश रैना ने की ध्रुव जुरेल की तारीफ

बोले- वह अद्भुत है, मैं उसके साथ खेला हूं

रांची, एजेंसी। रांची टेस्ट मैच की पहली पारी में भारत के लिए शानदार बल्लेबाजी करते हुए 90 रन बनाने वाले ध्रुव जुरेल की हर कोई तारीफ कर रहा है। ध्रुव जुरेल ने उस समय पर टीम के लिए रन बनाए, जब टीम मुश्किल में थी। पिछले टेस्ट मैच में उन्होंने डेब्यू किया था और वहां तेज गति से रन बनाए थे, लेकिन यहां उन्होंने परिस्थितियों के हिसाब से खेला और 90 रन बनाने में सफल हुए। इसी को लेकर पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना ने उनकी तारीफ की है। रैना ने रोहित शर्मा को लेकर भी कहा है कि ध्रुव जुरेल को मौका देने के लिए उनकी सराहना भी होनी चाहिए। बाएं हाथ के बल्लेबाज सुरेश रैना ने बात करते हुए कहा, जुरेल अद्भुत रहा है। मैंने यूपी के लिए उनके साथ कुछ मैच खेले हैं, उन्हें टीम का हिस्सा बनाने का श्रेय रोहित शर्मा को भी जाता है। उनकी विकेटकीपिंग से भी मैं बहुत प्रभावित हूं। एक आर्मी परिवार से आने के कारण उनका

रवैया निडर है। जुरेल को जब भी मौका मिलता था, वे बड़े शॉट खेलते थे और जब आखिर में वे अकेले बचे तो उन्होंने तेज गति से कुछ रन बनाए, लेकिन टॉम हार्टली की एक खतरनाक नीची रहती हुई गेंद पर वे क्लीन बोल्ड हो गए, अन्यथा उनका शतक बन सकता था। ध्रुव जुरेल की बात करें तो उनको बल्लेबाजी के उद्देश्य से ही टीम में शामिल किया गया था, क्योंकि पहले दो मैचों में केएस भरत खेले थे। उन्होंने विकेटकीपिंग तो अच्छी की, लेकिन बल्लेबाजी में उन्होंने कोई योगदान नहीं दिया था। ऐसे में मैनेजमेंट उनसे आगे बढ़ा और ध्रुव जुरेल को मौका दिया गया। ध्रुव जुरेल की कीपिंग कभी-कभी वर्क इन प्रोग्रेस नजर आई, लेकिन बल्ले से उन्होंने काफी प्रभाव छोड़ा। हालांकि, कुछ मौकों पर उन्होंने विकेटकीपिंग की स्किल्स दिखाई और टीम इंडिया को विकेट दिलाए। एक रन आउट भी उन्होंने शानदार अंदाज में किया।

नुसरत जहां ने

संदेशखाली विवाद पर दी प्रतिक्रिया

अभिनेत्री नुसरत जहां पर समय-समय पर कई आरोप लगते रहे हैं। हाल ही में, संदेशखाली जो विवाद हुए उसके बाद से नुसरत जहां को लगातार आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है। मशहूर अभिनेत्री और तृणमूल कांग्रेस सांसद नुसरत जहां इन दिनों सुर्खियों में बनी हुई हैं। उन्हें लगातार पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में जारी हंगामें लिए जिम्मेवार ठहराया जा रहा है। अभिनेत्री ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से संदेशखाली विवाद पर एक लंबा चौड़ा बयान साझा किया है। आइए जानते हैं नुसरत जहां ने क्या कहा-

यह आरोप दिल दहला देने वाला है..

अभिनेत्री नुसरत जहां पर समय-समय पर कई आरोप लगते रहे हैं। हाल ही में, संदेशखाली जो विवाद हुए उसके बाद से नुसरत जहां को लगातार आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है। अभिनेत्री आज अपने सोशल मीडिया हैंडल से एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा है, मैंने एक स्त्री और जन प्रतिनिधि होने के नाते हमेशा अपनी पार्टी के दिशानिर्देशों का पालन किया और लोगों की सेवा की है। मेरे लिए यह सब सुनना बेहद कष्टप्रद है। संदेशखाली में जो भी हुआ वह मेरे लिए काफी दुखद है।

ग्रामीण हैं नुसरत से निराश

संदेशखाली के ग्रामीणों में नुसरत के प्रति काफी क्रोध और निराशा है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो नुसरत ने पिछले पांच साल से संदेशखाली का दौरा नहीं किया है। वहीं, संदेशखाली की एक महिला ने कहा है कि, हमारे गांव में कोई सिनेमाहॉल नहीं है फिर भी हम 40 किलोमीटर चलकर नुसरत की फिल्में देखने जाते हैं, लेकिन वे एक बार भी हमारे गांव में नहीं आई हैं।

क्या है संदेशखाली विवाद

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो पश्चिम बंगाल के संदेशखली के ग्रामीणों की जमीने हड़पी जा रही हैं। साथ ही साथ संदेशखली की महिलाओं के साथ यौन शोषण की भी खबरें सामने आ रही हैं।

'खेसारी तुमसे प्यार करता है'

काजल राघवानी संग खेसारी लाल ने रिश्ते पर लगाई मुहर?

भोजपुरी के ट्रेंडिंग स्टार खेसारी लाल यादव और एक्ट्रेस काजल राघवानी अपने रिश्ते को लेकर अक्सर चर्चा में रहे हैं। दोनों का विवाद और रिलेशन जगजाहिर है। विवादों के दौरान एक्टर ने उन पर धोखा देने का आरोप लगाया था। साथ ही एक्ट्रेस की ओर से शादी की बात कही गई थी कि वो किस तरह के धोखे की बात कर रहे हैं।

क्या वो उनसे शादी करेंगे? इस विवाद के बाद दोनों में बातचीत खत्म हो गई थी। लेकिन, कुछ समय के बाद ही इनकी फिर से दोस्ती हो गई। ऐसे में हाल ही में दोनों स्टार्स बलिया में एक स्टेज शो करने के लिए पहुंचे और इस बीच उनके बीच रोमांटिक केमिस्ट्री देखने के लिए मिली। वो रिश्ते को लेकर भी बात करते हुए नजर आए।

सोशल मीडिया पर खेसारी लाल यादव और काजल राघवानी का वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें देखने के लिए मिल रहा है कि काजल कहती हैं, 'प्यार को कभी भुला नहीं जा सकता है। किसी ने मुझसे कहा था कि मोहब्बत होती तो भुला देता।' इस लाइन को पूरा करते हुए भोजपुरी स्टार कहते हैं, 'लेकिन क्या करें इबादत बन गई हो।' दोनों इस दौरान काफी मस्ती मजाक करते हुए नजर आए हैं। वीडियो में एक्ट्रेस ये भी कहती हैं कि वो चार साल के बाद खेसारी के साथ किसी इवेंट में नजर आई हैं। वहीं, खेसारी भी कहते हैं, 'मुझे लगता है मैं और काजल राघवानी 4 साल के बाद स्टेज पर मिले हैं। वैसे काम के सिलसिले में मुंबई में मिलते रहते हैं। हमारा 4 साल बाद मिलन हुआ है।'

रिश्ते पर खेसारी लाल ने लगाई मुहर

खेसारी, काजल के साथ अपने रिश्ते को लेकर कहते हैं, 'जो आया उसे एक दिन जाना है। कुछ लोग समय से पहले चले जाते हैं। तुझे पता नहीं। लेकिन ये मुझे पता है कि ये खेसारी तुमसे प्यार करता है। तेरे आने का आज भी इंतजार करता है। लेकिन ये यादें हैं, जो कुछ पल के लिए हैं। इससे आगे भी जिंदगी है। हम एक-दूसरे को जानते हैं और आज अच्छे दोस्त हैं। दोनों एक-दूसरे के लिए कभी प्यार करते थे। आज हम एक अच्छे दोस्त हैं। जिंदगी में अगर किसी को एक रिश्ते से पहचानेंगे तो शायद वो रिश्ता खत्म हो जाएगा।

एक रिश्ते को अगर हजार रिश्तों के साथ तौल दीजिए शायद वो रिश्ता हमेशा मजबूत हो जाएगा तो इसलिए आज ये मेरी बहुत प्यार दोस्त हैं।' इसके बाद एक्टर काजल के लिए गाना भी गाते हैं, 'प्यार नइखे लिखल तकदीर में।'

बहरहाल, खेसारी और काजल को साथ में देख फैंस काफी एक्साइटेड हो गए हैं। दर्शकों को उनकी रोमांटिक केमिस्ट्री काफी पसंद है। ऐसे में वो एक बार फिर से दोनों को साथ में देखने के लिए उत्साहित हो गए हैं और उनके नए प्रोजेक्ट्स के ऐलान का इंतजार कर रहे हैं। देखना दिलचस्प होगा कि वो पर्दे पर फिर से कब लौटते हैं।



दिव्या अग्रवाल को वरुण सूद से ब्रेकअप के बाद किया गया था ट्रोल

बिग बॉस ओटीटी की विनर दिव्या अग्रवाल ने अपूर्व से शादी की। लेकिन इसके पहले वह वरुण सूद को डेट कर रही थीं। नेशनल टीवी पर एक्टर ने उन्हें प्रपोज भी किया था। मगर रिश्ता ज्यादा दिन नहीं चला। अब एक्ट्रेस ने उसके बाद हुई ट्रोलिंग का जिक्र किया। बताया कैसे अपूर्व ने साथ दिया और उनको सम्भाला था। एक्ट्रेस दिव्या अग्रवाल ने 20 फरवरी को अपूर्व पडगांवकर से शादी की थी। इस मौके पर उनके सिर्फ करीबी दोस्त और परिवार के लोग मौजूद थे। दिव्या और अपूर्वा ने अपनी शादी से कुछ दिन पहले एक्सक्लूसिव बात की थी और अपने रिश्ते, एक-दूसरे में देखे गए बदलाव, ट्रोल्स से निपटने के बारे में खुलकर बात की थी। दिव्या ने बताया कि कैसे उन्होंने अपने पिता के निधन के बाद मंदिर जाना बंद कर दिया था लेकिन अपूर्वा ने उनके जीवन में उस विश्वास वो वापस ला दिया। सालों में बहुत कुछ देखा है और इसीलिए हम एक-दूसरे को बेहतर समझ सकते हैं। जब से हम साथ आए तब से हमें अपने रिश्ते को लेकर कभी कोई संदेह नहीं हुआ। हमने कभी नहीं सोचा था कि अगर ब्रेकअप होगा तो क्या होगा। इस बार जब हम मिले तो हमें पूरा यकीन था कि बाहर जाने का कोई रास्ता नहीं है। ये रिश्ता है और अब हमें शादी करनी है।

जवान डायरेक्टर एटली को नहीं पसंद पैन इंडिया शब्द

तमिल फिल्म इंडस्ट्री के नामी डायरेक्टर एटली ने साल 2023 शाहरुख खान के साथ जवान लाकर तहलका मचा दिया था। वह अभी भी इस मूवी की सफलता का लुफ्त उठा रहे हैं। इसमें नयनतारा समेत सान्या मल्होत्रा, सुनील ग्रोवर, प्रियामणि जैसे पॉप्युलर एक्टर्स नजर आए थे। इस मूवी को लोगों का जबरदस्त रिस्पॉन्स भी मिला था। डायरेक्टर ने बताया, ऐसा नहीं कि साउथ के लोग हिंदी फिल्में नहीं देख रहे हैं। हमने शाहरुख सर की सभी फिल्में देखी हैं। सलमान सर की सभी फिल्में देखी हैं। ऋतिक सर की फिल्में देखी हैं। 3 इडियट्स साउथ में सबसे बड़ी हिट है। इसलिए, मुझे लगता है कि जो भी अच्छा कंटेंट आता है, हर कोई उसे देखता है और फिल्म बिरादरी से एक प्रोफेशनल व्यक्ति के नाते मुझे पैन इंडिया शब्द पसंद नहीं है।

सलमान खान चाहेंगे तो जरूर बनेगी इंशा अल्लाह

सलमान खान और संजय लीला भंसाली ने कई फिल्मों में साथ काम किया है। 'खामोशी', 'हम दिल दे चुके सनम', 'सांवरिया' जैसी फिल्मों को देख सभी दर्शक इस डायरेक्टर-एक्टर की जोड़ी को साथ देखना चाहते हैं। कुछ साल पहले 'इंशा अल्लाह' में साथ काम करने की बात उठी थी, अब इस मूवी को लेकर संजय लीला भंसाली ने बहुत बड़ा हिंट दे दिया है।दरअसल, संजय लीला भंसाली तो 'पद्मावत' के बाद ही सलमान खान के साथ काम करना चाहते थे, लेकिन किसी वजह से बात नहीं बनी। संजय ने ये बात एक इंटरव्यू में कही है। ये इंटरव्यू अब सोशल मीडीया पर खूब शेयर किया जा रहा है। इस वीडियो में संजय लीला भंसाली कहते दिख रहे हैं कि सलमान खान और वो बहुत अच्छे दोस्त हैं। वो 'पद्मावत' के बाद उनके साथ काम करने वाले थे, उन्होंने आगे हाथ भी बढ़ाया मगर बात नहीं बनी। अभी भी जब बात करेंगे तो दोस्तों की तरह ही बात करेंगे। वो आगे कहते हैं- ऐसा नहीं है कि हम एक दूसरे को पसंद नहीं करते, हम अजनबी हैं, हम बात नहीं करते। आज मैं जो भी हूं उसमें उनका बहुत बड़ा हाथ है, मैं इसके लिए उनका हमेशा आदर करूंगा। मगर अब बॉल उनके कोर्ट में है और वो चाहें तो हम साथ काम कर सकते हैं। अगर भगवान चाहेंगे तो 'इंशा अल्लाह होना होगा तो होगा।

43 साल की श्वेता उम्र को दे रहीं गजब का मात

टीवी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी एक बार फिर अपने फैंस को अपनी अदाओं से पागल कर रही हैं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर अपनी दिलकश तस्वीरें पोस्ट की हैं। श्वेता तिवारी परिवार के साथ गोवा में वेकेशन एन्जॉय कर रही हैं और उनकी हालिया तस्वीरें इसका सबूत हैं। श्वेता तिवारी अपने सुपर-टोन्ड पैर दिखा रही हैं और वो अपनी छुट्टियों में सुनहरे पल बिता रही हैं। उनकी नई फोटोज इस बात का सबूत हैं कि वह अपने जिंदगी को इस समय खुलकर जी रही हैं। अपनी छुट्टियों पर बेहद खूबसूरत लग रही हैं और ये तस्वीरें फैंस को और अधिक लुभा रही हैं। इन फोटोज में श्वेता बेहद खूबसूरत लग रही हैं और उनकी खूबसूरती से नजरें हटाना मुश्किल है।

श्वेता तिवारी की दिल जलाने वाली फोटोज

क्या आपको भी श्वेता की ये फोटोज मदमस्त करने वाली लग रही हैं? क्योंकि नेटिज़न्स और उनके फैंस उन्हें देखकर आहें भर रहे हैं। सभी की निगाहें श्वेता तिवारी पर हैं क्योंकि वह इस फ्रेम में बेहद खूबसूरत लग रही हैं। श्वेता अपने बेटे और अपने परिवार के साथ छुट्टियां मना रही हैं और उन्होंने अपनी छुट्टियों के दौरान जिस तरह से कपड़े पहने हैं, वो उनकी उम्र को ढक रहे हैं।

श्वेता तिवारी की दो शादियां

बता दें कि, श्वेता तिवारी ने 1998 में एक्टर राजा चौधरी से शादी की जब वह सिर्फ 18 साल की थीं। एक्ट्रेस ने दो साल बाद अपने पहले बच्चे पलक का स्वागत किया। शादी खुशहाल नहीं थी। श्वेता ने अपने पति पर शराब पीने और घरेलू हिंसा का आरोप लगाया था। साल 2007 में उनका तलाक हो गया। श्वेता को अभिनव कोहली में प्यार मिला। बिग बॉस 4 जीतने के दो साल बाद श्वेता ने उनसे शादी कर ली। कपल ने 2016 में अपने पहले बच्चे का एक साथ स्वागत किया। हालांकि, इसके ठीक बाद, उनके बीच भी कलह हुआ, दोनों का तलाक हो गया।

मराठी अभिनेत्री तितीक्षा तावड़े ने दृश्यम 2 के इस अभिनेता से की सगाई

मराठी टीवी अभिनेत्री तितीक्षा तावड़े किसी पहचान की मुहताज नहीं हैं। अभिनेत्री इन दिनों सातव्य मुलिची सातवी मुलगी सीरियल में नजर आ रही हैं। इसी बीच तितीक्षा ने अपने फैंस के साथ बड़ी खुशखबरी साझा की है। छोटे पर्दे की चर्चित अभिनेत्री ने अपने लॉन्ग टर्म बॉयफ्रेंड और अभिनेता सिद्धार्थ बोडके से सगाई कर ली है। कपल ने सोशल मीडिया पर सगाई की मनमोहक तस्वीरें साझा की हैं, जिन पर फैंस और सितारे दिल खोलकर प्यार लुटा रहे हैं।

सगाई की तस्वीरों को साझा करते हुए तितीक्षा तावड़े और सिद्धार्थ बोडके ने कैप्शन में लिखा, हमेशा के लिए अपने सबसे अच्छे दोस्त के साथ। तस्वीरों में तितिक्षा और सिद्धार्थ अपने स्टाइलिश सगाई आउटफिट में एक साथ कमाल दिख रहे हैं। तितीक्षा लैवेंडर साड़ी में बहुत खूबसूरत लग रही हैं। अभिनेत्री ने मिनिमल जूलरी के साथ अपने लुक को पूरा किया। साथ ही न्यूड मेकअप में इसे क्लासी टच देती नजर आईं।

दृष्टि धामी ने पोस्ट किया ट्रांसफॉर्मेशन वीडियो

एक्ट्रेस दृष्टि धामी ने अपना एक शानदार ट्रांसफॉर्मेशन वीडियो जारी किया है, जिसमें वह सिंपल कैजुअल से लेकर बेहद ग्लैमरस लुक में नजर आ रही हैं। प्रशंसक उनकी सुंदरता की जमकर तारीफ कर रहे हैं।

अभिनेत्री ने, जो गीत-हुई सबसे पराई और दिल मिल गए जैसे शो में अपनी भूमिका के लिए जानी जाती हैं, रविवार को इंस्टाग्राम पर अपने 31 लाख फॉलोअर्स के लिए एक रील वीडियो साझा किया, जिसमें उनका खूबसूरत लुक ट्रांसफॉर्मेशन दिख रहा है। पहले दृश्य में दृष्टि ने सफेद और नीले रंग का धारीदार टैंक टॉप पहन रखा है, जिसमें कोई मेकअप नहीं है। वह शैगी के बूमबैस्टिक गाने पर होंठ हिलाती दिख रही हैं। इसके बाद वीडियो में उनका ट्रांसफॉर्मेशन दिखाया गया है, जिसमें वह अपना हॉट ग्लैमरस लुक दिखाती नजर आ रही हैं। 39 वर्षीया एक्ट्रेस ने गहरे नेकलाइन के साथ पूरी तरह से काले रंग की पोशाक पहनी हुई है।

न्यूड पिंक लिपस्टिक, आँखों में काजल, ब्लश और हाइलाइट किए हुए गाल और आर्क्ड आईब्रो उनके मेकअप हैं। उन्होंने अपने बालों को साफ-सुथरे जूड़े में बांध रखा है। एक्सेसरीज़ के लिए उन्होंने सोने की चूड़ियाँ, मैचिंग चोकर नेकलेस और झुमके चुने। उनके वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए यूजरों ने सुंदर, सेक्सी जैसी टिप्पणियां लिखीं।

एक फैन ने कहा कि प्लीज टीवी शो करो बड़े दिन हो गए। एक अन्य प्रशंसक ने लिखा- मधुबाला। काम के मोर्चे पर, दृष्टि ने आखिरी बार 2023 की वेब सीरीज दुरंगा में अभिनय किया था। उन्होंने गुलशन देवैया-स्टारर शो में इरा जयकर पटेल का किरदार निभाया था।

रकुल को मिला प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद

बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी को राम नगरी अयोध्या से प्रसादम के रूप में आया रामलला का आशीर्वाद मिला तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

कपल ने 21 फरवरी को गोवा में रीति-रिवाजों के साथ शादी कर ली थी और उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुईं। रकुल प्रीत सिंह ने शादी के बाद हाल ही में अपनी पहली रसोई की तस्वीर शेयर की थी जिसमें उन्होंने ससुराल वालों के लिए हलवा तैयार किया था।

अब अपनी इंस्टा स्टोरी पर एक ताजा फोटो पोस्ट करते हुए एक्ट्रेस ने बताया है कि उन्हें अयोध्या के राम मंदिर से प्रभु श्रीराम का प्रसादम मिला है जो उनके लिए सौभाग्य की बात है।

मेरे अंदर क्या कमी थी

तलाक के बाद एक्स वाईफ किरण ने आमिर से पूछा सवाल

बॉलीवुड एक्टर आमिर खान और उनकी पूर्व पत्नी किरण राव इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म लापता लेडीज' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। दोनों अपनी इस फिल्म का जमकर प्रमोशन कर रहे हैं। अब हाल ही में आमिर खान ने किरण राव से तलाक पर खुलकर बात की।

आमिर ने बताया कि तलाक के बाद उन्होंने किरण से पूछा था कि उनमें क्या कमी थी? वह भविष्य में कैसे बेहतर कर सकते हैं। इस पर किरण राव ने उन्हें ऐसे-ऐसे पॉइंट्स गिनवा दिए थे, जिन्हें सुनकर आमिर शॉक्ड रह गए थे।

आमिर खान ने किरण राव से किया सवाल

आमिर खान ने हाल ही में 'एबीपी' के आइडियाज ऑफ इंडिया समिट में अपने तलाक पर खुलकर बात करते हुए कहा कि 'एक मज़ेदार चीज है। हम लोगों का तलाक अभी हुआ है आप लोगों को पता ही होगा। एक दिन शाम को मैं बैठा हुआ था, मैंने बोला किरण एक पति के रूप में मुझमें क्या कमी थी? मैं अपने आप में क्या सुधार कर सकता हूं? अभी आगे चल रहा हूं लाइफ में।'

किरण राव ने गिनाई कमियां

आमिर खान ने आगे बताया कि जैसे ही मैंने पूछा किरण अपनी लिस्ट के साथ तैयार थीं। 'इसके बाद किरण ने कहा हां लिखो.. और बाकायदा मुझे पॉइंट्स लिखवाए गए। आप बहुत बात करते हैं।

आप किसी को बात नहीं करने देते। अपने ही पॉइंट पर अड़े रहते हैं और कुछ 15-20 प्वाइंट्स मैंने लिखे हैं।' बता दें कि आमिर खान ने साल 2005 में किरण राव के साथ दूसरी शादी की थी, दोनों का एक बेटा आजाद है। साल 2021 में दोनों अलग हो गए थे।

किरण राव के साथ काम करने पर क्या बोले थे आमिर

वहीं हाल ही में जब आमिर खान से सवाल किया गया कि वह तलाक के बाद भी किरण राव के साथ कैसे काम कर रहे हैं। इस पर एक्टर ने जवाब देते हुए कहा था कि 'ये कोई डॉक्टर ने कहा है कि अगर तलाक हो जाता है तो आप फौरन दुश्मन हो जाते हैं? मैं खुद को खुशकिस्मत समझते हैं कि किरण राव मेरी जिंदगी में आईं और उनके साथ सफर काफी शानदार रहा।' वहीं किरण ने कहा था कि न्हें एक-दूसरे के साथ काम करने में मजा आता है।